राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रोहित शर्मा आईपीएल 2024 में फिर ...

30 एकड़ भूखंड का किराया सिर्फ 600 रूपये... 12

वर्ष : 11 | अंक : 221 | पटना, रविवार, 24 दिसंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 23°C
न्यूनतम तापमान 13°C

बाजार

सोना 64,560

चांदी 75,790

सेंसेक्स 71,106

निफ्टी 21,249

गणतंत्र दिवस समारोह में भारत-फ्रांस लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाएंगे : पीएम मोदी

- राष्ट्रपति मैक्रों गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छठे फ्रांसीसी नेता होंगे

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों इस साल 26 जनवरी को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि इस महान अवसर भारत-फ्रांस लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतीक्षारत इन पलों के लिए करीब नौ घंटे पहले एक्स हैंडल पर अपनी उत्सुकता और खुशी साझा की है। उन्होंने लिखा है- मैं अपने मित्र फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। इस दिन भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास का जश्न भी मनाएंगे। इससे कुछ घंटे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने एक्स हैंडल पर आमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने लिखा- मित्र नरेन्द्र मोदी निमंत्रण के लिए धन्यवाद। मैं भारत के गणतंत्र दिवस समारोह पर जश्न मनाने के लिए समारोह में आपके साथ रहूंगा। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, रणनीतिक साझेदार के रूप में भारत और फ्रांस कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उच्च स्तर की समानता साझा करते हैं। इस वर्ष भारत-फ्रांस अपनी रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ (सिल्वर जुबली) मना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 14 जुलाई को पेरिस में आयोजित बैस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि थे। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 8 और 9 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत के दौरे पर आए थे। खास बात यह है कि भारत अपने गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए हर साल वैश्विक नेताओं को आमंत्रित करता है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर 2021 और 2022 में इस समारोह में किसी को भी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित नहीं किया गया। राष्ट्रपति मैक्रों गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छठे फ्रांसीसी नेता होंगे। वर्ष 2023 के गणतंत्र दिवस समारोह में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी मुख्य अतिथि थे। वर्ष 2020 में ब्राजील के तत्कालीन राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

पीएम ने एक करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान एक करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की उपलब्धि की शनिवार को सराहना की और कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य योजनाओं के लाभ को सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचाना है। श्री मोदी ने इस विषय में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा सोसल मीडिया मंच एक्स पर दी गयी सूचना के साथ अपने पोस्ट में कहा, बहुत ही उत्साहित करने वाली जानकारी ! विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भी तो यही है कि देशभर के मेरे सभी गरीब भाई-बहनों तक हमारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। श्री मांडविया ने लिखा, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से बने एक करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड।

संक्षिप्त खबरें

विकास का कार्य अनवरत चलता रहेगा : आर के सिंह

आरा। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा लोकसभा सांसद आर के सिंह शनिवार को चरपोखरी प्रखंड के विभिन्न गांवो का दौरा किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री द्वारा कनई मे सामुदायिक भवन, भैरोडीह मे छठ घाट,बराढ़ इंग्लिश मे पीसीसी सड़क और बजेन मे यात्री शेड का शिलान्यास किया गया। सभी योजनाएँ सीएसआर फंड से पावरग्रिड द्वारा किया जाएगा। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास का कार्य अनवरत चलता रहेगा। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और मजबूत होगा। कही से कोई कोताही नही बरता जाएगा। केन्द्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीण जनता द्वारा समस्याओं से अवगत कराया गया, जिसका समाधान करने के साथ अन्य जरूरी योजनाओं को भी पूरा करने की बात कहा गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चरपोखरी मंडल अध्यक्ष विक्की सिंह ने किया। कार्यक्रम मे ई.धीरेन्द्र सिंह,शंभु चौरसिया, उदय प्रताप सिंह वंदना राजवंशी,सतीश भट्ट,राकेश सिंह,अखिलानंद ओझा, संजय कुमार सिंह,विभु जैन,विनय सिंह,कुंदन सिंह तोमर,रामानुज सिंह,अशोक सिंह,अरविंद सिंह,अनील सिंह,यशंवत नारायण सहित सैकडो.कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस में बड़ा फेरबदल : मोहन प्रकाश को बिहार की कमान

प्रियंका की जगह अविनाश पांडेय बने यूपी के प्रभारी

प्रात : किरण

नई दिल्ली / एजेंसी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल हुआ है। कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा को यूपी कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी पद से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह अविनाश पांडेय को ये जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, मोहन प्रकाश को बिहार का प्रभारी बनाया गया है। मोहन प्रकाश को भक्त चरण दास की जगह नियुक्त किया गया है। रिपोर्टस के मुताबिक सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का जिम्मा सौंपा गया है। पायलट को कुमारी सैलजा की जगह नियुक्त किया गया है। कांग्रेस द्वारा जारी की गई प्रभारियों की लिस्ट के मुताबिक रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया। दीपक बाबरिया को दिल्ली, वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक को गुजरात का प्रभारी नियुक्त किया गया है और रणदीप सिंह सुरजेवाला को कर्नाटक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजीव शुक्ला को हिमाचल प्रदेश व छत्तीसगढ़, सुखबिंदर सिंह रंधावा को राजस्थान, देवेन्द्र यादव को पंजाब, माणिक राव ठाकरे को गोवा व दीव दमन एण्ड नगर हवेली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। दीपा दास मुंशी को केरल की कमान दी गई है। कुमारी शैलजा को उत्तराखंड, जीए मीर को झारखंड और जयराम रमेश को कम्युनिकेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुखजिंदर सिंह रंधावा को राजस्थान और देवेंद्र यादव को पंजाब का जिम्मा सौंपा गया है।

एआईसीसी के कोषाध्यक्ष बने रहेंगे अजय माकन : वरिष्ठ नेता जयराम रमेश को कम्युनिकेशन इनचार्ज के लिए महासचिव नियुक्त किया गया है, जबकि अजय माकन ऑल इंडिया कांग्रेस समेटी के कोषाध्यक्ष बने रहेंगे। मिलिंद देवड़ा व विजय इंदर सिंह को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई है। गुरदीप सिंह सप्पल को एडमिनिस्ट्रेशन की जिम्मेवारी दी गई है। पार्टी ने 12 महासचिवों के साथ-साथ 11 राज्य प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल प्रभाव से सभी लोगों को संगठनात्मक पद सौंप दिए हैं। संगठनात्मक पुनर्गठन के साथ-साथ कांग्रेस अपने आधार को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कई कदम उठाने की योजना भी बना रही है। गौरतलब है कि हाल ही में हुए पांच विधानसभा चुनावों में से चार में चुनावी हार के बाद पार्टी में फेरबदल को मई 2024 से पहले होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले पार्टी के पुनरुद्धार के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। बिहार कांग्रेस ने मोहन प्रकाश को दी बधाई : मोहन प्रकाश को बिहार कांग्रेस कमेटी का प्रभारी बनाए जाने पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे साहब एवं सोनिया गांधी, राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश के नेता डॉक्टर विनोद शर्मा ने भी हार्दिक बधाई एवं

बोधगया बुद्धं शरणम गच्छामि से गुंजायमान हुआ महाबोधि मंदिर

विश्व शांति के लिए दलाई लामा सहित 33 देशों के विद्वानों ने की विशेष प्रार्थना

प्रात : किरण

बोधगया/एजेंसी। राज्य के बोधगया में महाबोधि मंदिर स्थित स्तूप के समीप शनिवार सुबह बोधि वृक्ष के नीचे विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इसमें तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा के साथ 33 देशों के बौद्ध धर्म के विद्वान और श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान दलाई लामा ने कहा कि बोधगया पावन भूमि है, जो विश्व के विशेष स्थलों में से एक है। यहां बुद्ध भूमि में आने पर हर किसी को शांति मिलती है। इस पावन भूमि में भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहां विश्व से लोग भगवान बुद्ध के दर्शन करने के लिए आते हैं। यहां सभी को शांति मिलती है। बोधगया विश्व की खास स्थली है। महाबोधि मंदिर में विश्व शांति की कामना को लेकर हुए विशेष प्रार्थना में बुद्धं शरणम गच्छामि से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। विश्व शांति की प्रार्थना बौद्ध विद्वानों एवं श्रद्धालुओं ने अपने-अपने देश की भाषाओं में की। भारतीय भाषा के साथ विश्व शांति की कामना की प्रार्थना शुरू हुई। इसके बाद श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, कंबोडिया, ताइवान, कोरिया, वियतनाम, तिब्बत जापान आदि देशों की भाषाओं में विश्व शांति की प्रार्थना की गई। तकरीबन पांच मिनट अलग-अलग देश की भाषाओं में विश्व शांति की कामना को लेकर विशेष प्रार्थना हुई। उल्लेखनीय है कि तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा 15 दिसंबर को बोधगया पहुंचे थे। वे बोधगया स्थित तिब्बत मंदिर में प्रवास पर हैं। दलाई लामा बोधगया में 26 दिनों के प्रवास पर आये हुए हैं। इस दौरान तिब्बती मंदिर से लेकर महाबोधि मंदिर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि बोधिवृक्ष के नीचे हजारो साल पहले भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। इसके बाद उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा, मैत्री एवं भाईचारे का संदेश दिया था तब से बोधगया की इस भूमि को भगवान बुद्ध की पावन ज्ञान भूमि कहा जाता है। बोधगया में 20 दिसंबर से इंटरनेशनल संघा फोरम के द्वारा बुद्धिज्म को लेकर एक सेमिनार चल रहा था, जिसमें विभिन्न देशों के हजारों बौद्ध भिक्षु और श्रद्धालु भाग ले रहे थे। आज महाबोधि मंदिर परिसर में विशेष प्रार्थना के साथ उक्त सेमिनार का समापन किया गया, जिसके तहत बोधिवृक्ष के नीचे परम पावन दलाईलामा के नेतृत्व में बौद्ध भिक्षुओं ने विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। इस कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। दलाईलामा जितनी देर तक महाबोधि मंदिर में रहे, उतनी देर तक मंदिर में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी।

चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर अलग-अलग स्थानों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, किसानों के कल्याण के लिये जीवनपर्यंत समर्पित रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। इस मौके पर संविधान भवन में कई नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प भेंटकर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश के नेतृत्व में सांसदों ने आज दिवंगत प्रधानमंत्री की जयंती के अवसर पर संविधान भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामला : तेजस्वी यादव को ईडी ने फिर जारी किया समन

प्रात : किरण

नई दिल्ली / एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को नया समन जारी किया और उनसे पांच जनवरी को पेश होने को कहा। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी विदेश यात्रा करने की मांग वाली याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। तेजस्वी यादव ने अदालत से अगले साल छह से 18 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा करने की अनुमति मांगी है। इससे पहले, ईडी ने तेजस्वी को 22 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे। तेजस्वी ने ईडी के नोटिस को नियमित प्रक्रिया बताया था। तेजस्वी के पिता और राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को इस मामले में 27 दिसंबर को दिल्ली में ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह कथित घोटाला उस समय का है जब लालू प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004 से 2009 तक, भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में समूह डी पदों पर कई व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और बदले में, इन व्यक्तियों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी ए के इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की थी। अक्तूबर में मिली थी जमानत :गौरतलब है, अक्तूबर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू यादव, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और राजद सांसद मीसा भारती को राहत मिली

बिहार सरकार

"राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस"

24 दिसम्बर, 2023

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

समाज का प्रत्येक व्यक्ति एक उपभोक्ता है और सरकार का यह दायित्व है कि उपभोक्ताओं को उसी गुणवत्ता के उत्पाद एवं सेवाएँ उपलब्ध हों, जिस गुणवत्ता का भरोसा विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं ने उपभोक्ताओं को दिया हो। उत्पादक एवं सेवा प्रदाता कभी–कभी उस गुणवत्ता की वस्तुएँ एवं सेवाएँ उपलब्ध नहीं कराते हैं जिसे वे विज्ञापित करते हैं। अतः उपभोक्ताओं के हितों एवं अधिकारों का समुचित संरक्षण नितांत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु राज्य स्तर पर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं जिला स्तर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गठित है।

उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण मात्र कानून से ही संभव नहीं है। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता की भी आवश्यकता है। मैं राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ता जागृति के महत्वपूर्ण कार्य में भागीदारी हेतु राज्य के बुद्धिजीवियों, स्वयं सेवी संगठनों तथा नागरिकों के सहयोग का आह्वान करता हूँ।

इस अवसर पर मैं सभी उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि सभी उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहेंगे।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 013528 (Food) D. 2023-24

बिहार सरकार

"राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस"

24 दिसम्बर, 2023

संदेश

आप सभी अवगत हैं कि आज के आर्थिक उदारीकरण एवं भूमंडलीकरण के दौर में उपभोक्ता सामग्रियों/वस्तुओं एवं अन्य उपयोगी सेवाओं की संख्या, मूल्य, गुणवत्ता, उपलब्धता आदि में व्यापक बदलाव एवं विविधता आयी है।

यह आवश्यक है कि उपभोक्ताओं द्वारा खरीदी गई सभी वस्तुओं एवं सेवाओं के सभी व्यापारों में शुद्धता, गुणवत्ता, सही माप–तौल एवं मूल्य व अधिकारों तथा सेवाभाव के मानकों का दृढ़ता से पालन किया जाए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु राज्य के प्रत्येक जिले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राज्य स्तर पर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गठित है, जहाँ उपभोक्ता विवादों का निस्तारण शीघ्र किया जाता है।

साथ ही उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन में पूरी सफलता के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो।

अतः राज्य के नागरिकों एवं नागरिक संगठनों से अपील है कि वे उपभोक्ता जागृति आन्दोलन के प्रसार में अपना अमूल्य योगदान दें।

'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' के अवसर पर राज्य के सभी उपभोक्ताओं को हार्दिक बधाई।

(लेशी सिंह)
मंत्री
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,
बिहार, पटना

PR No.- 013529 (Food)D. 2023-24

संक्षिप्त खबरें

एसडीपीओ सियाराम यादव ने स्कूली बच्चों को किया मार्गदर्शन

फतुहा। शनिवार को स्थानीय हाई स्कूल में एसडीपीओ सियाराम यादव पहुंचे। जहां एसडीपीओ सियाराम यादव ने स्कूली बच्चों से बातचीत किया। साथ ही बच्चे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं? एसडीपीओ सियाराम यादव ने भविष्य में आने वाले चुनौतियों पर बच्चों का मार्गदर्शन किया और कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना होगा तभी सफलता प्राप्त होगी। मौके पर प्राचार्य सुभाष चंद, बबीता गुप्ता, सदाकत हुसैन, ठाकुर दिनेश कुमार सिंह सहित कई शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

पेंशनर्स ब्रदरहुड वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

दानापुर,खगौल नगर के अंतर्गत शनिवार को एनसी घोष इंस्टिट्यूट सामुदायिक भवन में रेलवे पेंशनर्स ब्रदरहुड वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस समारोह मनाया गया जिसमें अध्यक्ष राम अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता मे धुम धाम से मनाया गया,इसमे महासचिव सुरेश विश्वकर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष एन के दास भी उपस्थित थे, बैठक में वक्ताओं ने पेंशनर्स की समस्या पर विचार विमर्श किया, जैसे पेंशन संबंधित गडबडी,चिकित्सा में सुधार संबंधित बातों पर विचार दिया एवम अधिकारियों से विचार विमर्श कर उसके निदान का आश्वासन पेंशनर्स को दिया गया, कार्यक्रम में पवन कुमार व अरूण कुमार सिंहा गीत संगीत का समा बांध दिया।

कैंडल मार्च निकाल शहीद मेजर मनोज कुमार प्रभाकर को दी श्रद्धांजलि

बिहार पटना पालीगंज खिड़ीमोड़ थाना अंतर्गत इमामगंज गांव में शनिवार शाम ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकालकर शहीद हुए दिवंगत मेजर मनोज प्रभाकर को श्रद्धांजलि दी गई गांव के विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए कैंडल मार्च स्कूल मैदान पहुंचा।वहां लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।राजकपूर सिन्हामुखिया, सुरेश सिंह सिपाही, प्रतीक कुशवाहा ,जिला अध्यक्ष संजीव कुमार ,सुरेन्द्र सिंह, गौतम कुशवाहा ,गोपी कल्लु खत्री आशीष रंजन दीपक गुप्ता व पत्रकार बंधु समेत गांव के अनेक लोग मौजूद थे। बर्फ में दबने से अरवल जिले के लोदीपुर गांव निवासी मेजर मनोज कुमार शहीद हो गये थे. इस घटना की सूचना मेजर के पिता अशोक कुमार प्रभाकर को मंगलवार की सुबह नौ बजे मिली थी, तो घर में में कोहराम मच गया था. अशोक कुमार भी आर्मी से रिटायर हैं और फिलहाल रेलवे में कार्यरत हैं. उन्होंने बताया कि सोमवार की रात ही उन्होंने अपने पुत्र मनोज कुमार से व्हाट्सएप कॉल पर बात की थी और मंगलवार की सुबह नौ बजे यह खबर मिली।

हत्या के खिलाफ सड़क जाम कर प्रदर्शन मामले में एफआईआर

पटना सिटी (प्राकि)। बालू-गिट्टी के कारोबारी भक्त प्रह्लाद कुमार की गोली मार हत्या कर दी गई थी। इसके बाद मृतक का शव जब नालंदा मेडिकल कॉलेज से पोस्टमार्टम के बाद घर आया इसी दौरान लोगों ने अशोक राजपथ पर एंबुलेंस को बीच रोड में लगाकर सड़क को जाम कर दिया था साथी रोड पर आगजनी भी की गई थी। गुरुवार को हुई हत्या के बाद सड़क उतर कर प्रदर्शन एवं सड़क जाम किए जाने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। हालांकि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में अबतक विफल है। रोड जाम करने के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को नामजद किया है, जबकि अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें सरकारी कामकाज में बाधा, सड़क जाम किए जाने से लोगों को हुई परेशानी सहित अन्य आरोप है। पुरानी रंजिश और रंगदारी मांगने जाने परनहीं दिए जाने पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते मृतक के भाई सूरज के बयान पर आलमगंज थाना की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

लावारिस सेवा केंद्र ने दो अज्ञात शवो का कराया अंतिम संस्कार

आरा। शहर के करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा शुक्रवार को दो अज्ञात शवो का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। संस्था द्वारा बताया गया कि दोनो पुरुष का शव आरा रेल थाना से प्राप्त हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद दोनो शवों को पहचान हेतू 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था।शवों की पहचान नही होने पर पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया गया।इसके बाद लावारिस सेवा केंद्र ने शुक्रवार को दोनो शवो का दाह संस्कार करवाया। दाह संस्कार कराने में अध्यक्ष लालदास राय, संस्थापक डीएन सिंह, सवार्नंद तिवारी, जितेंद्र कुमार, मकलू राम आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्त्री रोग एंडोस्कोपी पर एक कार्यशाला का आयोजन

निदेशक एम्स ने उन्नत रोगी देखभाल ,प्रयासों के लिए स्त्री रोग विभाग की पूरी टीम को दी बधाई

स्त्री रोग संबंधी एंडोस्कोपी महिलाओं के स्वास्थ्य में एक क्रांतिः डॉ. मुक्ता अग्रवाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्त्री रोग विभाग एम्स-पटना और इंडियन एसोसिएशन ऑफ गायनोकोलॉजिकल एंडोस्कोपिस्ट ने संयुक्त रूप से शनिवार को एम्स-पटना में स्त्री रोग एंडोस्कोपी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

स्त्री रोग संबंधी एंडोस्कोपी, जिसे आमतौर पर कीहोल सर्जरी के रूप में जाना जाता है, ने स्त्री रोग संबंधी सर्जरी के दृष्टिकोण में क्रांति ला दी है, स्त्री रोग संबंधी और बांझपन के मुद्दों के लिए सुरक्षित और अधिक प्रभावी समाधान पेश किया है। इसने स्त्री रोग विशेषज्ञों को एंडोस्कोपी के क्षेत्र में तेजी से हो रही प्रगति पर प्रसिद्ध सर्जनों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने डीन (अकादमिक) डॉ. उमेश कुमार भदानी, (प्रोफेसर) डॉ. सीएम सिंह, चिकित्सा अधीक्षक की उपस्थिति में किया।कार्यक्रम की आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनिता सिंह और आयोजन सचिव डॉ. मुक्ता अग्रवाल थीं।डॉ. गोपाल कृष्ण पाल, कार्यकारी निदेशक, एम्स पटना, उन्होंने उन्नत रोगी देखभाल में उनके प्रयासों के लिए एम्स पटना के स्त्री रोग विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। कार्यशाला में आईएजीई के अध्यक्ष डॉ. पंडित पलस्कर, आईएजीई के सचिव डॉ. कल्याण बरमडे और प्रसिद्ध राष्ट्रीय संकायों द्वारा उन्नत एंडोस्कोपी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इन सभी ने अपनी असाधारण 20 लाइव सर्जरी का प्रदर्शन किया। जिसकी इसमें भाग लेने वाले 300 प्रतिनिधियों ने सराहना की। यह हमारे राज्य की महिलाओं को अधिक प्रभावी ढंग से सेवा देने में स्त्री रोग विशेषज्ञों को बढ़ावा देने, शिक्षित करने और समर्थन करने का एक अमूल्य अवसर था।

एम्स पटना ने बिहार के 35 पुलिस उपाधीक्षकों को विशेष ट्रॉमा प्रशिक्षण किया प्रदान

पटना। एम्स पटना और बिहार पुलिस विभाग के बीच एक अभिनव सहयोग में, 35 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) ने हाल ही में एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल के मार्गदर्शन में एम्स पटना में विशेष आघात प्रशिक्षण लिया। डॉ. जीके पाल ने कहा- परंपरागत रूप से, डीएसपी अधिकारी अपना प्रशिक्षण बिहार पुलिस अकादमी में प्राप्त करते हैं, लेकिन इस अनूठी पहल का उद्देश्य ट्रॉमा पीड़ितों को महत्वपूर्ण अस्पताल पूर्व देखभाल प्रदान करने में उनके कौशल को बढ़ाना है, । एम्स पटना के प्रतिष्ठित ट्रॉमा सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण, ट्रॉमा देखभाल के आवश्यक पहलुओं पर केंद्रित था। ट्रॉमा विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण में रक्तस्राव को नियंत्रित करना, ट्रॉमा पीड़ितों को नजदीकी अस्पतालों में स्थानांतरित करना, सर्वाइकल कॉलर लगाना, वायुमार्ग को बनाए रखना और बिना किसी लक्षण वाले रोगियों में सी पी आर देना जैसे विषय शामिल थे परिसंचरण और श्वास । जैसा कि मानी जाती है सभी ट्रॉमा रोगियों को सर्वाइकल रीढ़ की हड्डी में चोट होती है, इसलिए सर्वाइकल स्पाइन को हिल्ने से रोकने के लिए सर्वाइकल स्पाइन को कंबल, ईंट या किसी नरम वस्तु से रोकना अनिवार्य है। ट्रॉमा प्रशिक्षण सत्रों के दौरान, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. माजिद अनवर, डॉ. रेखा कुमारी और डॉ. संजय कुमार सहित हमारे सम्मानित संकाय ने पांच कौशल स्टेशनों पर व्यावहारिक प्रदर्शन किए। प्रशिक्षण में ट्रॉमा देखभाल में आवश्यक कौशल शामिल थे, जिसमें ट्राइएज तकनीक, रक्तस्राव नियंत्रण के तरीके, सिर की चोटों के लिए विशेष देखभाल, गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) प्रबंधन के सिद्धांत और एनेस्थीसिया प्रशासन के दौरान महत्वपूर्ण विचार शामिल थे। इन इंटरैक्टिव और व्यावहारिक सत्रों का उद्देश्य प्रतिभागियों को आघात देखभाल के विभिन्न पहलुओं को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना था। पुलिस उपाधीक्षकों को फोरेंसिक विभाग में डॉ. अमित कुमार पाटिल एवं डॉ. विनय कुमार द्वारा अतिरिक्त प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के इस खंड में आघात के रोगियों से निपटने के मेडिकोलीगल पहलुओं पर जोर दिया गया, जिसमें चोट की रिपोर्ट बनाने की उचित प्रक्रिया और पोस्टमार्टम परीक्षाओं के लिए दिशानिर्देश शामिल हैं। इस पहल पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए डॉ. जीके एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सीईओ पाल ने संस्थान और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास की सराहना की।

भूखे व जरूरतमंद को भोजन कराने से बेहतर कुछ नहीं : शिव मोदी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। भूखे को भोजन और प्यासे को पानी मिल जाए, तो इससे बड़ी सेवा कोई नहीं है। उक्त बातें शनिवार को बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की पटना सिटी शाखा द्वारा आयोजित अग्रसेन जी की रसोई का उद्घाटन करते सम्मेलन के अध्यक्ष शिवप्रसाद मोदी ने कही। स्व ओमप्रकाश मोदी की पुण्य स्मृति में सराफ मार्केट के पास आयोजित मोदी परिवार द्वारा प्रसाद का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सभा का संचालन शाखा के सचिव संजीव देवड़ा ने किया। इस दौरान भगवती प्रसाद मोदी, रमेश कुमार मोदी, डॉ टीपी गोलवारा, भाजपा नेता संजीव यादव, गो मानस सेवा संस्थानम के अध्यक्ष बाबा विवेक द्विवेदी, पवन कु मोदी, परमेश्वर लाल मोदी, कन्हैया लाल डोकानिया, महावीर मोदी, सुभाष पोद्दार, भोले शंकर महेशका, राजकुमार सराफ, विष्णु झुनझुनवाला, कृष्ण सराफ, सज्जन कुमार मोदी आदि ने सेवा दी।

चार कंटेनर माल लाद कार्गो कोलकता के लिए रवाना

पटना सिटी (प्राकि)। आइडब्लूएआइ के गायघाट जेटी से शनिवार को माल लाद कर आरएन टैगोर जहाज पटना से कोलकाता के लिए रवाना हुआ। अमेजन कंपनी का चार कंटेनर माल लेकर जहाज प्रस्थान किया है। प्राधिकरण के निदेशक एलके रजक ने बताया कि शिपिंग कारपोरेशन इंडिया द्वारा आइडब्लूएआइ का परिचालन किया जा रहा है। यह जहाज छह-सात दिनों में कोलकाता पहुंच जाएगा। शिपिंग कंपनी के प्रतिनिधि गोपाल कृष्ण ने बताया कि दस कंटेनर वाले कार्गो में चार पर माल लोडिंग कर कोलकाता भेजा गया है। निदेशक ने बताया कि जलमार्ग के माध्यम से व्यापारिक माल ढुलाई लगातार हो, इसके लिए कंपनी और व्यापारियों से बातचीत की जा रही है। गंगा में जलमार्ग को सशक्त बनाने की योजना के तहत ही गुवाहाटी जलमार्ग से जोड़ा गया है। ऐसे में यहां से गुवाहाटी भी व्यापारिक वस्तुओं को पूर्व में भेजा जा चुका है। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ भी बैठक कर व्यापारियों से माल ढुलाई के बिंदुओं पर बातचीत हुई है।

छात्रों ने प्रभु येशु के अवतरण दिवस को प्रतीक रूप में मनाया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जीजस एंड मेरी एकेडमी के परिसर में क्रिसमस समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। क्रिसमस जो प्रभु येशु का जन्म दिवस है। इस दिन दुनिया का साक्षात्कार एक ऐसे व्यक्ति से हुआ, जिसके व्यक्तित्व के चकाचौंध ने इस दुनिया को प्रेम, शांति और भाईचारे का नया मार्ग दिखाया। प्रभु येशु के जन्म दिवस के स्वागत समारोह में विद्यालय परिवार द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इसकी शुरूआत ईश्वर को याद करते हुए एक ईश वंदना गान 'झूमो नाचो खुशी से आज' से हुआ। इस मौके पर छात्रों के द्वारा क्रिसमस कैरोल गीत 'आलेलूईचा' एवं 'चुप है चंदा' तथा प्रभु येशु के जन्म की अद्भुत घटना को झांकी द्वारा पेश किया गया। 'दूत सेना स्वर्ग से उतर कर गीत जब छात्रों ने गाया, तो लगा दूत सेना सचमुच स्वर्ग से उतर आई हो।

जिंगल बेल की सुमधुरता कानों में मधुर घंटियों का स्वर गुंजने लगा तथा मैरी क्रिसमस और आलेलूईया की तर्ज पर छात्रों का नृत्य देख श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। विद्यालय परिसर में सांता क्लॉज बने छात्रों की उपस्थिति ने एक अद्भुत समां बांध दिया। ऐसा लगा मानो स्वर्ग लोक से सचमुच देवदूत उतर आया हो। छात्रों में उससे उपहार और टॉफियां लेने की होड़ सी लग गई। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक एम्ब्रोस पैट्रिक एवं उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक ने क्रिसमस की महत्ता की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य पूजा एन शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय की शिक्षिका शीला रोहतगी के द्वारा किया गया।

मोबाइल का उपयोग शिक्षा को करें, वर्ना पढ़ाई पर असर : विधायक

सुदर्शन सेंट्रल स्कूल के छात्रों ने चंद्रयान, स्मार्ट सिटी, इस्कॉन टेम्पल आदि मॉडल पेश किया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुदर्शन सेंट्रल स्कूल के परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव, महापौर श्रीमती सीता साहू, उप महापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, पार्षद नीलम देवी, प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एसए कृष्णा एवं समाजसेवी संजय सिंह थे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। छात्रों ने कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य के साथ किया। छात्रों ने बांग्ला नृत्य की भी प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि बच्चे भविष्य के धरोहर हैं। उन सबों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी और सुदर्शन सेंट्रल स्कूल की पढ़ाई की आधुनिक व्यवस्था एवं संसाधन से अपने दैनिक जीवन को सरल एवं सुगम बनाने की चर्चा बात कही। मोबाइल का उपयोग कुछ सीखने, जानने या पढ़ाई के लिए इस्तेमाल करें। डॉ एसए कृष्णा ने छात्रों को विज्ञान से जुड़े पहलू पर बताया। मेयर सीता साहू व डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी ने कहा कि आप सबों ने बेहतर मॉडल पेश किया है इसमें विज्ञान के साथ संस्कृति और समाज को भी जोड़ने का काम किया है। आप सब कल के देश के सफलतम वैज्ञानिकों में से एक हैं। इस दौरान छात्रों ने चंद्रयान, पटना हाईकोर्ट, चंद्रोदय मंदिर', अमरनाथ मंदिर, राम मंदिर, स्मार्ट सिटी, इस्कॉन टेम्पल, विभिन्न प्रकार की रसायन अभिक्रिया एवं मानव शरीर के विभिन्न अंगों का मॉडल आदि पेश किया। इसमें अभिषेक, हर्ष, ध्रुव, प्रेम, आयुष, आशुतोष, सोनाक्षी, अनिध्या, सारिका, तपस्वी, नैतिक, ओम विद्यार्थी, सिमरन आदि बच्चों ने अपने रचनात्मक एवं क्रियात्मक गुणों का प्रदर्शन किया। मंच का संचालन श्रीमती अमृता अवस्थी ने और विद्यालय के प्राचार्य गौतम सिंह ने धन्यावाद ज्ञापन देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

पिता यदि कुमार्ग पर चले, तो पुत्र का कर्तव्य है उसे सही मार्ग पर लाए

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नौजर घाट स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान गंगोत्री धाम से आए पूज्य ओम प्रकाश शास्त्री जी ने कथा शुरू की। उन्होंने कहा कहा कि मनु और शतरूपा के दो पुत्र और तीन पुत्रियां हुई। पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद। राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं। एक का नाम सुरुचि और दूसरी का नाम सुनीति था। राजा सुरुचि को अधिक प्यार करते थे। उनके पुत्र का नाम उत्तम और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव था। बालक ध्रुव एक बार पिता की गोद में बैठने की जिद करने लगता है। लेकिन सुरुचि उसे पिता की गोद में बैठने नहीं देती है। ध्रुव रोता हुआ मां सुनीति को सारी बात बताता है। मां की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वह ध्रुव को भगवान की शरण में जाने को कहती हैं। पांच वर्ष का बालक ध्रुव राज्य छोड़ कर वन में तपस्या के लिए चला जाता है। नारद जी रास्ते में मिलते हैं और ध्रुव को समझाते हैं कि मैं तुम्हें पिता की गोद में बैठाऊंगा। लेकिन ध्रुव ने कहा कि पिता की नहीं, अब परमपिता की गोद में बैठना है। कठिन तपस्या से भगवान प्रसन्न हो वरदान देते हैं। भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए पूज्य ओम प्रकाश शास्त्री जी ने कहा कि पिता अगर कुमार्ग पर चले, तो पुत्र का कर्तव्य है उसे सही मार्ग पर लाए। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रह्लाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध कर अपने परम धाम को पहुंचाया। इस अवसर पर सीमा, रागिनी दास, सतीश, मंटू, प्रवीण, आरती, नवीन सक्रिय रहे।

15 को पटना साहिब स्टेशन के बाहर सफाई, रोशनी व पानी का हो प्रबंध

स्टेशन को सजाएगा तख्तश्री कमेटी, चार को दिया जिम्मेवारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने पटना साहिब स्टेशन के प्रबंधक को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि दशमेश पिता का 357वां प्रकाश उत्सव पर बड़ी प्रभातफेरी 15 जनवरी को अल सुबह चार बजे तख्तश्री परिसर से निकाला जाएगा। यह विभिन्न रास्ते हाजीगंज, पूरब दरवाजा, मोर्चा रोड से होते हुए पटना साहिब स्टेशन पहुंचेगी। प्रभातफेरी में भाग लेने वाले संगतों को पटना साहिब स्टेशन के मुख्य द्वार के पास रोका (ब्रेक दिया) जाएगा। यहां पर चाय और नाश्ता करने की व्यवस्था कमेटी की ओर से की गई है। इस कारण से स्टेशन के बाहर सफाई, रोशनी और पीने के पानी की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया है। पिछले वर्षों में भी स्टेशन मास्टर के द्वारा सहयोग मिलता रहा है। अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के द्वारा भेजे गए एक अन्य पत्र में कहा गया है कि विभिन्न शहरों से ट्रेन के माध्यम से पटना साहिब स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों को सहयोग करने और स्टेशन परिसर को सजाने-संवारने के लिए कुछ लोगों को जिम्मेवारी दी गई है। इनमें सरदार नरेंद्र सिंह उर्फ प्रेम सिंह, पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू, डॉ विनोद अवस्थी और सुशील कुमार सिन्हा हैं। दशमेश पिता का प्रकाश पर्व 15 से 17 जनवरी के बीच मनाया जाना है। इसमें देश के कोने-कोने से रेल मार्ग से तीर्थयात्रियों का आना होता है। पटना साहिब स्टेशन पर उन सबों को सहयोग करने और परिसर को रिलेक्स व रोशनी से सजाने में कार्यकताओं की सेवा लगाई गई है। इसमें हरसंभव सहयोग देने एवं टिकट जांच स्टाफ से बचाव के लिए उनके नाम एवं पता की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार से आग्रह किया गया है कि स्टेशन के आगे के हिस्से में बने गुंबद की धुलाई और रेल परिसर में रिलेक्स व रोशनी से सजावट करने एवं रेल मार्ग से आने वाले तीर्थयात्रियों और कार्यकताओं को सहयोग कर गुरु महाराज की खुशियां प्राप्त करेंगे।

26 को दीदी की रसोई का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे सीएम नीतीश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 26 दिसंबर से दीदी की रसोई शुरू हो जाएगा। इसके लिए अस्पताल के उपाधीक्षक के कार्यालय के सटे पश्चिम में भवन बनना है। फिलहाल इसे पुराने पाकशाला को रिमॉडलिंग कर दीदी की रसोई को शुरू किया जा रहा है। इसका वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 26 दिसंबर को करेंगे। हालांकि अभी तक समय का निर्धारण नहीं हो पाया है, मगर पूरी संभावना है कि अपराह्न दो बजे के पहले ही उद्घाटन का रस्म किया जाएगा। इस संबंध में उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि दीदी की रसोई शुरू होने के लिए तैयारी को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। पहले चरण में मरीज के लिए खाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद भोजन व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। इसमें मरीज को उनके हुए बीमारी के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। शुरूआती चरण में इसके शुरू हो जाने के बाद पुराने मेडिसिन इंडोर के सटे पश्चिम में ही एक-दो सप्ताह में कैंटीन का काम करना शुरू हो जाएगा। हालांकि पुराने पाकशाला में नाश्ता, खाना, चाय और कॉफी आदि बनेगा और इस कैंटीन में उसे लाकर जरूरतमंद को उपलब्ध कराया जाएगा। यह भुगतान के तहत होगा। जीविका के डीपीएम पूरी योजना को मूर्तरूप देने में लगे हैं। इधर दीदी की रसोई के लिए बनने वाला भवन का निर्माण भी जल्द शुरू होगा। फिलहाल पुराने पाकशाला में लगने वाले मशीन और अन्य कार्य के लिए बिजली का संबंधन प्वाइंट आदि की व्यवस्था अस्पताल प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। योजनाओं को पूरी तरह से मूर्तरूप देने के लिए अधीक्षक डॉ राजीव रंजन सिंह और उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब, मजदूर व किसानों को मिला : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत शनिवार को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 56 के छोटी पहाड़ी में ग्रामीणों के बीच पहुंचा। इस दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विभिन्न योजनाओं का स्टाल लगा कर पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जा रहा है। वार्ड छोटी पहाड़ी में इस अभियान की शुरूआत करते हुए पूर्व मंत्री और स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब, मजदूर और किसानों को मिले। इन सबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर विकसित भारत का निर्माण करना है। अभियान में किसानों को आधुनिक तकनीक से दक्ष बनाने के लिए ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन कर प्राकृतिक कृषि के बारे में जागरूक किया गया। विधायक श्री यादव ने विकसित भारत के लिए ग्रामीणों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिले। कोई वर्ग वंचित नहीं रहे। इसकी समीक्षा की जा रही है, ताकि पात्र लाभार्थियों को लाभ मिल सके।

पूर्व मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना शहरी स्ट्रीट वेंडर के लिए एक सूक्ष्म ऋण योजना है उनके लाभार्थियों से मिले एवं विभिन्न योजनाओं के लगे स्टाल का जायजा लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टेट बैंक, स्वास्थ्य सेवा, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड आदि का स्टाल लगाकर पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी जा रही थी। वहीं गेहूं, आटा, चना का सत्तू उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड 47 के बाजार समिति के रामपुर रोड में केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सैकड़ों लोगों को मिला। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोगों को 10 हजार का लोन पत्र दिया गया। वहीं मुद्रा योजना के तहत अनेक लोगों को लगभग 20 लाख की राशि का पत्र मिला। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, विश्वकर्मा योजना, पेंशन योजना का लाभ दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि यह रथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है। इससे लोगों को अपने मुहल्लों में ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है और यही सच्ची जनसुराज है। कार्यक्रम को वार्ड पार्षद सतीश गुप्ता ने भी संबोधित कर लोगों को अधिक लाभ लेने के लिए प्रयास करने को कहा।

एमएलए ने दवा दुकन का किया उद्घाटन

पटना। पटना जिला अंतर्गत फुलवारी शरीफ के इशापुर (पानी टंकी के पास) मुहल्ले में रौशन मेडिकल हॉल का फिता काट कर उद्घाटन एम एल ए कुमार रविदास ने किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने बताया कि यह मेडिकल हॉल खुदरा दवाइयों के साथ थोक में भी दवाइयां उपलब्ध करायेगी। इस दुकान में मेडिसिन, सर्जिकल, कॉस्टमेटिक और बेबी प्रोडक्ट से सम्बन्धित सामग्रियां मिलेगी। उक्त जानकारी उर्दू साप्ताहिक समाचार पत्र के आईना ए जमाल के संपादक मो० नैयर आजम ने दी। मो० नैयर आजम ने बताया कि इशापुर मुहल्ले में थोक और खुदरा दवाई का दुकान खुलने से स्थानीय लोगों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का मेडिकल दुकान की आवश्यकता थी, जिसे रौशन मेडिकल हॉल ने आज पूरा कर दिया है।आईना ए जमाल के संपादक मो० नैयर आजम ने बताया कि उक्त अवसर पर जनता दल यूनाइटेड के नेता फारूक आजम उर्फ ललन भी उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद मेडिकल हॉल के मालिक स्व० मौलाना सोहैल अहमद नदवी की पुत्री हिना कैसर ने एम एल ए कुमार रविदास को पुष्प गुच्छ देकर और डॉ सैयद यासिर हबीब को अंग वस्त्र देकर सम्मानित की।

'अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ' के अंग्रेजी संस्करण (अंबेडकर, इस्लाम एंड द लेफ्ट) की इंटरनेशनल मार्केट में बढ़ी डिमांड

अंतर्राष्ट्रीय फलक पर छा गयी बिहार के मिथिलेश की पुस्तक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/संवाददाता। बिहार ज्ञान, तप, त्याग, वीरता, संघर्ष और परिवर्तन की धरा रही है। यह हर कालखंड में साबित हुआ है। आज भी बिहार में चिंतन, लेखन का स्रोत प्रवाहित है। यहां के लेखक-कवि देश-विदेश में पढ़े जाते हैं। इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ा है मिथिलेश कुमार सिंह का। यूं, तो श्री मिथिलेश ने कई पठनीय एवं संग्रहणीय पुस्तक लिखे हैं, लेकिन बाबा साहब भीम राव अंबेडकर पर लिखी पुस्तक 'अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ' के अंग्रेजी संस्करण अंबेडकर, इस्लाम एंड द लेफ्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली है। यूनाइटेड किंगडम, यूएस सहित कई अंग्रेजी भाषी देशों में पाठकों के बीच लोकप्रिय इस पुस्तक ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बेस्ट सेलर बुक की श्रेणी में जगह बना ली है। देश के कई विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रकाशन के कम समय में ही इस पुस्तक ने खास जगह बना ली है। आईसीएचआर व एआईसीटीई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों और गोवा यूनिवर्सिटी सहित कई विश्वविद्यालयों की लाइब्रेरी में विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए उपलब्ध है। संप्रति सहायक रजिस्ट्रार (गोपाल नारायण सिंह विश्विद्यालय) लंबे समय से लेखन से जुड़े हैं। मिथिलेश सिंह ने कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों समेत राष्ट्रीय स्तर पर कई संस्थानों में अंबेडकर पर व्या

लाभुकों को लंबित राशि का भुगतान शीघ्र हो: श्रवण

ग्रामीण विकास मंत्री ने बेतिया में विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में बेतिया समाहरणालय स्थित सभागार में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत जिले में कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा, जल जीवन हरियाली अंतर्गत वृक्षारोपण, जीविका से संबंधित योजना सहित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना आदि योजनाओं पर चर्चा हुई। समीक्षा के दौरान जिन योजनाओं में कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया उस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मंत्री ने अविलंब सुधार करने की चेतावनी दी । साथ ही कार्य में तेजी लाकर तय समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। मनरेगा की समीक्षा में प्राप्त शिकायत के आधार पर पाया गया कि समय पर कार्य एवं मजदूरी नहीं दी गई है।

इस पर मंत्री ने अविलंब भुगतान नियमानुकूल करने की सलाह संबंधित पदाधिकारियों को दी । जॉब कार्ड का आधार से सभी लाभुकों को जोड़ने का परामर्श दी गई। आंगनबाड़ी भवन निर्माण, जीविका भवन निर्माण आदि में कार्य लक्ष्य से कम पाये जाने पर मंत्री ने अप्रसन्नता प्रकट की एवं जिला के प्रखंडों में आंगबाड़ी भवन निर्माण, जीविका भवन निर्माण, खेल मैदान पार्क निर्माण आदि कार्य में लक्ष्य के विरूद्ध कम कार्य होने पर यथाशीघ्र सुधार लाने का हिदायत दी। लोहिया स्वच्छ योजना का क्रियान्वयन में संतोषजनक सुधार न होने पर तुरंत सुधार लाने का निदेश दिया। जिला में चलायी जा रही ग्रामीण आवास योजना के संचालन में लाभुकों को लंबित भुगतान का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में गांवों में जल जीवन हरियाली अंतर्गत तालाब, कुओं व सोखता का निर्माण भी करने का निर्देश दिया गया। जीविका अंतर्गत जिला में चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं सतत जीविकोपार्जन योजना, दीदी की रसोई आदि के संतोषजनक प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता में प्रगति लाने का निर्देश दी गई। बैठक में मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, जीविका दीदियां आदि को पुरस्कृत किया।

जयंती पर याद किये गये चौधरी चरण सिंह, राजनीतिक दलों ने दी श्रद्धांजलि

जदयू मुख्यालय में पार्टी नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

पटना। किसान नेता एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती के मौके पर शनिवार को जनता दल यू प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोकसभा सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गांधी, सांसद दुलालचन्द्र गोस्वामी, विधानपार्षद अफाक अहमद खाँ, ललन कुमार सर्राफ व रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने उनके तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर देश के अन्नदाताओं को सशक्त व आर्थिक रूप से सबल बनाने में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के योगदान को भी सभी ने याद किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह, चन्दन कुमार सिंह, पटना ग्रामीण के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धनजी प्रसाद, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा अशरफ हुसैन, राहुल खंडेलवाल, कर्मवीर आजाद, सुनील कुमार, ओमप्रकाश रंजन, अमित सिंह सहित कई सैकड़ों नेतागण उपस्थित थे।

चौधरी साहब ने किसानों के हित में कई कार्य किए : जगदानन्द

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ के द्वारा राजद कार्यालय के कपूरी सभागार में चौधरी चरण सिंह का जयंती समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल कृष्ण कुमार उर्फ चंदन यादव ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, शिवचन्द्र राम, सुरेश पासवान, अनिल सहनी, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डॉ उर्मिला ठाकुर, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार सहनी, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम यादव, रविन्द्र कुमार सिंह, किसान प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव इन्द्रदेव सिंह सहित पार्टी के अन्य नेताओं की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चौधरी साहब ने किसानों के हितों में जो कार्य किया था वह अब नहीं दिख रहा है। किसानों की बात करने के कारण हीं उन्हें अधिक दिनों तक सत्ता में नहीं रहने दिया गया लेकिन जब तक वे रहे अन्नदाताओ, खेतों और खलिहानों तथा किसानों की हिफाजत के लिए कार्य किये। इन्होंने आगे कहा कि आज जो केन्द्र में सरकार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कार्य कर रही है वह किसानों के प्रतिनिधियों को सदन से निकालकर अकड़ दिखा रही है जबकि उनको यह समझना चाहिए कि किसानों ने एक बार तीन काला कानून के खिलाफ सड़कों पर आकर जो एकता दिखाई है अगर उसी तरह अपनी एकता को बनाये रखकर चुनाव के समय अपने प्रतिनिधियों के हित में मजबूती से खड़े रहे तो केन्द्र की सत्ता को उखाड़ फेकने में समय नहीं लगेगा। दिल्ली में जो बैठे हुए हैं वह किसान के प्रतिनिधि नहीं हैं, वहां अडानी और अंबानी के हितों की रक्षा करने वाले लोग केन्द्र की सत्ता में हैं। प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि किसानों के मुद्दे पर और भाजपा के दोहरी नीति के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ राज्य के प्रत्येक जिले में धरना एवं प्रखंड स्तर पर किसानों के मुद्दे पर किसान संगोष्ठी का आयोजन करेगा। किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रस्ताव के माध्यम से कहा कि सात-सुतरी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन तथा किसानों के हित में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

बिहार में तेजी से बदल रहा है राजनीतिक घटनाक्रम : गिरिराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार में राजनीतिक घटनाक्रम बहुत तेजी से बदल रहा है। बेगूसराय प्रवास पर आए गिरिराज सिंह ने शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए जल्द ही जदयू का राजद में विलय होने का दावा किया है। उन्होंने कर्नाटक सरकार, आईएनडीआईए गठबंधन एवं राहुल गांधी पर भी जोरदार हमला किया है। जोरदार हमला किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि जल्द ही नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का राजद में विलय हो जाएगा। दिल्ली से आने के दौरान हवाई जहाज में लालू यादव ने कान में महत्वपूर्ण बातें कही है। उस पूरी बात का राजनीतिक दृष्टिकोण से खुलासा नहीं करूंगा। लेकिन उनकी बात से यह स्पष्ट हो गया है कि जदयू का राजद में बहुत जल्द विलय हो जाएगा। गिरिराज सिंह ने कहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धरमैया सरकार ने हिजाब पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया है। यह सिर्फ हिजाब पर से प्रतिबंध हटाना नहीं है, बल्कि इस्लामिक सरिया कानून को स्थापित किया गया है। आईएनडीआईए गठबंधन और राहुल गांधी की जहां भी सरकार बनेगी, वहां इस्लामी कानून और सरिया कानून लागू होगा। इसी तरह की साजिश चल रही है। जहां कहीं भी आईएनडीआईए गठबंधन और कांग्रेस की सरकार बनेगी। वहां-वहां इस्लामी कानून लागू किया जाएगा। कर्नाटक में सिद्धरमैया द्वारा हिजाब पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का भाजपा विरोध करती है। यह सनातन के खात्मे का सुनियोजित तरीका है। एक तरफ हलाल और दूसरी तरफ यह इस्लामी सरिया कानून गलत है। भारतीय जनता पार्टी जहां-जहां ऐसा होगा वहां विरोध करती रहेगी। गिरिराज सिंह ने कहा है कि वीके पांडियन द्वारा प्रतिष्ठित जगन्नाथ मंदिर के भीतर बीफ प्रमोटर को अनुमति देना धर्म, इतिहास और आध्यात्मिकता की उपेक्षा है। जिम्मेदार लोगों पर त्वरित और गंभीर करवाई होनी चाहिए। बीफ प्रमोटर को मंदिर में घुसने का कोई अधिकार नहीं है। पांडियन को मंदिर के पुजारी एवं देश के सभी हिंदुओं से भी माफी मांगनी चाहिए। उड़ीसा में ही नहीं पूरे देश में इसका विरोध होना चाहिए। बेगूसराय में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर भी गिरिराज सिंह ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों का तांडव तेज हो गया है।

चौधरी चरण सिंह के पदचिह्नों पर चलने की जरूरत : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोकजनशक्ति पार्टी (रा) ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में मनाया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान ने चौधरी चरण सिंह जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह आदर्श की राजनीति करते रहे है। कथनी और करनी में शामयस बना रहे इसका ध्यान रखते थे। वे राजनीति में चरित्र, ईमानदारी और कर्म निष्ठाता के प्रतीक थे। आज के राजनीति में इन चीजों का अभाव हो गया है। पदलोलुपता, अवसरवादिता और भ्रष्टाचार को बिहार के सत्ता में बैठे लोगों ने अंगीकार कर लिया। किसान फटेहाल और बदहाल जीवन जी रहा है। सताशीन नेताओं को उनकी चिंता नहीं है। आगे श्री चिराग ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के आदर्शों एवं उनके पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष असरफ अंसारी, संजय सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, अति पिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, युवा प्रधान महासचिव प्रकाश कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश भारती,मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार थे।

बड़े पूंजीपतियों की गुलाम बनी केंद्र सरकार : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्र सरकार पर पूंजीपतियों का हितैषी होने का आरोप लगाते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने शनिवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि भाजपा के राज में भले ही अदानी-अंबानी जैसे पूंजीपतियों की मौज आयी हो लेकिन छोटे उद्योगों पर सरकार का कहर बरस रहा है। देश की मैन्युफैक्चरिंग में 36 प्रतिशत का योगदान देने वाला यह सेक्टर भाजपा की गलत नीतियों के कारण आखरी सांसे गिन रहा है। हालात ऐसे हैं कि पिछले 7 वर्षों में देश के आधे सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग बंद हो चुके हैं। उन्होंने लिखा है कि मोदी सरकार में छोटे उद्योगों की दिन ब दिन बदतर होती जा रही इस हालत की गवाही खुद एमएसएमई मंत्रालय के आंकड़े दे रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक साल 2016 में देश में जहां कुल 6.25 करोड़ एमएसएमई थे, वहीं अब इनकी तादाद 48 प्रतिशत घटकर 3.25 करोड़ रह गई है। उद्यम पोर्टल के मुताबिक बीते 3 साल 5 महीनों में ही 32.5 हजार एमएसएमई बंद हो गये हैं। उन्होंने लिखा कि देश से कुल निर्यात में एमएसएमई की हिस्सेदारी तीन साल में करीब 50 प्रतिशत से घटकर 44 प्रतिशत से कम रह गई है। दूसरी तरफ इसी दौरान समग्र निर्यात 26 लाख करोड़ से करीब 43 प्रतिशत बढ़कर 37.4 करोड़ रुपए का हो गया। यानी सरकार की लघु उद्योग विरोधी नीतियों का सीधा लाभ बड़ी कंपनियां उठा रही हैं। जदयू महासचिव ने लिखा है कि देश की अर्थव्यवस्था में इन छोटे उद्योगों के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि देश के कुल रोजगार में इनकी हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है, वहीं जीडीपी में यह 29 प्रतिशत का योगदान देते हैं। इसके बावजूद इनकी बदतर होती स्थिति साफ इशारा करती है कि सिर्फ बड़े उद्योगपतियों को और अमीर बनाने के लिए यह सारा खेल खेला जा रहा है। बड़े पूंजीपतियों की गुलाम बनी केंद्र सरकार छोटे उद्योविशेषज्ञों का खात्मा कर, उनका लाभ भी बड़े बिजनेस घरानों को दे देना चाहती है।

गीता मनुष्य में देवत्व का आधान करने वाला ऊर्जा का अक्षय-स्रोत

● श्रीमद्भगवतगीता आपके द्वार अभियान के तत्त्वावधान में मनायी गयी गीता जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

गीता मनुष्य में देवत्व का आधान करने वाला एक ऐसा दिव्य-ग्रंथ है, जो ऊर्जा का अक्षय-स्रोत भी है। यह संपूर्ण भारतीय वांगमय और दर्शन का सार है। जिस किसी ने भी इसे अपने जीवन में उतार लिया, वह अपने जीवन काल में ही मोक्ष प्राप्त कर लिया। गीता मनुष्य को निष्काम करती है। सफल काम करती है। यह बातें, श्रीमद्भगवतगीता आपके द्वार अभियान के तत्त्वावधान में, बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन हॉल में आयोजित गीता जयंती और सम्मान-समारोह की अध्यक्षता करते हुए बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि गीता के दो मुख्य संदेश है। प्रथम यह कि फल की कामना मन में रख कर कर्म नहीं करो। कर्म के फल तो अवश्य ही मिलते हैं। निष्काम भाव से करने पर उसका सद-परिणाम आनन्द प्रदान करता है। दूसरा यह कि देह नाशवान है। देह-धारण करने वाली आत्मा का नाश नहीं होता। न हन्यते आत्मा, हन्यमाने शरीरे। पूर्व विधान पार्षद कामेश्वर चौपाल ने कहा कि आज हर व्यक्ति कोई भी काम फल की इच्छा के साथ करता है। गीता कहती है कि फल की इच्छा रखे विना कार्य करो। यदि गीता का सार अपने जीवन में उतार लें, तो संसार की सारी समस्याओं का अंत हो जाएगा। संजीव कुमार मिश्र ने कहा कि यदि अच्छा मनुष्य बनना है तो गीता पढ़ें। यह मानवता का सबसे बड़ा ग्रंथ है। इस अवसर पर संत पशुपति नाथ वेद विद्यालय के आचार्य पं अजीत कुमार तिवारी के नेतृत्व में पंडितों और वेद विद्यालय के बटुकों द्वारा वैदिक-ऋचाओं के पाठ के साथ गीता का सविधि पूजन किया गया। पत्रकार हृदय नारायण झा ने कहा कि गीता एक मोक्ष-शास्त्र है। यह मनुष्यों को विषयों से मुक्त कर मोक्ष प्रदान करती है। डा मुकेश कुमार ओझा ने संस्कृत में अपने व्याख्यान दिए तथा संस्कृत-शिक्षा पर बल दिया। पटना की महापौर सीता साहू ने कहा कि गीता का संदेश अपने जीवन में आत्मसात करें ताकि हमें मुक्ति की प्राप्ति हो। विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व विधायक मिथिलेश कुमार तिवारी, संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज कुमार झा, भारतीय पुलिस सेवा की अवकाश प्राप्त अधिकारी निर्मल कौर, पूर्व कुलपति प्रो देवी प्रसाद तिवारी, पटना की उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, पद्मश्री विमल जैन, रेशमा कुमारी और गुरु रहमान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस वर्ष का गीता-सम्मान सनातन संस्कृति की सेवा के लिए प्रतिबद्ध और और शिक्षक डा गुरु एम रहमान को दिया गया। मंच का संचालन कला-नेत्री डा पल्लवी विश्वास ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन सरदार हरजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर नेत्र-दिव्यांग डा नवल किशोर शर्मा, अधिवक्ता छाया मिश्र, विंध्याचल पाठक, राज कुमार सिंह, रत्नेश आनन्द, आरती पाण्डेय, परशुराम शर्मा, अधिवक्ता रवींद्र कुमार चौबे तथा गोपाल कृष्ण अग्रवाल समेत बड़ी संख्या गीता-प्रेमी उपस्थित थे।

शिक्षा से बेदखली का फरमान है केन्द्र की नई शिक्षा नीति : भाकपा माले

● शिक्षा अधिकार कन्वेंशन में जाति गणना के आलोक में एक समान शिक्षा नीति की उठी मांग

पटना। छात्र संगठन आइसा के 15 वें बिहार राज्य सम्मेलन के अवसर पर आज पटना के आइएमए हॉल में शिक्षा अधिकार कन्वेंशन का आयोजन किया गया। जिसे देश के प्रख्यात इतिहासकार प्रो ओ पी जायसवाल, एएन सिन्हा इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक डी एम दिवाकर, पटना विवि इतिहास विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो भारती एस कुमार, एनआईटी के पूर्व शिक्षक प्रो संतोष कुमार, दिल्ली विवि से हाल ही में निकाल बाहर कर दिए गए प्रो लक्ष्मण यादव, माले के पालीगंज से विधायक संदीप सौरभ, आइसा के महासचिव प्रसेनजीत कुमार आदि ने संबोधित किया। इसके पूर्व आइसा की ओर से कन्वेंशन का राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया गया, जिसमें मोदी सरकार के दस साल के शासन काल में सार्वजनिक शिक्षा व शिक्षण संस्थानों को बर्बाद करने और युवाओं को सम्मानजनक रोजगार से वंचित करने की साजिशों का भंडाफोड़ किया गया। कन्वेंशन में बोलते हुए लक्ष्मण यादव ने कहा कि आज कलम पर प्रतिबंध है। जो आरएसएस का नहीं है, उन शिक्षकों से कक्षाएं छीन ली जा रही हैं। उन्हें बाहर का रास्ता दिखलाया जा रहा है। तमाम नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए आरएसएस के लोगों को शिक्षण संस्थानों में बैठाया जा रहा है। प्रो डीएम दिवाकर ने कहा कि गैरबराबरी के समाज में एक समान शिक्षा कैसे संभव है। लेकिन संविधाननिमाताओं ने एक समान शिक्षा के जरिए समाज में गैरबराबरी कम करने का सपना देखा था। आज ठीक उलटा हो रहा है। केंद्र में बैठी मोदी सरकार कॉरपोरेटों के पक्ष में संविधान बदल रही है और हमारे अधिकार छीन ले रही है। ओपी जायसवाल ने कहा कि शोषितों को भाजपा सरकार कोई भी अधिकार नहीं देना चाहती है। वह जानती है कि शिक्षित हो जाने पर युवक रोजगार और अपना अधिकार मांगेगे। इसलिए वह उन्हें शिक्षा के दायरे से ही बाहर कर देना चाहती है। विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि राज्यपाल की कुर्सी आज आरएसएस के इशारे पर काम करने वाली कुर्सी हो गई है। बिहार के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की हुई नियुक्ति में आरएसएस के लोगों को बैठाया गया और उसमें भारी धांधली हुई। हम बिहार सरकार से मांग करेंगे कि वह विधानमंडल से प्रस्ताव लेकर शिक्षा की जिम्मेवारी अपने हाथों में ले। इस कन्वेंशन का संचालन आइसा के बिहार राज्य सचिव सबीर कुमार ने की। आइसा के बिहार राज्य अध्यक्ष विकास यादव व प्रीति कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

एचआईवी व एड्स नियंत्रण की मुहिम होगी तेज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

● आउटरीच वर्कर्स का क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित

बिहार राज्य एड्स कण्ट्रोल सोसायटी के सहयोग से क्षमता केंद्र बिहार वोलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के द्वारा आउटरीच वर्कर्स का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण, होटल शुभ यात्रा हेरिटेज पाटलिपुत्र , पटना में आयोजित किया गयो इस प्रशिक्षण के द्वारा कार्यकताओं के ज्ञान और क्षमता करके राज्य में एच आई वी /एड्स के सम्पूर्ण रोकथाम की मुहीम को तेज किया जाएगा। बिहार राज्य एड्स कण्ट्रोल सोसायटी के वरिष्ठ पदाधिकारियो का विशेष निगरानी और मूल्यांकन के द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा रहा है राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति में जमीनी स्तर के कार्यकताओं को उपयुक्त जरुरी ज्ञान और कौशल बढ़ा कर एचआईवी एड्स के रोकथाम को हासिल करना है। इस महत्वपूर्ण प्रषिक्षण कार्यशाला की शुरूआत डॉ एन के गुप्ता, बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के अतिरिक्त परियोजना निदेशक, मृत्युंजय कुमार, संयुक्त निदेशक, टारगेटेड इंटरवेंशन, मंतेश्वर पाठक, उपनिदेशक, मिथलेश पांडे , सहायक निदेशक और स्वपन मजुमदार, बीवीएचए ने मिलकर उद्घाटन कर किया। इस प्रशिक्षण का सफल आयोजन क्षमता केंद्र बिहार वालंटरी हेल्थ एसोसिएशन, पटना द्वारा बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, नेशनल एड्स कंट्रोल आगेर्नाइजेशन, और साथी के सहयोग से किया गयो प्रशिक्षण को टागेर्टेड इंटरवेंशन के विशेष जानकार और सक्षम प्रशिक्षकों मुकेश कुमार, अजय वर्णवाल द्वारा संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए साथी के नियमित मार्गदर्शन का श्रेय जाता है। बी भी एच ए से विनय फीडेलिस, प्रकाश क्लेरेंस, राजू शर्मा , संजय थॉमस आदि ने भाग लिया। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और विकसित कौशल के परिणाम स्वरुप आउटरीच वर्कर्स अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे और एच आई वी एड्स नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मनरेगा में 300 दिन की गारंटी होनी चाहिए : दामले

पटना। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक से संबंध ऑल इंडिया नरेगा फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यालय का उद्घाटन कामरेड सुकुमार दामले ने किया। अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा कानून देश के श्रमिकों को रोजगार की गारंटी है कम के इस अधिकार के तहत साल में 100 दिन ही रोजगार की गारंटी देता है। मनरेगा में 300 दिन की गारंटी होनी चाहिए। देश भर में 700 प्रतिदिन की दर से मजदुरी भुगतान हो तथा सामाजिक सुरक्षा हेतु कल्याण बोर्ड का गठबंधन हो। शिक्षक संघ भवन जमाल रोड पटना में अहुत कार्यशाला की अध्यक्ष महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक कामरेड चिंगारा सुरेंद्र पूर्व लोकसभा संसद ने किया। स्वागत भाषण बिहार राज्य नरेगा कामगार संघ के महासचिव नारायण पूर्वे ने दिया। इस अवसर पर बिहार एटक के अध्यक्ष गजनफर नवाब उप्प महासचिव डीपी यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला का संचालन कामरेड अनिमोल केरल, कामरेड जयंत दास उदिसा कश्मीरा सिंह पंजाब रेखा मेला हरियाणा के अध्यक्ष मंडली में हुआ। झंडोत्तोलन वायो वृद्ध मनरेगा मजदूर भरत राम बक्सर जिला इकाई बिहार राज्य नरेगा कामगार यूनियन अटक ने किया।

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना
केवल ई0 निविदा पद्वति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
अतिअल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 48/2023–2024

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– **विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना।**
2. निविदा आंमत्रण की तिथि :– 19.12.2023
3. परिमाण विपत्र (अपलोड / डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय बजे तक। :– दिनांक– 12.01.2024 को 15:00
4. मूल कागजात जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान :– दिनांक–13.01.2024 को 15:00 बजे तक।
   a विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना।
   b विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 13.01.2024 को 3.30 बजे अपराहन्।
6. परिमाण–विपत्र की बिक्री एवं स्थान :– वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
8. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन।
9. **कार्य का विवरण :–**

क्र0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण–विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य (न लौटाने योग्य)	ई–निविदा Bid processing fee	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Provision of Electrical Wiring & Electrical Installation and UPS System at 6th Floor at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna	33,34,650/-	67,000/-	5,000/-	As Per Online Requirement	30 दिन।

विस्तृत जानकारी www.eproc2.bihar.gov.in/**state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 013889 (BCD) 2023-24
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

महाप्रबंधक खंडेलवाल ने कटिहार-बरौनी रेलखंड का किया निरीक्षण

महाप्रबंधक ने सोनपुर मंडल के रेलखंड के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

पटना। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने सोनपुर मंडल के कटिहार-बरौनी रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस रेलखंड पर स्थित स्टेशनों पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सकुर्लेटिंग एरिया, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विविध पहलुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्टेशनों पर विकसित की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा भी लिया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम कटिहार स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने क्रू-लॉबी, रनिंग रूम को देखा। उन्होंने क्रू-लॉबी के किचन में खाने की गुणवत्ता की जांच की तथा रेलकर्मियों से बात कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से अवगत हुए। इसके बाद महाप्रबंधक ने सेमापुर स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सकुर्लेटिंग एरिया सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया एवं उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने सेमापुर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान यात्रियों के लिए उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता को स्वयं पी कर भी परखा। उन्होंने काढ़ागोला रोड स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी पुनर्विकास कार्य की समीक्षा भी की। उन्होंने कुसेर्ला स्टेशन का निरीक्षण किया तथा गुड्स साइडिंग का भी जायजा लिया तथा साइडिंग में मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने नवगछिया स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे स्टेशन सहित सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया एवं स्टेशन के उत्तरी तथा दक्षिणी प्रवेश पथ का मुयायना किया। उन्होंने नवगछिया स्टेशन के जारी पुनर्विकास कार्य की समीक्षा भी की। महाप्रबंधक ने महेशखूंट स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बनने वाले नए स्टेशन भवन के स्थान का निरीक्षण किया तथा पुराने स्टेशन भवन, कोनकोर्स एरिया, प्लेटफार्म एवं कैटरिंग सेवा सहित यात्री सुरक्षा एवं सुविधा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। महाप्रबंधक ने मानसी स्टेशन का भी निरीक्षण किया। यहां पर उनके द्वारा विस्तारित तथा नवीनीकृत रनिंग रूम का उद्घाटन किया गया। महाप्रबंधक ने खगड़िया स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे स्टेशन सहित प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया, पैनल रूम, बुकिंग काउंटर आदि निरीक्षण किया। महाप्रबंधक बेगूसराय पहुंचे जहां उन्होंने प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया आदि का निरीक्षण किया तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी पुनर्विकास कार्य की समीक्षा भी की। अंत में महाप्रबंधक ने बरौनी स्टेशन पर सयुंक्त क्रू लॉबी का निरीक्षण किया तथा संरक्षा की समीक्षा की। मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि बरौनी स्टेशन का लगभग 300 करोड़ की लागत से स्टेशन का विकास किया जा रहा

संक्षिप्त खबरें

पुलिस और अपराधी मुठभेड़ में निर्दोष सलाखें के पीछे

सौरबाजार/सहरसा। बैजनाथपुर पुलिस शिविर क्षेत्र के खजुरी में करीब एक सप्ताह पूर्व पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुआ जिसमें पुलिस शिविर प्रभारी अरमोद कुमार व एसआई अरुण कुमार जख्मी हो गए। मौका देख अपराधी भागने में कामयाब रहा। हालांकि दोनों जख्मी को ग्रामीण चौकीदार व अन्य पुलिस बल के मदद से आनन फानन में लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज बैजनाथपुर लाया गया था जहां नाजुक स्थिति को देख बेहतर इलाज के लिए रेफर कर सहरसा भेज दिया गया था। जिसके बाद कई थाना की पुलिस ने खजूरी पहुंच कर घंटो प्रयास किया अपराधी को पकड़ने का लेकिन विफल साबित हुआ। इसकी जगह निर्दोष जो पंजाब अन्य शहर में मजदूरी कर अपने पूरे परिवार का भरण पोषण किया करता था आज वह सलाखें के पीछे हैं। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। जो निर्दोष व्यक्ति पुलिस और आपराधिक मुठभेड़ मामले में सलाखें के पीछे हैं उनके परिवार में खाने-पीने का समस्या उत्पन्न होने का मामला सामने आ रहा है। जो निर्दोष व्यक्ति सलाखें के पीछे हैं उनके बच्चे एवं परिवार उनके आने का इंतजार कर रहे हैं की कब घर आएंगे। सूत्रों के अनुसार अपराधी अभी भी पुलिस के पकड़ से बाहर हैं। स्थानीय लोगों ने वरीय पुलिस पदाधिकारी से जल्द से जल्द निर्दोष को इंसाफ दिलाने की मांग की है और अपराधी को सलाखें की पीछे भेज कर आजीवन कारावास की मांग की है ताकि इस तरह की घटना फिर दोबारा नहीं हो, जब पुलिस प्रशासन ही सुरक्षित नहीं है तो हम पब्लिक लोग किया सुरक्षित रहेंगे। खजूरी के भगवानपुर गांव सन्नाटा सा दिख रहा है एक भी महिला पुरुष गांव में सही से नहीं रहा करते हैं। कोई भी फोर व्हीलर उस रास्ते से गुजरता है तो लोगों में डर समा जाता है की पुलिस तो नहीं आ गई है। वह भागने लगते हैं।

शॉर्ट सर्किट से किराना दुकान मे लगी आग

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के हरियो वार्ड संख्या 12 कारी घाट टोला में शुक्रवार रात बिजली की शॉर्ट सर्किट से उमेश पासवान के किराना दुकान मे आग लगने से लाखों का किराना का सामान जलकर खाक हो गया। विगत रात्रि में अचानक हुई आगलग्गी की घटना की सूचना मिलते ही बिहपुर थाना पुलिस व अग्निशमन दस्ता की टीम हरियो गांव पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने की जद्दोजहद में जुट गई आग इतना विकराल रूप में था कि आसपास के लोगों को भयवित कर दिया जिससे पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया था। वही पुलिस व ग्रामीणों की सूझबूझ से अथक प्रयास के बाद बुझाने में सफलता प्राप्त की। लेकिन तबतक इस अगलगी की घटना में दुकान का सारा सामान जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो चुका था। वही घटना को लेकर सरपंच प्रतिनिधि राज किशोर कुमार ने बताया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से उमेश पासवान के किराना का दुकान का सारा सामान जल गया है।

निगम के तानाशाही रवैया से तंग आ पार्षद ने दिया अनिश्चित कालीन अनशन सह धरना

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला के निगम कार्यालय का हाल किसी से छिपा नहीं है, जहां आए दिन तरह-तरह के प्रदर्शन देखने को मिलते हैं, कभी सफाई कर्मचारी हड़ताल का मामला हो तो कभी कार्यालय के कर्मी अपनी समस्या को लेकर प्रदर्शन करते दिखाई देते हैं, वही अब पार्षदों ने व्यवस्था से नाराज होकर अपनी विभिन्न मांगों को ले नगर आयुक्त के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। वही पार्षदों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के साथ अनसन पर बैठ गये है।

वही शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को ध्वस्त करने एवं भागलपुर नगर निगम प्रशासन के तानाशाही रवैया के खिलाफ वार्ड 16 की पार्षद अमृत राज ने निगम कैंपस में ही अनिश्चितकालीन अनशन के साथ धरना पर बैठ गई हैं। वही पार्षद का साफ तौर पर कहना है कि हम लोग जन प्रतिनिधि सिर्फ दिखावे के लिए हैं हम लोग अगर किसी भी तरह के सहयोग की अपेक्षा निगम से रखते हैं तो न तो नगर आयुक्त सुनते हैं ना ही मेयर और उपमेयर आखिर हम लोग करें, तो क्या करें, जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होती है, तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे रहेंगे। हालांकि इस विषय को लेकर कई बार उन्होंने नगर आयुक्त को आवेदन भी दिया था, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी तक किसी तरह का काम नहीं हो सका है। जिससे नाराज होकर वार्ड पार्षद अमृत राज ने निगम कार्य रवैया को लेकर मोर्चा खोल दिया है। अब सवाल यह है कि जन प्रतिनिधियों के नीतियों व मांगो को दरकिनार करते हुए निगम व मेयर व उपमेयर अपनी खोखली दाबे कब तक निभा पाएंगे जब वार्ड पार्षद ही उनके विपरीत दिशा में चल रहे हो, ऐसे में नगर का विकास होना दूर निगम का विकास मॉडल अधर में लटकता साफ दिख रहा है।

नशेड़ियों ने पत्रकार को किया बुरी तरह चोटिल

दरभंगा कार्यालय लहेरियासराय थाना क्षेत्र के करमगंज मुहल्ले मे कई नशेड़ियों ने मिलकर एक पत्रकार को लाठी डंटे से पीटकर बुरी तरह चोटिल कर दिया। चोटिल पत्रकार ने डीएमसीएच मे इलाज कराने के बाद लहेरियासराय थाना मे नशेड़ियों के विरुद्ध आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष कुमार कीर्ति ने कहा है कि प्राथमिकी दर्ज कर नशेड़ियों के खिलाफ कारवाई की जाएगी। पत्रकार मों एख्तेयार उर्फ लालबाबू ने बताया कि वह अपने बहन के यहां गया था। वहां देखा कि कई लड़के नशे का सेवन कर रहें है। उन्होंने जाकर मना किया कि यहां नशापान मत करो ,पारिवारिक जगह है। उन्होंने कहा कि इतने मे कई नशेड़ी आकर उन्हें लाठी डंटा से मारने लगा इस क्रम मे उनके आंख पर चोटें आयी। स्थानीय लोंगों ने उन्हें डीएमसीएच लाया। इलाज कराने के बाद वे थाने पहुंचे और नशेड़ियों के विरूद्ध थाने मे आवेदन दिया। दिये आवेदन मे यूसुफ गंज मुहल्ला के मों जब्बार कुरैशी के पुत्र सत्तार कुरेशी को नामजद अभियुक्त बनाते हुये थाना मे आवेदन दिया है।

वाह रे फॉरेंसिक टीम: बंद कमरे में छात्र का शव 14 घण्टे तक पुलिस कानून की प्रक्रिया का इंतजार करता रहा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय मुजफ्फरपुर से दरभंगा की दूरी मात्र 60 किलोमीटर है परंतु घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को पहुंचने के लिए 14 घंटा से अधिक का समय लगता है आपको यह बात आश्चर्य लग रहा होगा लेकिन यह कथन सही है। मामला लहेरिया सराय थाना क्षेत्र के रहमगंज मोहल्ला के के .एस. कॉलेज रोड स्थित शिवम छात्रावास में देखने को मिला . जहां शुक्रवार की देर रात इस छात्रावास के एक कमरे में महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान के नवमी वर्ग के छात्र जो दरभंगा जिला के बिरौल थाना क्षेत्र के कमरकाला गांव निवासी पवन कुमार कमती के 14 वर्षीय पुत्र मंगेश कुमार कमती का शव लॉज के एक बंद कमरे में फंदे से लटका हुआ था । जिसकी सूचना लॉज के छात्र ने 112 टीम को दी । जहाँ 112 टीम की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर बन्द कमरे में लटका हुआ शव को देखने के बाद बिना कोई कार्रवाई की है वहां से चला गया, यह कहकर की यह मेरा काम नहीं है। लेकिन सवाल उठता है कि 112 पुलिस की टीम का क्या काम है ?लॉज के छात्रों का कहना है कि अगर जिस समय 112 टीम की पुलिस पहुंची अगर बन्द कमरे के किवाड़ तोड़कर शव को देखता तो हो सकता था कि सकता था कि उस छात्र को बचाया भी जा सकता था ।

परंतु 112 टीम की पुलिस अपने दायित्व का निर्वाह करने में पल्ला झाड़ लिया।इतना ही नही कुछ देर के बाद लहेरिया सराय थाना की पुलिस भी पहुंची परन्तु वह भी रात में कोई आगे की प्रक्रिया करने में अपना पल्ला झाड़ते हुए चलते बने न किवाड़ को तोड़ा गया न - ही आगे की प्रक्रिया ही कर पाई ।इसके बाद शुक्रवार की रात लगभग 11:00 बजे पुलिस के द्वारा फॉरेंसिक टीम सूचना दी गई परंतु 14 घंटे बीत जाने के बाद भी फॉरेंसिक की टीम मुजफ्फरपुर से दरभंगा जिसकी दूरी मात्र 60 किलोमीटर है वहशनिवार के 1 बजे तक भी नहीं पहुंच पाई और बंद कमरे में छात्र का शव कानूनी प्रक्रिया का लगभग 14 घंटे तक इंतजार करता रहा। जिसके कारण लौट के छात्र सहित स्थानीय लोगों में पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम के विरुद्ध काफी चर्चा का विषय बना रहा।

स्थानीय लोगों का मानना है की पुलिस या फॉरेंसिक टीम अपने अपने कानून प्रक्रिया की दुहाई देकर पल्ला झाड़ते रहेंगे क्या इनलोगो का दायित्व नही था कि बन्द किवाड़ को तोड़कर पहले शव को देखे की जिंदा है मर चुका है।लोगो का मानना है कि इस तरह की मामले में यही रवैया रहा तो एक दिन फोरेंसिक टीम को आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

मंडल मोर्चा के गठन पर फोकस किया

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय जिला भाजपा किसान मोर्चा के संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देष्य से जिलाध्यक्ष संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्न ने मंडल मोर्चा के गठन पर खास तौर पर फोकस किया । इस बार किसान मोर्चा की कार्य समिति में दरभंगा जिले में कुल 34 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। शत्रुघ्न सहनी- बिरौल उत्तरी, तिरपित यादव-किरतपुर, भगवान ठाकुर-गौराबौराम, गोपाल जी चौधरी-बिरौल पश्चिमी, मनोज कुमार महतो- बिरौल नगर, राजा झा-बेनीपुर नगर, अरुण झा-बेनीपुर पूर्वी, संतोष झा-बेनीपुर पश्चिमी, विजय शर्मा-बहेरी नगर, अरुण सहनी- मनीगाठी पश्चिमी, विजय यादव- मनीगाछी पूर्वी, जितेंद्र यादव-दरभंगा ग्रामीण, गोपाल मिश्रा- घनश्यामपुर नगर, हीरा सिंह- घनश्यामपुर, हीरा प्रसाद यादव ह्यसुमनह्न- अलीनगर, अविनाश चौधरी-तारडीह, चंद्रमोहन ठाकुर-बहादुरपुर पूर्वी, उपेंद्र यादव-बहादुरपुर पश्चिमी, राम कुमार मिश्र-हनुमाननगर, मुकेश कुमार-दरभंगा सदर, श्रवण यादव- बहेरी पश्चिमी, चंद्रमोहन झा-बहेरी उत्तरी, मुकेश कुमार सिंह-बहेरी दक्षिणी, रंधीर झा-हायाघाट, तपेश्वर सिंह- कुशेश्वर पश्चिमी, रौशन राय-कुशेश्वर पूर्वी, योगी चौपाल-कुशेश्वर नगर, पंकज झा-बिरौल दक्षिणी, अजीत कुमार झा- सिंहवाड़ा पूर्वी, सुरेश यादव- सिंहवाड़ा पश्चिमी, ललित नारायण यादव- केवटी पश्चिमी, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया- केवटी पूर्वी, भोला सिंह- जाले, चंद्रशेखर ठाकुर पप्पू- कमतौल। इसके अलावा प्रशांत कुमार को किसान मोर्चा कार्यसमिति में मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्न ने कहा कि हम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के किसान हित में चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में दरभंगा जिले के हर गांव के किसानों तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का स्पष्ट मानना है कि जब तक देश के किसान सुखी और खुशहाल नहीं होंगे तब तक हमारा देश विकसित नहीं हो सकता है।

स्नातक पार्ट वन की परीक्षा शांतिपूर्ण आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

चकाई। फाल्गुनी प्रसाद यादव महाविद्याल चकाई में स्नातक सेमेस्टर 1 की परीक्षा शनिवार को भी शांति पूर्ण आयोजित की गईं।प्रथम पाली में 242 में से 230 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया जबकि 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।वहीं दुसरीं पाली में 42 परीक्षार्थियों में से 41 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

वही 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।ये जानकारी केंद्राधीक्षक एवं कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ.रविशंकर यादव ने दी।मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रो चन्द्र शेखर पंडित,रामनारायण यादव,भूदेव राय,कामेश्वर यादव, विजय कुमार सिन्हा,विजय कुमार,शरदेंदु शेखर,कृष्ण कुमार,रत्न कुमार यादव,राम कुमार,रोहित कुमार यादव,शिव शक्ति,मनोरमा कुमारी,सुजाता भारती,संगीता कुमारी,अनिल कुमार यादव,राजीव कुमार,रमेश कुमार,नरेश चन्द्र हेम्बरम,रघुवंश राय,श्यामनन्दन प्रसाद यादव,राजकुमार,करमचंद्र किस्कू आदि ने परीक्षा संचालन में भाग लिया।

बेहतर कार्य के लिए पदाधिकारी, कर्मी हुए पुरस्कृत

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को स्वच्छ, कदाचार मुक्त एवं सफल संचालन हेतु बेहतर कार्य करने में सहयोग प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी राजीव रौशन के द्वारा समाहरणालय के कई पदाधिकारी एवं कर्मी पुरस्कृत किए गए हैं। जिनमें जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार झा,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नवीन कुमार ठाकुर एवं जिलाधिकारी के आशुलिपिक जयप्रकाश सिन्हा एवं सत्यनारायण प्रसाद शामिल हैं।

एम 2 एस बैंकेट एंड कैफे को बिना कुछ जानकारी के सील का विरोध, जाच की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय नाजायज व मनमाने तरीके से लहेरिया सराय स्थित भी आई पी रोड स्थित एम 2एस बेकेट एंड कैफे को बिना कुछ जानकारी लिए या नोटिफिकेशन किये सील करने का विरोध करते हुए एम2एस बेकेट के मैनेजर उमाशंकर तिवारी ने करते हुए दरभंगा के वरीय पुलिस कप्तान से इसकी जांच करने की मांग की गई है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है 22-12-2023 को सध्या 530 एका एक सदर एसडीपीओ अंचलाधिकारी एवं लहेरिया सराय थाना अध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे और हमारे को प्रतिष्टान को सील जप्त कर दिया। जबकि उनसे पूछे जाने पर बताया कि ऊपर से आदेश है जिस कारण इस बेकेट कैफे को सील किया जा रहा है। जबकि सील से सम्बंधित आदेश के कागजात की मांग करने पर हमलोगों को यह कहते हुये हस्तगत नहीं कराया गया की वरीय आधिकारियों के आदेशनुसार से यह सील जप्त किया जा रहा है जिसका कागजात उनके आदेश पर दिया जाएगा। यहा बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है की दिनाक 16-12-2023 को भी हमारे प्रतिष्ठान में उक्त एस डी पी ओ एवं लहेरियासराय थाना के पदाधिकारी आकर छानबीन किये ,परन्तु हमारे प्रतिष्ठान में किसी प्रकार की आपतिजनक सामान बरामद नहीं हुआ था फिरभी लहेरियासराय थाना मैं हमारे प्रतिष्ठान के विरुद्ध कांड संख्या-589/2023 दिनांक 17-12-2023 अन्तर्गत दफा 30 (4) बिहार उत्पाद अधिनियम2018 के अन्तर्गत केस दर्ज किया गया और एफ आई आर में भी इस बात का जिक है की कमरा का विधिवत तलाशी लिया गया और वहा पर कोई आपतीजनक सामन बरामद (शराब) नहीं हुआ तब किस परिस्थिति में आकर बिना साक्ष्य एवं बिना सुचना के बेकेट हॉल को दिनांक 22-12- 2023 को सील जप्त किया जाना सरासर अनुचित प्रतीत होता है।

शिक्षक के आकस्मिक निधन पर शिक्षक संघ मे शोक, लोगों ने श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

श्रद्धांजलि

- मौलाना मो अलाउद्दीन शनिवार की दोपहर सुपुर्द ऐ खाक हुए।

अलीगंज। सेवानिवृत्त शिक्षक मौलाना मो अलाउद्दीन ने शुक्रवार की दोपहर जुमे की नमाज अदा करने बाद अंतिम सांस ली। उनके निधन की समाचार मिलते ही अलीगंज प्रखंड वासियो एव शिक्षक संघ मे शोक की लहर फैल गई। बता दे कि वे काफी सरल व नेक दिली इन्सान थे और अपने सेवा काल के लगभग 35 वर्षो तक +2 हाईस्कूल अलीगंज मे उर्दू शिक्षक के रूप मे सेवा प्रदान किया।और सेवानिवृत्त वर्ष 2001 मे पाकर धार्मिक कार्यो के साथ आमजन की सेवा मे जुड़े रहते थे। उनके निधन पर अलीगंज +2 हाईस्कूल के प्रभारी एचएम भुनेश्वर प्रसाद यादव,सोनखार के डा सतीश कुमार,साकेत कुमार,राणा राजीव कुमार सिंह,उदय शंकर,पंकज वर्मा,जवाहर प्रसाद यादव,भूषण सिंह,सुनील चौधरी,भोला जी,विश्वनाथ ठाकुर,संजय कुमार,प्रभारी एचएम संजय कुमार सिंह,मृत्युंजय यादव,समाजसेवी शशिशेखर सिंह मुन्ना,चंद्रशेखर आजाद,रविशंकर सिंह, शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार ,कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र पासवान उर्फ गुरूजी,एचएम रूपलाल चौधरी,आनंद लाल पाठक,अशोक कुमार,तनवीर हसन,मो अनवर इकबाल,मो शमशाद,मो फखरूदीन के अलावे प्रखंड क्षेत्र के तमाम शिक्षक,बुद्धिजीवी व समाजसेवी व जनप्रतिनिधियो ने मौलाना साहब के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।बता दे कि मौलाना साहब अपने पीछे पाच पूत्र सहित भरा पुरा परिवार छोड गये है। चार पूत्र शिक्षक व एक पूत्र मजहर हुसैन मुंगेर जिला मे शिक्षा विभाग मे डीपीओ के पद पर कार्यरत है।

बीरपुर क्षेत्र के नेता कुमार शशिन्द्र सिंह का 95 वर्ष में निधन

आनंद अभिषेक, प्रात : किरण संवाददाता

बीरपुर/सुपौल। बीरपुर क्षेत्र के मुखिया जी उर्फ कुमार शशिन्द्र सिंह का 95 वर्ष में निधन हो गया। बीते शुक्रवार को पटना के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। 1977 के जे .पी आंदोलन से उन्होंने राजनीतिक जीवन की शुरूआत कीऔर शीर्ष नेताओं के साथ कदम से कदम मिला कर आगे बढ़े। वे सहरसा क्षेत्र के अध्यक्ष भी रहे।कोशी क्षेत्र के क्षेक्षणिक पिछड़ेपन को देखते हुये उन्होंने बीरपुर में अपने पिताजी के नाम पर उच्च विद्यालय की स्थापना की जो कलांतर में मुखिया जी के नाम से जाने जाने लगा। 1984 में उन्होंने के.एस. कॉलेज की स्थापना की। उनके निधन पर बीजेपी के विधायक नीरज बबलू का कहना था कि उनके निधन से एक युग का अंत हो गया। उन्होंने कहा कि मुखिया जी एम. पी, एमएलए के ऊपर के चीज थे। मुखिया जी अपने पीछे तीन पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़ गए। रविवार को सुबह उनके पार्थिव शरीर का दाह-संस्कार किया जाएगा।

सहरसा के डिप्टी मेयर बने युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, एवं माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सहमति से सहरसा के डिप्टी मेयर उमर हयात उर्फ गुड्डु हयात को युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव के द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि गुड्डु हयात काफी लोकप्रिय है हमेशा गरीबो शोषितों वंचितों की लड़ाई लड़ते रहते है। पार्टी में गुड्डु के सक्रियता से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मनोनयन से सहरसा जिला कमिटी में भी काफी हर्ष का माहौल है। युवा जिलाध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि गुड्डु हयात के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनयन से जिला कमिटी को भी मजबूती मिलेगा। हर्ष व्यक्त करने वाले में सुमन सिंह, इमरान अली उर्फ माशूक, मोहम्मद शहनवाज आलम, शंकर कुमार शशि, मोबिन आलम, इकरामुल मक्की, अमित कुमार, धीरज सम्राट, रौशन सद्गोप सहित अन्य शामिल हैं।

किन्नरों का बढ़ता आतंक टाल प्लाजा पर किया हंगामा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी टॉल प्लाजा पर दिन प्रतिदिन किन्नरों का वर्चस्व बढ़ता जा रहे है। बीते शुक्रवार की देर रात एक पीअकप वैन पर सवार होकर पहुंचे लगभग 20 की संख्या में किन्नरों ने टॉल प्लाजा पर जमकर हंगामा किया, और बूथ केबिन में लगे शीशे भी तोड़ डाले। टॉल प्लाजा के क्षेत्रीय प्रबंधक महेश मिश्रा ने बताया कि एनएचएआई के निदेर्शानुसार किसी भी बाहरी व्यक्ति को टॉल प्लाजा परिसर में व्यवसाय,चंदा व किसी भी प्रकार की वसूली करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

एनएच 57 के रास्ते टॉल प्लाजा होकर गुजरने वाली बस को छोड़ सभी वाहन के चालकों एवं यात्रियों से किन्नरों के द्वारा जबरन वसूली किया जाता था। इंकार करने पर अश्लील हरकतें,गाली गलौज व ईंट पत्थर फेंक वाहनों को क्षतिग्रस्त भी कर देते हैं। उन्होंने बताया कि जब टॉल अधिकारी के द्वारा किन्नरों को टॉल परिसर से हटने के लिए कहा गया तो इसके एवज में प्रतिमाह तीस हजार रुपए देने का डिमांड किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते तीन सप्ताह पूर्व मुजफ्फरपुर से शादी कर दुल्हन के साथ अररिया लौट रहे दूल्हे से किन्नरों ने जबरन बख्शीस मांगा । जब दूल्हे ने बख्शीस देने से इंकार किया तो उसके हाथ तोड़ डाले।

कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के जारंग डीह चौक के समीप एनएच 57 पुलिया के पास से पुलिस ने एक बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए बदमाश की पहचान जारंग मलहटोली गांव के रौशन कुमार सिंह बताया गया है। थाना अध्यक्ष मोनू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार हुए व्यक्ती दो दिन पूर्व सीतामढ़ी जेल से जमानत पर छूट कर घर आया था। उसे सीतामढ़ी जिले के नानपुर थाना क्षेत्र में हुई लूटकांड में जेल भेजा गया था। गायघाट थाने में भी मादक पदार्थों की खरीद बिक्री मारपीट समेत तीन कांडों में अभियुक्त है और जमानत पर है। पुछताछ के क्रम में रौशन कुमार सिंह ने बताया कि जेल से छूटकर आए हैं, और जेब खर्च के लिए छिनतई करने के लिए रोड पर खड़े थे।

योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नियमित योग, संतुलित खानपान एवं संयमित दिनचर्या अपनाने से ही हम सदा स्वस्थ रह सकते हैं। उक्त बातें शिव प्राण मैटी मिशन ऑफ इण्डिया के द्वारा मध्य विद्यालय नारायणपुर परिसर के प्रांगण में छात्रों के बीच एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने बताते हुए मैटी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के निदेशक सह ह्यमिशनह्न के सचिव डॉ. सुभाष कुमार विद्यार्थी नें कहा कि योग प्राणायाम करने से मानव के अंदर जीवनी शक्ति (रोग प्रतिरोधक क्षमता) की बृद्धि होती है। जिसे गंभीर एवं संक्रामक बीमारी से भी लंम्बे समय आयु तक बचे रह सकते हैं। वही उपस्थित विद्यालय के करीब सौ नामांकित छात्र छात्रों को डॉ. विद्यार्थी नें कई तरह के योग एवं आसनों को कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार रूप से बताया है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार, शिक्षक रविंद्र कुमार यादव, मुकेश कुमार गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, रूपेश कुमार यादव सहित शिक्षिका अनिता मद्धेशिया नें भी छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन में अपनाने की बात कही है।

जीविका के द्वारा रोजगार मेला सह मार्गदर्शन मेला हुआ आयोजित

- जीविका रोजगार मेला में हजारों की संख्या में पहुंचे युवक-युवतियां
- जीविका रोजगार मेला में 846 युवक- युवतियों ने कराया निबंधन

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जीविका जमुई के सौजन्य से सोनो प्रखंड स्थित आदर्श मध्य विद्यालय, सोनो में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत रोजगार-सह-मार्गदर्शन-मेला का आयोजन किया गया` रोजगार मेले में युवाओं के नियोजन हेतु 16 कंपनिया शामिल हुईं मेले का विधिवत उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक जीविका श्री संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोहम्मद मोइउद्दीन, एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार के द्वारा रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गयो जीविका जमुई के द्वारा सोनो प्रखंड में यह 24वां रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का संचालन रोजगार प्रबंधक सुजीत कुमार, प्रबंधक संचार सुनीता कुमारी एवं सामुदायिक समन्वयक देवरतन कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गयो रोजगार मेले में हजारों की संख्या में युवक-युवतियां पहुंचे थे मेले में 846 युवक-युवतियों ने अपना निबंधन करायो वहीँ 496 युवाओं को सीधी भर्ती के तहत ऑफर लेटर दिया गयो 57 अभ्यर्थियों को डीडीयूजीकेवाई एवं 146 अभ्यर्थियों को आरसेटी जमुई के द्वारा प्रशिक्षण के लिए चयन किया गयो प्रखंड प्रमुख श्री मति शिला कुमारी एवं सोनो अंचल अधिकारी राजेश कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुऐ। रोजगार मेला में युवाओं के नियोजन के लिए रक्र सिक्यूरिटी लिमिटेड, होप केयर इंडिया लिमिटेड, नव भारत फटीर्लायजर, एलआईसी जमुई, क्ळटेक, एल & टी(छ&ळ), फ्लिपकार्ट, वेल्सपन इंडिया, क्वेश, विजन इंडिया, एडुसपार्क, जीएसएफ(ऋत्रऋ), आई.सी.आई.सी.आई अकेडमी, शिवशक्ति बायोटेक एवं प्रशिक्षण के लिए डीआरसीसी जमुई व आरसेटी जमुई भाग ले रही है कार्यक्रम की शुरूआत जीविक समूह दीदी बिंदु कुमारी, किरण कुमारी, राखी कुमारी एवं अंजू कुमारी के द्वारा द्वारा स्वागत गान से हुई स्वागत गान के बाद सभी अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। रोजगार मेले के बारे में समुचित जानकारी प्रबंधक रोजगार के द्वारा दी गई उन्होंने मेले में आई सभी कंपनियों को विस्तार से बताया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मो मोइउद्दिन ने मेले में आये लोगो को संबोधित करते हुए कहा की जीविका के माध्यम से जन-जन तक आज सरकारी योजनाएं आसानी से गाँव तक पहुँच रही है उन्होंने मेले में आये युवाओं को अधिक-से-अधिक मेले का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कियो डीपीएम जीविका श्री संजय कुमार ने जीविका द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत आज सोनो प्रखंड में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने में जीविका एक माध्यम का काम कर रहा है उन्होंने युवाओं को मार्गदर्शित करते हुआ कहा की रोजगार का मतलब सिर्फ यह नहीं होता है की हमलोग सिर्फ नौकरी ही करे, आप स्वरोजगार भी कर सकते हैं आज इसका ज्वलंत उदहारण जीविका में ही देखने को मिल रहा है हमारे यहाँ जीविका की दीदियाँ, जो समूह से ऋण लेकर आज आपना खुद का रोजगार कर रही हैं रोजगार मेले के मध्यम से ही सीधी भर्ती के तहत आज नौकरी कर रहे बरहट प्रखंड के नंदन कुमार एवं सोनो प्रखंड के अजित कुमार के द्वारा अनुभव साझा किया गयो धन्यवाद ज्ञापन के तौर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार ने रोजगार मेले में आये युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए सोनो प्रखंड में जीविका की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। रोजगार मेले में सीधी भर्ती के तहत 496 युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया। मेले में 846 युवक-युवतियों ने अपना निबंधन करायो 57 अभ्यर्थियों को डीडीयूजीकेवाई एवं 146 अभ्यर्थियों को आरसेटी जमुई के द्वारा प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया।

मां आरण्य देवी मंदिर के ग्राउंड फ्लोर की हुई ढलाई

प्रात : किरण संवाददाता

- 108 फीट का ऊंचा बनेगा मां अरण्य देवी का भव्य मंदिर
- मां अरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के तत्वाधान में मंदिर का चल रहा नवनिर्माण कार्य

आरा। शहर की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर का नवनिर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को माता के मंदिर के ग्राउंड फ्लोर की ढलाई का कार्य शुरू हुआ। इसके पूर्व ब्राह्मण द्वारा पूजा-पाठ कराकर ढलाई का कार्य शुरू किया गया। मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि ढलाई का कार्य सुबह 10 बजे से शाम साढे.7 बजे तक चला। ढलाई के दौरान विभिन्न विभागों के ठेकेदार के नेतृत्व में एक्सपर्ट व मजदूरों की टीम अपने कार्यों को अंतिम रूप देने में लगी रही। ढलाई का कार्य इंजीनियर जीतू सिंह एवं ठेकेदार धर्मेंद्र कुमार सिंह की देखरेख में हुआ। श्री कुमार ने बताया कि आज मां आरण्य देवी मंदिर के गर्भगृह के सामने एवं बाई तरफ के हिस्से की ढलाई का कार्य पूरा हुआ। दूसरे चरण में भैरव बाबा मंदिर एवं दाहिने हिस्से का ढलाई का कार्य होगा। ढलाई के दौरान भक्तों को भैरव बाबा के मंदिर के बगल की गली प्रवेश कराया जा रहा था। ताकि भक्तों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। आगे भी मां आरण्य देवी मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु-भक्त भैरव बाबा मंदिर के बगल वाली गली से ही प्रवेश और निकास। करेंगे। इस मौके पर मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भीम सिंह भवेश, सचिव अरविंद कुमार पांडेय, कोषाध्य

संक्षिप्त खबरें

बिजली चोरी के आरोप में दो पर एफआईआर हुआ दर्ज

मधुबनी। नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी विद्युत शाखा खजौली के कनीय अभियंता प्रियरंजन झा के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में बिजली चोरी कर उपयोग करने के आरोप में दो व्यक्ति पर केस दर्ज हुआ है। जिसमें लक्ष्मीपुर गांव निवासी संजीव यादव पर 13271 रूपया तथा रामाशीष राय की पत्नी अनीता देवी पर 20864 रूपया का बकाया सहित जुमार्ना लगाया गया है। ये दोनो टोका फंसाकर बिजली का उपयोग कर रहे थे। सर्विस तार भी जब्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि आवेदन के आधार पर केस दर्ज हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई होगी।

विवाहित लड़की का अपहरण का मामला हुआ दर्ज

मधुबनी। खजौली थाना क्षेत्र के एक गांव की एक पिता ने खजौली थाना में विवाहिता बेटी की अपहरण से सबंधित मामला दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआईआर के अनुसार घटना 18 दिसम्बर के रात की है। कोठिया गांव निवासी मो ताजीम ने उसके बेची रात रात के करीब 12 बजे उठा ले गया। वह तीन बच्ची की मां है एक बेटा एवं दो बेटी है। घटना की जानकारी सुबह में हुई। बच्चा जब सुबह में उठा और मां के लिए रोया तो उसकी खोजबीन की गई, तो पता चला की मो ताजीम ने उसे अपहरण कर ले गया। इससे पूर्व भी वह घटना का अंजाम दे चुका है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है दोषी पर कार्रवाई होगीं।

जनता दरबार में 4 मामलों का किया गया निष्पादन

चकाई थाना परिसर मे शनिवार को चकाई पुलिस की देखरेख में अंचलाधिकारी राकेश रंजन द्वारा भूमि विवाद से जुड़े मामले के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें चकाई थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से 6 मामले आए जिसमें 4 मामलों का निष्पादन किया गया। जबकि 2 मामले लंबित रह गया। वही इस संबंध में सीओ राकेश रंजन ने बताया कि थाना क्षेत्र मे भूमि विवाद से जुड़े मामले को लेकर सप्ताह के हर शनिवार को जनता दरबार का आयोजन कर भूमि विवादों का निपटारा किया जाता है। जनता दरबार में 6 मामले आए जिसमें 4 का त्वरित निष्पादन किया गया। वही 2 मामले लंबित है जिनका भी जल्द ही निष्पादन किया जाएगा।

एक ही स्थान से दो बाइक की हुई चोरी

चौसा (मधेपुरा)। पोखर के पास अवस्थित सब्जी हाट से दो बाईक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पीड़ित बाईक चालकों ने थाने में आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। बताया गया कि भवनपुरा टोला के उमाकांत पासवान का काला रंग की एच एफ डिलक्स बाईक बीआर यू 0387 सब्जी हाट में लॉक कर सब्जी की खरीदारी कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाईक चोरी कर फरार हो गया। वहीं चौसा पश्चिमी के उमेश साह का काला रंग की सीडी डीलक्स बाईक बीआर ए 0387 अज्ञात चोरों ने बाईक का लॉक तोड़कर लेकर फरार हो गया है।

बेनीपुरी सजीव रूप से जनता के बीच रहें उपस्थित हैं :संजय पंकज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कलम के जादूगर श्री रामबृक्ष बेनीपुरी की 124वीं जयंती पर जिला प्रशासन के सौजन्य से साहित्यिक समूह मंडली ने उन्हें कृतज्ञता और आभार प्रकट किया। समाहरणालय सभागार में दीप प्रज्जवलित कर जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम का आगाज किया। उनके चित्र पर उपस्थित साहित्यकारों एवं आगंतुकों ने माल्यापर्ण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। हेमा सिंह द्वारा सरस्वती बंदना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। आगंतुक अतिथिगण को पौधा एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ॰ संजय पंकज जो कवि एवं वरिष्ट साहित्यकार हैं, उन्होंने रामबृक्ष बेनीपुरी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हमारे बीच 124 वर्ष बाद भी सजीव रूप में उपस्थित है। प्रभारी जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने उनके न सिर्फ साहित्यिक बल्कि मानवीय पहलु को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में उनकी सोच और बिचार आदि प्रासंगिक है तथा हमें उनका अनुकरण करना चाहिए। डॉ॰ सतीश कुमार राय, पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग, बिहार यूनिवर्सिटी ने अपने ओजस्वी भाषण से उनके साहित्यिक कर्म को उपस्थित प्रबुद्ध जनों के बीच उकेरा। वरिष्ठ हिन्दी के प्राध्यापिका डॉ॰ पुनम सिन्हा ने भी इनके ग्रामीण परिवेश से लगाव एवं उनकी साहित्यिक फलक को विस्तार से रेखांकित किया। डॉ॰ आशीष कुमारी कान्ता, प्राध्यापक, रामदयालु सिंह महाविद्याल, मुजफ्फरपुर ने उनके जीवनी और साहित्यिक कर्म को विस्तार से बताया। फिर डॉ॰ ममता रानी, प्राचार्य रामबृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय, मुज॰ ने भी बेनीपुरी जी के साहित्यिक उड़ान को नमन करते हुए बताया कि आर.बी.बी.एम. कॉलेज में बेनीपुरी जी के कृत्यों पर अब पी. एच.डी. करने का सुनहरा अवसर हो गया है। श्री प्रेम कुमार मणि जो पटना से आमंत्रित साहित्यकार हैं, उन्होंने भी उनके कृत्यों पर अपना उदगार व्यक्त किया। अजय कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन ने कार्यक्रम के समाप्ति के बाद उपस्थित विद्धानों का धन्यवाद ज्ञापन किया। गोपाल फलक, पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक विकास प्रभारी रविशंकर, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, दिनेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सत्यप्रिय कुमार सहित सुधीर कुमार, चॉदनी समर, हरिशचन्द्र पासवान, कविता आदि प्रबुद्ध श्रोतागण उपस्थित थें।

जलते दीपक के समान थे बेनीपुरी

मुजफ्फरपुर। बेनीपुरी को समग्रता में समझना आज इसलिए भी जरूरी है कि उनकी राजनीति एक वैसे जलते हुए दीपक के समान थी जो सिर्फ और सिर्फ प्रकाश फैलाना जानती है जो सिर्फ देना जानती है, खुद के लिए कुछ नहीं चाहती। ये बातें साहित्यकार ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहीं। वे आज प्रोग्रेसिव कल्चरल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीएसीआइ) द्वारा ए.आई.डी.एस.ओ. कार्यालय मोतीझील में रामबृक्ष बेनीपुरी के साहित्य एवम उनके विचारों की प्रासंगिकता विषय विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्य अतिथि पुष्पा गुप्ता ने कहा कि सामाजिक क्रांति की अग्नि में स्त्रियों की गुलामी जलने ही वाली है। डॉ. कुमार विरल ने कहा कि वर्तमान दौर पठनीयता का व्यापक ह्रास हुआ है। नई पीढ़ी को बेनीपुरी का साहित्य से अवगत होने की जरूरत है। कर्मचारी यूनियन के नेता शंभू शरण ठाकुर ने कहा कि बेनीपुरी का सोच समाजवादी और लक्ष्य समाजवादी समाज का निर्माण था। अच्युतानंद किशोर नवीन ने कहा कि बेनीपुरी का रचना संसार बड़ा समृद्ध है।

25 दिसंबर को मनाई जाएगी अटल जी की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आगामी 25 दिसंबर को अटल जयंती के अवसर पर कांटी क्षेत्र के पानापुर हाई स्कूल के मैदान में बड़ी संख्या में अजीत समर्थक जुटेंगे। इस मौके पर कार्यकताओं के द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को उनके जन्मदिन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता बाजपेयी जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाएंगे। उक्त निर्णय शनिवार को बीबीगंज स्थित पूर्ण मंत्री अजीत कुमार के आवास पर संपन्न हुए कार्यकताओं की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता टीम अजीत कुमार के अध्यक्ष मुखिया इंद्र मोहन झा ने किया। बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार ने बताया की अटल जयंती पर पानापुर हाई स्कूल के मैदान में दस हजार से अधिक कार्यकर्ता साथी जुट कर स्वर्गीय वाजपेयी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इस मौके पर सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया है। श्री कुमार ने कहा कि उक्त जुटान में मैं कार्यकताओं के साथ बीते वर्ष की उपलब्धि व क्रियाकलाप पर चर्चा करते हुए वर्ष 2024 की कार्य योजना का एलान करुंगा। उन्होंने ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के लिए जिले के दस हजार से अधिक कार्यकताओं कोआमंत्रित किया गया है। बैठक में साकेत रमन पांडे, कमलेश कांत गिरी , रमेश कुमार शर्मा , बिट्टू गुप्ता, राजकुमार सिंह, रणधीर कुमार सिंह, मंकू पाठक, पंचायत समिति सदस्य सोनू कुमार , पूर्व मुखिया शशि रंजन प्रसाद सिंह उर्फ डबलू सिंह, भोला कुशवाहा, सरोज कुमार चौधरी, सुनील शर्मा, अजय ठाकुर , मोहम्मद शमीम, उपेंद्र शाह , मुन्ना शाही , मनीष ठाकुर, मुखिया मुकूंद कुमार, सुमन कुमार सिंह ,नुनू मिश्रा, रंजीत चौधरी, विकाश पांडे, अशोक पासवान, नागेंद्र पंडित, इंदल शाह, प्रमोद पांडे , सुबोध चौधरी, शैलेंद्र त्रिवेदी आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

सरपंच संघ का जिला स्तरीय 15वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। खजौली किसान भवन सभागार में शनिवार को जिला सरपंच संघ का 15वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन शराबे पंचायत के सरपंच व प्रखंड़ सरपंच संघ खजौली के अध्यक्ष सुप्रिया सिंह की अध्यक्षता में किया गया. इस कार्यक्रम का मंच संचालन सरपंच संध के प्रदेश संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर के द्वारा किया. कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय उपसमाहर्ता मयंक सिंह, संघ के प्रदेश अध्यक्ष आमोद कुमार निराला, प्रदेश उपाध्यक्ष नागेश्वर सिंह, संगठन प्रभारी नागेश्वर सिंह, मधुबनी जिला सरपंच संध अध्यक्ष वशिष्ठ कुमार झा, सीतामढ़ी जिलाध्यक्ष राघवेदंर कुमार सिंह, राजीव कुमार राय, प्रखंड सरपंच संध अध्यक्ष सुप्रिया सिंह, स्वतंत्रता सेनानी केदार सिंह, बीडीओ लवली कुमारी, बीपीआरओ हेमनारायण महतो, मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद राउत, जिप सदस्य जितेंद्र भारती, शंभूनाथ ठाकुर, खजौली सरपंच बेबी कुमारी, उग्रनाथ मिश्र प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष महादेव मिश्र के द्वारा संयुक्त रूा से दीप जलाकर किया. सघ की ओर से सभी आगंतुकों को मिथिलांचल रीति रिवाजानुसार पाग दोपटा एवं फूल मालाओं से सम्मानित किया गया. वक्ताओं ने ग्राम कचरही की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की।

सरपंच संध के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला ने कहा कि अब समाज में छोटी-छोटी घटनाओं का निराकरण ग्राम कचरही स्तर पर ही हो जाता है, लोगों को थाना का चक्कर नही लगाना होता है। इस अवसर पर सघ की ओर से 11 सूत्री प्रस्ताव भी रखा गया. वही सीतामढ़ी जिला सरपंच अध्यक्ष राधवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 के ग्राम कचहरी संचालन नियमावली 2007 की धारा-109,113,114,115.119.122 एवं अन्य धारओं का अनुपालन माननीय न्यायालय एवं पुलिस प्रशासन द्वारा क्रियान्वित किया जाय. साथ ही ग्राम कचहरी के अन्तर्गत आने वाले धाराओं को स्थानीय पुलिस द्वारा मनमानी किये जाने पर रोक लगवाया जाय. वही ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राउत ने कहा कि ग्राम कचहरी वादों के नोटिस तामिल करने हेतु चौकिदार की सेवा उपलब्ध कराने के विभागीय आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करवाया जाय . आये दिन हो रहे ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों पर झुठे मुकदमें पर रोक लगावाया।

वही समाजसेवी व मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि सरपंच पंच पर असमाजिक तत्वों के द्वारा हमले करने वाले व्यक्तियों पर विधि सम्मत कारवाई किया जाय . उन्होंने कहा कि ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों के लम्बित मासिक नियत भत्ता, निजी भवन में चल रहे ग्राम कचहरी कार्यालय का किराया, राज्य पंचम् एवं षष्टम् वित आयोग के द्वारा ग्राम कचहरी कार्यालय सहायता अनुदान मद, प्रशासनिक व्यय मद, प्रशिक्षण यात्रा भत्ता में प्राप्त आवंटन का भुगतान ससमय करवाया जाय. वही जिला सरपंच संध के जिला अध्यक्ष वशिष्ट कुमार झा ने कहा कि निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन के कार्यों में संवेदक द्वारा की गई अनियमितता की जाँच करवाया जायें। तथा सभी पंचायतों में जमीन अधिग्रहण कर पंचायत सरकार भवन बनवाया जाय एवं निर्मित पंचायत सरकार भवन में ग्राम पंचायत एवं ग्राम कचहरी को सुव्यवस्थित किया जाय. उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में सरपंच को भी मतदाता बनाया जायें।

जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति के अत्याचार के मामले में राहत राशि एवं अन्य देय सुविधा उपलब्ध कराने की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि इस वितीय वर्ष मे अबतक 433 लाभुकों एवं 18 पेंशनधारियों को राहत अनुदान के तहत राहत राशि प्रदान की गई। 8 मामले में राहत राशि भुगतान हेतु करवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत मुआवजा राहत अनुदान का भुगतान लाभुक को ससमय हो, यह हर हाल में सुनिश्चित करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक मधुबनी द्वारा प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक से आरोप पत्र दायर करने में तेजी लाने हेतु सभी थाना अध्यक्ष मधुबनी को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया। माननीय न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में विशेष लोक अभियोजन द्वारा दी गई प्रतिवेदन से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा विशेष लोक अभियोजक को लंबित कांडों को त्वरित गति से निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों पर होने वाले अत्याचार की रोकथाम, ववअत्याचार पीड़ितों को ससमय मुआवजा व न्याय दिलाना एवं उसका अनुश्रवण करना इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सभी पीड़ितों को सरकारी दिशनिदेर्शों में वर्णित प्रावधानों के तहत देय राहत राशि का हरहाल में ससमय भुगतान कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित लाभुकों को ससमय राहतउपलब्ध कराने को लेकर पूरी तरह से गंभीर है।

राज्य पैरा एथलेटिक्स के लिए हुआ जिला टीम का चयन

प्रात : किरण संवाददाता

मुज्जफरपुर। पैरा गेम्स एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरपुर एवं जिला पी. डब्ल्यू. डी. संघ तथा रानी लक्ष्मी बाई महिला विकास समिति (सफल स्पेशल स्कूल) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पैरा एथलेटिक्स चयन आर. डी. एस. कॉलेज, मुजफ्फरपुर खेल परिसर में किया गया कदो घंटे तक चले जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम में अलग कैटेगरी के दिव्यांग जन ने अपना भाग्य आजमाया । जिसमे मुजफ्फरपुर जिला के श्री विश्वास राज पी॰डब्लू॰डी॰संघ मुजफ्फरपुर अध्यक्ष ने डिस्कस थ्रो तथा जैवलिंग थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल जीता , गोल्ड मेडल सोनू कुमार 42 केटोग्री से जबलिंग और डिस्कस थ्रो में गोल्ड , रामबालक पासवान डिस्कस थ्रो तथा शॉट पुट में गोल्ड , संजीव कुमार ठाकुर ,गौरी शंकर दास, आफताब आलम, अभिज्ञान भारद्वाज, मनीष कुमार, प्रिंस राज , हिमांशु , प्रियांशु कश्यप, सोनू राज, माधव कृष्ण मितल, धर्मेंद्र कुमार , बिठल कुमार, मोहमद रहमतुलाह, रंजन कुमार, मंगल कुमार ने खेल प्रितियोगिता में गोल्ड ,सिल्वर , ब्रोंस मेडल हासिल किए। अब

इसी खेल के आधार पर राज्य स्तरीय आगामी 24 दिसंबर दिन रविवार लंगट सिंह कॉलेज मुजफ्फरपुर में खेले जाएंगे ।

बच्चों के विवाद को ले हुई मारपीट, एक घायल

कुमारखंड (मधेपुरा)। थाना क्षेत्र के सिहपुर वार्ड नंबर 5 में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के एक लोग घायल हो गए। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैरना चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। घायल सिहपुर वार्ड नंबर 5 निवासी अरुण मलिक ने बताया मेरा पड़ोसी मुन्ना मलिक राधा देवी बच्चों की विवाद में मेरे बच्चे को गाली गलौज कर मारपीट कर रहे थे। जब मना किया तो उक्त सभी व्यक्ति गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर उदय कुमार ने बताया आवेदन मिलते ही जांच कर समुचित कार्यवाही की जाएगी।

पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए अपशिष्ट प्रशासन इकाई का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा)। कुरसंडी पंचायत अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई (कचरा घर) का उद्घाटन बासुदेवपुर में अनुमंडल पदाधिकारी एस जेड हसन के द्वारा किया गया। लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत प्रत्येक घर से कचरा उठाकर एक जगह एकत्रित करने के उद्देश्य से कुरसंडी पंचायत के वासुदेपुर में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों के द्वारा उठाया गया कचरा यत्र तत्र निस्तारण न करके अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई में कचरा निस्तारण किया जाए। मौके पर मौजूद कुरसंडी पंचायत के मुखिया कुंदन सिंह ने स्वच्छता कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य अंशु कुमार एवं नासिर साहब वार्ड सदस्यगण, स्वच्छता पर्यवेक्षक, सभी सफाई कर्मी एवं पंचायत वासी उपस्थित थे।

छात्र जदयू के जिला अध्यक्ष बने अभिमन्यु पटेल, दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। बिहार प्रदेश छात्र जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष आंनद मोहन ने संगठन को सशक्त, मजबूत एवं धारदार बनाने के लिए अभिमन्यु पटेल को छात्र जिला अध्यक्ष पद पर मनोनयन करते हुए पत्र भी जारी किया है। अभिमन्यु पटेल छात्र हित में हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। नव मनोनित जिला अध्यक्ष ने मनोनयन पर मधेपुरा सांसद दिनेशचंद्र यादव एवं पूर्व मंत्री सह जदयू जिला अध्यक्ष रमेश ऋषिदेव, छात्र जदयू प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन एवं छात्र जदयू बीएनएमयू अध्यक्ष निखिल सिंह यादव के प्रति आभार प्रकट किया है। अभिमन्यु पटेल ने कहा कि जिस उम्मीद से मुझे छात्र जदयू मधेपुरा का अध्यक्ष बनाया गया है, उस पर मैं हर पल खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा। छात्र जदयू संगठन और मजबूत करूंगा एवं छात्रहित में मजबूती से संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार का आभार प्रकट किया एवं उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को छात्रों के बीच पहुंचाने का कार्य करने का प्रण किया। अभिमन्यु पटेल के छात्र जदयू जिला अध्यक्ष बनने पर पूर्व मंत्री सह वर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश ऋषिदेव, जदयू नेता संतोष संगम, दिलीप कुमार, छात्र जदयू विश्वविद्यालय प्रधान महासचिव मोनिका झा, छात्र जदयू विश्वविद्यालय महासचिव सनोज यादव, छात्र जदयू विश्वविद्यालय महासचिव कृष्ण गुप्ता, छात्र जदयू उपाध्यक्ष शिवम सिंघानिया, कोमल कुमार, सुहानी सिंह राजपूत, सुभाष यादव जदयू नेता आदि ने बधाई व शुभकामना दी।

चौसा में भाकपा का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा)। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने, विपक्षी सांसदों के निलंबन वापस लेने, भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देने, बिहारीगंज से भाया चौसा पचरासी होते नवगछिया तक रेल लाइन का निर्माण करने, बढ़ते अपराध एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर भाकपा कार्यकताओं ने आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के अंचल मंत्री बाबूलाल मंडल, वरीय नेता अंबिका मंडल, मुखिया नीरज सिंह, राजीव कुमार यादव आदि कर रहे थे। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में पार्टी के वयोवृद्ध नेता एवं पूर्व मुखिया रामदेव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि विपक्षी दलों के सांसदों का निलंबन वापस नहीं लिया गया एवं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया गया तो भीषण संग्राम होगा। उन्होंने कहा कि भूमिहीनों को बास की जमीन उपलब्ध कराने के प्रति जिला प्रशासन गंभीर नहीं है। अभियान बसेरा 2 के तहत अगर भूमिहीनों को नहीं बसाया गया तो गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने बढ़ते अपराध पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि अपराधियों के साथ नरमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बदली परंतु सरकारी पदाधिकारी

वीर शिवाजी टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ, नेपाल टीम ने बनारस को हराया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। इंडो नेपाल बॉर्डर पर अवस्थित मधवापुर प्रखंड के राम निरंजन जनता डिग्री महाविद्यालय रामपुर मधवापुर के ग्राउंड में वीर शिवाजी टी ट्वेंटी क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुधांशु शेखर, बेनीपट्टी एसडीएम मनीषा कुमारी, एसएसबी इंस्पेक्टर सुनील दत्त और थानाध्यक्ष राजकुमार मंडल समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मंगला गीत और अतिथियों का मिथिला परंपरा अनुसार पाग दुपट्टा और माला पहनाकर किया गया। पहला नॉकआउट लीग मैच उत्तर प्रदेश के बनारस बनाम नेपाल के रौतहट टीम के बीच खेला गया। जिसको लेकर विधायक और एसडीएम ने बैटिंग और बोलिंग कर पिच का उद्घाटन किया। फिर अंपायर ब्रजेश मिश्रा ने दोनों टीम के कप्तान के बीच टॉस उछाला। जिसमें बनारस के कप्तान ओम सागर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

ट्रिपल मर्डर मामले में पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू ने सरकार पर बोला हमला

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। मधेपुरा में ट्रिपल मर्डर मामले को लेकर भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा हम लोग 90 की दशक में जी रहे हैं, बिहार में जंगलराज नहीं बल्कि महा जंगलराज कायम है। दरअसल ट्रिपल मर्डर मामले को लेकर सदर थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव पहुंचे भाजपा नेता सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू ने राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला है। बता दें कि पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू ने मधेपुरा के सकरपुरा में हुए ट्रिपल हत्याकांड में मृतकों के घर पहुंचे इस दौरान उन्होंने मृतक परिजनों से मिलकर ढांढस बढ़ाया और कहा की वे इस मामले को लेकर हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे साथ हीं साथ जिला प्रशासन से परिवार के लोगों को सुरक्षा देने की बात भी करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपराधियों के सामने घुटना टेक दिया है। राज्य में जंगल राज नहीं बल्कि महा जंगल राज चल रहा है। प्रदेश में हर रोज हत्या, लूट, चोरी, डकैती सहित अन्य आपराधिक घटनाएं होती रहती है। उन्होंने सदर प्रखंड के सकरपुरा गांव में एक हीं परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या पर आक्रोश भी जताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन घटना को अंजाम देने से नहीं रोक पाती है आज बिहार में 90 की दशक के तरह हर जगह अपराधियों का बोलबाला है। अपराधी राज्य में सरकार की शह पर खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से हमारे पलटू राम पासा बदल सरकार में आए हैं तब से आए दिन रोज हत्याएं हो रही है। एक दूसरे के सुरक्षा करने वाले खुद सुरक्षित नहीं, कहीं दरोगा की हत्या तो कहीं पत्रकारों की हत्या हो रही हैं। पूरे प्रदेश में शराब माफिया और बालू माफिया का बोल बाला है। कानून व्यवस्था बिल्कुल समाप्त हो चुकी है, अब भगवान भरोसे लोग जिंदा है कब किसकी मर्डर हो जाएगा ये किसी को पता नहीं है।

चौसा में दो दिवसीय सत्संग आज, तैयारी पूरी

चौसा (मधेपुरा)। जनता हाई स्कूल के मैदान पर रविवार यानी आज अहले सुबह से दो दिवसीय संतमत सत्संग शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन समिति के पो. गौरी शंकर भगत, केदार भगत, राजेंद्र भगत ने कहा कि जनता हाई स्कूल के मैदान पर दो दिवसीय संतमत सत्संग का भव्य आयोजन शुरू हो जाएगा। सत्संग प्रत्येक दिन दो पालियां में आयोजित की जाएगी। इस दौरान भागलपुर कुप्पाघाट के गुरुसेवी स्वामी भागीरथ दास जी महाराज श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। सत्संग में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भव्य पंडाल, रोशनी, पेयजल, शौचालय तथा भोजनालय सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।

दिल्ली पुलिस ने लूटकांड के एक अभियुक्त को 6.99 लाख के साथ किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा)। दिल्ली पुलिस की पांच सदस्यीय टीम कुमारखंड थाना क्षेत्र स्थित बिशनपुर बाजार पंचायत के टिकुलिया गांव में कुमारखंड पुलिस के सहयोग से मोबाइल लोकेशन के ट्रेस पर छापेमारी कर दिल्ली स्थित जेजे कॉलोनी बवाना, थाना एनआईए क्षेत्र में लूटकांड के बड़े घटना को अंजाम देकर फरार हुए एक अपराधी को 6 लाख 99 हजार रुपया नगद के साथ गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया दो सप्ताह पूर्व जेजे कॉलोनी बवाना, थाना एनआईए दिल्ली में गिरफ्तार अपराधी मो. नसीम उर्फ छोटू मेडिकल एजेंसी स्टोर में दुकान का ताला तोड़कर अपने सहयोगी के साथ 28 लाख रुपया की लूट कांड की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पहचान में आए गिरफ्तार अपराधी मोहम्मद नसीम उर्फ छोटू की गिरफ्तारी के लिए वर्तमान पता जेजे कॉलोनी बवाना में दिल्ली पुलिस छापेमारी किया तो वहा से फरार हो गया। जहां स्थाई पता बिहार राज्य के मधेपुरा जिला स्थित श्रीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर परमानंदपुर निवासी बताया गया। गिरफ्तार अपराधी मो. नसीम उर्फ छोटू दिल्ली में कई अपराधी घटना को अंजाम दिया है। उनके ऊपर 25 गंभीर आपराधिक मामला दर्ज है। मोबाइल लोकेशन ट्रेस के माध्यम से कुमारखंड थाना पुलिस पदाधिकारी के सहयोग से दिल्ली पुलिस टिकुलिया गांव में मो. नसीम उर्फ छोटू अपने सुसराल में छिपकर रह रहे थे जहां से गिरफ्तार किया।

सम्पादकीय

मिमिक्री तो देश की

मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के बेहद महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया और उसी समय देश को मिमिक्री के बहस में उलझाए रखा गया। क्या देश का इससे बड़ा कोई और मखौल उड़ाया जा सकता है? थोक भाव से विपक्षी सांसदों को दोनों सदनों निकाले जाने के बाद संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उसका वीडियो बनाते देखे गए। और इसके साथ ही सत्ता पक्ष को तमाम दूसरे मुद्दों से ध्यान भटकाने का बहाना मिल गया। तो उप-राष्ट्रपति के संवैधानिक पद, जाट और किसान सबके कथित अपमान के मुद्दे उछाल दिए गए। यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धनखड़ के समर्थन में बयान जारी किया और राज्यसभा में उसकी निंदा के लिए प्रस्ताव भी लाया गया। जवाब में विपक्ष ने प्रधानमंत्री की कुछ पुरानी भाव-भंगिमाओं और बयानों को सोशल मीडिया पर शेयर उन्हें मिमिक्री का उस्ताद बताने की मुहिम छेड़ दी। उधर मेनस्ट्रीम मीडिया ने अपने श्रोता वर्ग को इस बहस में उलझ दिया कि कौन ज्यादा बड़ा मिमिक्रीबाज है।इस बीच संसद ने विपक्ष की गैर-हाजिरी में भारतीय दंड संहिता और साक्ष्य संहिताओं के नए तीन विधेयक पारित कर दिए। साथ ही लोकसभा ने टेलीकॉम बिल को मंजूरी दे दी। जाहिर है, इन सभी विधेयकों को बिना पर्याप्त संसदीय जांच-परख के पास कर दिया गया है, जबकि इनका प्रभाव देश के हर नागरिक पर पड़ेगा। मानव अधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पारित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता के बारे में कहा है कि इनसे भारत में अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ कार्रवाइयों में और बढ़ोतरी ही होगी। थिंक टैंक इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन (आईएफएफ) ने कहा है कि नए कानूनों से कोई सुधार होना तो दूर, उनसे सरकार का नियंत्रण और सख्त होगा। आईएफएफ ने दूरसंचार विधेयक के बारे में कहा है कि इसके जरिए नई पैकेजिंग में औपनिवेशिक अतीत को प्रस्तुत किया गया है। इस बिल में निगरानी और इंटरनेट को सस्पेंड करने जैसे सरकार के सारे अधिकार बरकरार रखे गए हैं। तो मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के इतने महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया और उसी समय देश को मिमिक्री के बहस में उलझाए रखा गया। क्या देश का इससे बड़ा कोई और मखौल उड़ाया जा सकता है?

आज के सन्दीपनि हैं कवि गुरु सक्सेना

गिरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण

कविता और काव्य में बहुत बड़ा अन्तर होता है। कविता अंश है और काव्य अंशी है। कविता लघु है काव्य का क्षेत्र व्यापक है। लघु होते हुए भी कविता काव्य का अर्क है। कविता तो सरस्वती की मुखरा बेटी है जिसे दुनिया की किसी भी भाषा में आसानी से ग्रहण किया जाता है। कविता युग को जगाती है। अपने युग को जाग्रत करना कवि का धर्म है। आज हम बात कर रहे हैं म.प्र.के नरसिंह पुर के हास्य और गम्भीर कविता के ख्यात व अनुकरणीय कवि कविवर गुरु सक्सेना की, जिन्होंने आधुनिक युग को जगाने के साथ - साथ उसे जगाने वालों को भी जाग्रत किया है, वहीं नव कवियों की नई पीढ़ी भी तैयार की है।

निश्चय ही काव्य कर्म बहुत कठिन साधना है किन्तु यह कवि को मिला ईश्वरीय वरदान है। इस वरदान के बल पर एक कवि गहरी अथवा उथली बात भी आसानी से कह लेता है। जिस कठिन बात को बड़े-बड़े विद्वान नहीं कह पाते हैं उसे कवि छोटी सी रचना के द्वारा कह जाता है इतना ही नहीं उसे कालजई बना देता है।

काव्येतिहास के आधुनिक काल में कुछ ऐसे विद्वान कवि आए, जिन्होंने बुद्धि चातुर्य के बल पर कविता के आवरण और उसकी आत्मा को ही बदल दिया। कविता के कवि होने के सम्मान के आकर्षण ने इन्हें इतना प्रभावित किया कि गद्यकार होने की महत्ता को ही भुला दिया। ह्लगद्यं कवीनां निकषं वदन्ति ह्व जैसे सम्मानित कथन को ठेस पहुँचाने में कोई कमी न रखी। अपनी गद्य रचनाओं को कविता की संज्ञा देकर समाज में एक भ्रान्ति की उपस्थिति कर दी। विद्वानों ने छन्द मुक्त रचनाओं को नई कविता का नाम दे दिया।

भाव ही वास्तविक कविता है इस प्रकार के तर्क दिए जाने लगे। रचनाओं में परिवर्तन या परिमार्जन की आवश्यकता ही क्षीण हो गई। कुशल मार्गदर्शक की भूमिका शून्य हो गई। परिणाम यह हुआ कि कविता हार्दिकी न रहकर बौद्धिक हो गई। मितभाषी व निर्मलमन छन्दबद्ध असली रचनाकार हाशिए पर आ गए और चातुर्यगुण सम्पन्न होने से विद्वत्ता सम्पूजित होने लगी। अच्छा यह हुआ कि इन बौद्धिक रचनाओं के श्रवण और पाठन से ऊबे हुए श्रोताओं और पाठकों को अब तक अपनी पारम्परिक कविता के गुणों से विमोह नहीं हुआ था। इधर पारम्परिक कवि अभी भी कविता कर रहे थे। कोई भी धरा कभी बन्ध्या नहीं होती बीज वपन होते ही उर्वर हो जाती है। उसी तरह पारम्परिक छन्दवद्ध रचनाकारों ने अपनी रचनाओं को कवि सम्मेलनों व सोशल मीडिया के माध्यम से पाठकों और श्रोताओं के मध्य पहुँचाना प्रारम्भ किया और आज पुनः छन्दबद्ध कविता अपने वास्तविक रूप में आ गई। गीत अपनी मूल प्रवृत्ति में आ गया। रूखेपन की जगह सरस और लयमय गुनगुनाहट को स्थान मिल गया।

यद्यपि कविता और काम का कोई गुरु नहीं हो सकता क्योंकि कविता अवतरण है। वह मात्र सृजन नहीं है और काम स्वतः उद्भूत होता है, इसे सिखाया नहीं जाता, पशुओं की वृत्ति से इसे आसानी से समझा जा सकता है, फिर भी काम को आलम्बन तो चाहिए ही। ठीक इसी प्रकार कविता एक अवतरण होते हुए भी उसे सँवारने की कला सीखनी पड़ती है। यह अभ्यास और अनुभव से भी आ जाती है किन्तु उसमें सन्देह रहता है। इसलिए कवि के लिए काव्य शिल्प में पारंगत गुरु अवश्य होना चाहिए। कारण छन्द साधना का अत्यन्त कठिन होना भी है। कलागत शिल्प के सौन्दर्य की आभा को निखारने की विद्या मात्र एक गुरु ही दे सकता है। जिस प्रकार नव प्रसूता की कोख से बालक के जन्म लेने पर डॉक्टर की निगरानी में नर्सों द्वारा बालक के शरीर का शोधन किया जाता है, उसे स्वस्थ और जीवित रखने के लिए उपाय बताए जाते हैं ठीक वैसे ही कवि की हृदय पेटी से कविता का अवतरण तो होता है लेकिन उसमें कई दोष होते हैं जो भावगत अथवा शिल्पगत हो सकते हैं जिन्हें नवकवि अपनी क्षमता से दूर तो करता है किन्तु अज्ञानता बस उन्हें दूर नहीं कर पाता है। ऐसे में आवश्यकता होती है एक सफल मार्गदर्शक अथवा गुरु की जो हर दोष का हरण कर उसे परमार्जित करा दे। यही कार्य कर रहे हैं कवि गुरु सक्सेना। गुरु छन्द के अधिकृत साधक हैं। कविताओं की वाचिक परम्परा में आपकी अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के मंचों पर लम्बी यात्रा का अनुभव और छन्द विधान के प्रति आपका समर्पण आपको युग का सिद्ध कवि सिद्ध करता है।

आपके आचार्यत्व में चल रही छन्द की गुरुकुल परम्परा में कितने ही नवागत और प्रतिष्ठित कवि दीक्षित हो रहे हैं। समूचे देश से उनके शिष्य इस गुरुकुल में छन्द सीख रहे हैं। इनकी रचनाओं को युग सुन समझ रहा है और पढ़ रहा है साथ ही सराह भी रहा है। यह उपलब्धि मात्र कवि की नहीं अपितु गुरु का परोक्ष प्रतियोग है। अतः कविवर गुरु सक्सेना आज के सान्दीपनि हैं।

कविताओं में छन्दानुशासन को बचाए रखना रंग और रूप से कविता के आवरण को बचाए रखना होता है। ईश्वर ने संसार को लयबद्ध किया है कवि काव्य के द्वारा समाज को लयबद्ध करता है। वह हास्य और उपहास्य का माद्दा रखता है। गाली से लेकर मन्त्र तक श्रृंगार से लेकर वीभत्स तक के कथ्य से सभी को आनन्द देता है। अपनी सन्देश परक रचनाओं से मानवता में नैतिकता का संचरण करता है वहीं वह सकल सृष्टि के स्वास्थ्य की चिन्ता करता है। कवि के अन्य गुणों के साथ इन सभी गुणों को भी देखना हो तो पढ़िए महाकवि प्रदीप के सम्मान से सम्मानित कविवर गुरु सक्सेना को।

अब भारतीय कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों का अधिग्रहण कर रही हैं

एक महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आ रहा है कि भारत कई ऐसे देशों, जो आपस में शायद मित्र देश की भूमिका में नहीं हैं इसके बावजूद भारत दोनों देशों, के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को बढ़ाता नजर आ रहा है। उदाहरण के लिए, यूनाइटेड अरब अमीरात, कतर एवं सऊदी अरब आदि देश मिडल ईस्ट में भारत के महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार हैं एवं ये देश भारत में भारी राशि का निवेश कर रहे हैं। सऊदी अरब तो भारत में 10,000 करोड़ अमेरिक डॉलर का निवेश करने जा रहा है। परंतु, हाल ही के कुछ वर्षों में मिडल ईस्ट के कुछ देशों के साथ ही, इजराईल के साथ भी भारत के मिलिटरी, राजनैतिक एवं व्यापारिक सम्बंध प्रगाढ़ हुए हैं। न केवल इजराईल की कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं बल्कि कई भारतीय कम्पनियां भी इजराईली कम्पनियों में निवेश कर रही हैं एवं कुछ कम्पनियों का अधिग्रहण कर रही हैं। इस प्रकार भारत के अरब देशों के साथ साथ इजराईल के साथ भी प्रगाढ़ व्यापारिक रिश्ते कायम हो गए हैं। कई भारतीय कम्पनियां इजराईल के स्टार्ट अप में भारी मात्रा में निवेश करती दिखाई दे रही हैं। चूंकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद अब लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को छूने जा रहा है, अतः भारतीय कम्पनियां अब इस स्थिति में पहुंच गई हैं

प्रहलाद सबनानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

हाल ही के समय में कई भारतीय कम्पनियां बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वरूप ग्रहण करती नजर आ रही हैं। कुछ भारतीय कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों में न केवल अपना पूंजी निवेश बढ़ा रही हैं बल्कि कुछ कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों का अधिग्रहण भी कर रही हैं। एक महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आ रहा है कि भारत कई ऐसे देशों, जो आपस में शायद मित्र देश की भूमिका में नहीं हैं इसके बावजूद भारत दोनों देशों, के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को बढ़ाता नजर आ रहा है। उदाहरण के लिए, यूनाइटेड अरब अमीरात, कतर एवं सऊदी अरब आदि देश मिडल ईस्ट में भारत के महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार हैं एवं ये देश भारत में भारी राशि का निवेश कर रहे हैं। सऊदी अरब तो भारत में 10,000 करोड़ अमेरिक डॉलर का निवेश करने जा रहा है। परंतु, हाल ही के कुछ वर्षों में मिडल ईस्ट के कुछ देशों के साथ ही, इजराईल के साथ भी भारत के मिलिटरी, राजनैतिक एवं व्यापारिक सम्बंध प्रगाढ़ हुए हैं। न केवल इजराईल की कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं बल्कि कई भारतीय कम्पनियां भी इजराईली कम्पनियों में निवेश कर रही हैं एवं कुछ कम्पनियों का अधिग्रहण कर सकें अथवा इन विदेशी कम्पनियों में अपना पूंजी निवेश बढ़ा सकें। इस दृष्टि से भारत की कुछ बड़ी कम्पनियां जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (मुकेश अम्बानी समूह), इनफोसिस, विप्रो, टाटा समूह, अडानी समूह आदि इजराईल की कम्पनियों का अधिग्रहण करने में सफलता हासिल कर रही हैं। हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, इजराईल में सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण करने वाली एक कम्पनी टावर सेमीकंडक्टर नामक कम्पनी का अधिग्रहण करने का प्रयास कर रही है। सेमीकंडक्टर चिप के उपयोग हेतु भारत में बहुत बड़ा बाजार उपलब्ध है, इससे इस उत्पाद के लिए अन्य देशों पर भारत की निर्भरता कम होगी। इजराईल की उक्त कम्पनी पूर्व में ही भारी मात्रा में सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण कर रही है। पूर्व में अमेरिकी कम्पनी इंटेल ने उक्त कम्पनी को 540 करोड़ अमेरिकी डॉलर में खरीदने का प्रयास किया था परंतु इंटेल को इस कार्य में सफलता नहीं मिल सकी थी। परंतु, अब भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज इस कम्पनी को खरीदने का प्रयास कर रही है। टावर सेमीकंडक्टर वर्ष 2009 में केवल 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार करती थी परंतु यह वर्ष 2022 में इस कम्पनी का व्यापार बढ़कर 168 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। अतः यह कम्पनी अत्यधिक तेज गति से प्रगति कर रही है।

भारत में दवाईयों का निर्माण करने वाली एक कम्पनी सन फार्मा ने भी इजराईल की टेरो फार्मा नामक एक कम्पनी को अपनी सहायक कम्पनी बना लिया है। इससे भारतीय सन फार्मा कम्पनी का विस्तार इजराईल में भी हुआ है। सन फार्मा को नई तकनीकी को विकसित करने में भी सहायता मिली है। इसी प्रकार, भारतीय कम्पनी अदानी पोर्ट्स एंड लाजिस्टिक्स ने इजराईल के सबसे बड़े हाईफा पोर्ट का विस्तार करने का कार्य हाथ में लिया है। इस विस्तार के कार्य पर 115 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि खर्च होगी। वर्ष 2021 में इजराईल के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 56 प्रतिशत हिस्सा इसी पोर्ट के माध्यम से हो रहा था। टाटा समूह की टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) नामक सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनी भी इजराईल में अपने व्यापार का लगातार विस्तार कर रही है। भारत की इनफोसिस कम्पनी ने इजराईल की सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पनाया नामक कम्पनी का 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण कर लिया है।

भारत का टाटा समूह इजराईल के एयर स्पेस में कार्य कर रही कम्पनियों एवं सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों में अपना निवेश बढ़ा रहा है ताकि इन क्षेत्रों में इजराईल की कम्पनियों के साथ मिलकर कार्य किया जा सके। इजराईल के पास सुरक्षा उपकरण बनाने की नवीनतम तकनीक उपलब्ध है। भारत एवं इजराईल अब टैंक्स एवं राडार के निर्माण का कार्य साथ मिलकर करने जा रहे हैं। वैसे भी भारत एवं इजराईल के बीच मिलिटरी सैन्य समझौता पूर्व में ही किया जा चुका है। इसी प्रकार के समझौते, उद्योग के क्षेत्र में रिसर्च, आर्थिक विकास के लिए एक दूसरे के साथ भागीदारी, विशेष रूप से स्वास्थ्य, एयरो स्पेस एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भी किए जा रहे हैं। आरटीफिशियल इंटेलिजेन्स के क्षेत्र में निजी क्षेत्र द्वारा किए जा रहे निवेश के मामले में अमेरिका, चीन एवं यूनाइटेड किंगडम के बाद इजराईल, पूरे विश्व में, चौथे स्थान पर है। अतः भारत की इजराईल के साथ व्यापार के क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी का लाभ भारत को भी मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इजराईल में भारतीय इंजीनीयरों की संख्या भी तेजी से बढ़ती जा रही है। आज इजराईल में सॉफ्टवेयर विकसित करने हेतु 18,000 से अधिक इंजीनियर कार्य कर रहे हैं और यह संख्या अमेरिका में कार्य कर रहे इंजीनियरों की तुलना में बहुत कम जरूर है परंतु अब तेजी से भारतीय इजनीयरों की मांग इजराईल में बढ़ रही है। सुरक्षा के क्षेत्र में भी इजराईल भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। भारत इजराईल से हाई क्वालिटी ड्रोन, मिसाईल, एवं अन्य उपकरण आदि खरीदता है। इजराईल-हम्मास युद्ध के बाद से इजराईल में कार्य कर रहे फिलिस्तिनियों को इजराईल से बाहर निकाल दिया गया है। अतः अब इजराईल ने एक लाख भारतीय कामगारों की मांग भारत सरकार से की है। उधर, ताईवान ने भी एक लाख भारतीय कामगारों की मांग की है। अब विभिन्न देशों में भारतीय कामगारों की मांग भी बढ़ती जा रही है।

भारतीय कम्पनियां इसी प्रकार ब्रिटेन की कम्पनियों में भी अपना निवेश बढ़ा रही हैं। टाटा समूह ने ब्रिटेन की कोरस नामक कम्पनी में 217 करोड़ यूरो का पूंजी निवेश किया है। रिलायंस समूह ने बैटरी का निर्माण करने वाली एक फरडीयन नामक कम्पनी में 10 करोड़ यूरो का पूंजी निवेश किया है। टाटा समूह ने टेटली नामक कम्पनी में 4 करोड़ से अधिक यूरो का पूंजी निवेश किया है। टाटा मोटर्स ने जगुआर लैंड रोवर्स नामक कम्पनी का अधिग्रहण कर लिया है एवं टाटा मोटर्स 400 करोड़ यूरो का अतिरिक्त पूंजी निवेश इस कम्पनी में करने जा रही है। इसी प्रकार के पूंजी निवेश करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की विभिन्न भारतीय कम्पनियां जैसे विप्रो एवं इनफोसिस आदि, भी ब्रिटेन की कम्पनियों का अधिग्रहण कर रही हैं। टाटा केमिकल्स लिमिटेड

सरकार-विपक्ष के टकराव से करोड़ों बर्बाद

देश के जरूरी समस्याओं पर चर्चा करने और उनके समाधान तलाशने के बजाय सत्ता पक्ष और विपक्ष शत्रुओं की तरह एक-दूसरे को ललकारने में लगे रहे। संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग पर शुरू हुए विवाद से कुल 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन हुआ। इनमें 112 लोकसभा और 34 राज्यसभा के हैं। सबसे ज्यादा कांग्रेस के सांसद सस्पेंड किए गए हैं। कांग्रेस के 60 (लोकसभा से 43, राज्यसभा से 17), एनसीपी के 4 (लोकसभा से 3, राज्यसभा से 1), डीएमके के 21 (लोकसभा से 16, राज्यसभा से 5), सीपीआई-एम के 5 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 3), सीपीआई के 3 (लोकसभा से 1, राज्यसभा से 2), जेडीयू के 14 (लोकसभा से 11, राज्यसभा से 3), नेशनल कॉन्फ्रेंस के 2 (लोकसभा से), तृणमूल कांग्रेस के 21 (लोकसभा से 13, राज्यसभा से 8), सपा के 4 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से), बसपा का एक (लोकसभा से), आरजेडी के 2 (राज्यसभा से), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के तीन (लोकसभा से), आप का एक (लोकसभा से), केरला कांग्रेस का एक (राज्यसभा से), झामुमो का एक (राज्यसभा से), वीसीके का एक (लोकसभा से) और आरएसपी का एक (लोकसभा से) सांसद हैं।

योगेंद्र योगी
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

आजादी के बाद से अब तक संसद की कार्यवाही का सबसे कम संचालन होना देश के लोकतांत्रिक इतिहास में काला अध्याय बन गया है। सत्ता पक्ष और विपक्षी की हठधर्मिता से देश का लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। इससे करदाताओं के गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए हंगामे की भेंट चढ़ गए। देश के जरूरी समस्याओं पर चर्चा करने और उनके समाधान तलाशने के बजाय सत्ता पक्ष और विपक्ष शत्रुओं की तरह एक-दूसरे को ललकारने में लगे रहे। संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग पर शुरू हुए विवाद से कुल 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन हुआ। इनमें 112 लोकसभा और 34 राज्यसभा के हैं। सबसे ज्यादा कांग्रेस के सांसद सस्पेंड किए गए हैं। कांग्रेस के 60 (लोकसभा से 43, राज्यसभा से 17), एनसीपी के 4 (लोकसभा से 3, राज्यसभा से 1), डीएमके के 21 (लोकसभा से 16, राज्यसभा से 5), सीपीआई-एम के 5 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 3), सीपीआई के 3 (लोकसभा से 1, राज्यसभा से 2), जेडीयू के 14 (लोकसभा से 11, राज्यसभा से 3), नेशनल कॉन्फ्रेंस के 2 (लोकसभा से), तृणमूल कांग्रेस के 21 (लोकसभा से 13, राज्यसभा से 8), सपा के 4 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 2), बसपा का एक (लोकसभा से), आरजेडी के 2 (राज्यसभा से), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के तीन (लोकसभा से), आप का एक (लोकसभा से), केरला कांग्रेस का एक (राज्यसभा से), झामुमो का एक (राज्यसभा से), वीसीके का एक (लोकसभा से) और आरएसपी का एक (लोकसभा से) सांसद हैं। सत्ता पक्ष पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए विपक्ष के सांसदों ने पुरानी संसद से विजय चौक तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि सरकार संसद सुरक्षा चूक पर जवाब दे। खडगे ने कहा कि सरकार सदन नहीं चलने देना चाह रही है। विपक्ष की आवाज दबा रही है। संसद में बोलना हमारा अधिकार है। सभापति मामले को जातिगत रंग दे रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह संसद में आकर इस मामले पर बयान दें। बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संसद से विपक्ष के सांसदों का निलंबन ठीक नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना को लेकर राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि उच्चस्तरीय जांच के लिए समिति बनाई गई है और जांच जारी है। पहले भी जब इस तरह की घटनाएं हुई तो लोकसभा अध्यक्ष के जरिए ही उनकी जांच प्रक्रिया आगे बढ़ी। बिरला ने विपक्ष के रवैये पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सदन में नारेबाजी करना, तख्तियां लाना, विरोध करते हुए वेल में आ जाना ठीक नहीं है। जनता भी ऐसे आचरण को पसंद नहीं करती। सदन में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत ही चर्चा होनी चाहिए। लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनका सुरक्षा में चूक के मामले से संबंध नहीं है। संसद के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर अहम बिल पास हुए। शीतकालीन सत्र में लोकसभा की उत्पादकता करीब 74 प्रतिशत रही। इस सत्र में विपक्षी दलों की गैर-मौजूदगी में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य बिल, दूरसंचार विधेयक सहित 18 अहम बिल पारित किए गए। लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। यह पहला मौका नहीं है जब संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे और निलंबन की भेंट चढ़ गया। इससे पहले मणिपुर मामले को लेकर संसद की कार्यवाही में भारी गतिरोध रहा। संसद में सेंध पर गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य की मांग की तरह विपक्ष मणिपुर हिंसा पर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को लेकर अड़ा रहा। मणिपुर मामले को लेकर बार-बार संसद की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। सत्ता और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी रहा। दोनों सदनों में जमकर हंगामा और नारेबाजी हुई। विपक्ष के सांसद काले कपड़े पहनकर पहुंचे। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी नेताओं मल्लिकार्जुन खडगे और अधीर रंजन चौधरी को पत्र लिखकर संसद में मुद्दे पर चर्चा करने और केंद्र के साथ सहयोग करने को कहा, किन्तु विपक्ष पीएम मोदी के बयान देने पर अड़ा रहा। संसद सेंध और मणिपुर मामलों में विपक्ष की मांग पर सत्ता पक्ष ने सुनवाई नहीं की। सत्ता पक्ष का आरोप था कि विपक्ष जानबूझ कर संसद की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। इसी गतिरोध का परिणाम रहा कि हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही और सता पक्ष की तरफ से विपक्ष के 146 सांसदों का निलंबन किया गया। पॉलिसी रिसर्च स्टडीज (पीआरएस) की रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा का यह अंतिम साल है। अब तक इसमें 230 दिन ही कार्यवाही चली है। पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाली सभी लोकसभाओं में से, 16वीं लोकसभा में बैठक के दिनों की संख्या सबसे कम (331) थी। कार्यकाल में एक और साल शेष होने और साल में औसतन 58 दिनों की बैठक के साथ, 17वीं लोकसभा वर्ष 1952 के बाद से सबसे कम समय तक चलने वाली लोकसभा बन सकती है। मानसून सत्र से पहले संसद में 31 जनवरी से 6 अप्रैल तक बजट सत्र चला। लोकसभा में सेशन की कार्यवाही के लिए 133.6 घंटे निर्धारित हैं, लेकिन सदन में मात्र 45.9 घंटे तक ही कार्यवाही चली। वहीं राज्यसभा में कार्यवाही के लिए 130 घंटे तय हैं, लेकिन यहां मात्र 32.3 घंटे ही कार्यवाही चली। बजट सत्र के फर्स्ट हाफ में एक भी बिल पास नहीं हुआ। पिछले 5 सालों की तुलना में इस साल बजट सेशन की कार्यवाही का हाल सबसे बुरा रहा।

145 सांसदों का निलंबन, मदर ऑफ डेमोक्रेसी या मदर ऑफ हिपोक्रेसी

सनत जैन

2023 के शीतकालीन सत्र में भारतीय संसद में 145 से अधिक सांसदों को निलंबित एक नया रिकॉर्ड बनाया है। भारत में इसको लेकर रोमांच पैदा हुआ है। वहीं विदेशों में जबरदस्त प्रतिक्रिया भारत को लेकर देखने को मिल रही है। यह भी कहा जाने लगा है, कि मोदी जी जो कहते हैं, वह करते नहीं है। और जो करते हैं, वह कभी कहते नहीं है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पूरे सत्र के लिए इतनी बड़ी संख्या में कभी सांसदों को निलंबित नहीं किया गया। नाही इतनी तल्खी सत्ता पक्ष और विपक्ष में देखी गई। ठंड के मौसम में इस बार दिल्ली में देखने को मिली है। रही-सही कसर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री ने पूरी कर दी है। संसद के बाहर निलंबित सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति की भावभंगिमा का स्वांग को प्रदर्शन किया। गोदी मीडिया ने सारे देश भर में उसे दिखाए। ठीकरा फूटा राहुल गांधी के सिर पर, वह मोबाइल से प्रदर्शन को रिकॉर्ड कर रहे थे। इस पर सत्ता पक्ष राहुल गांधी के ऊपर पिल पड़ा, कि वह वीडियो क्यों बना रहे थे। हालांकि उन्होंने कहीं वीडियो को शेयर नहीं किया। गोदी मीडिया ने इसका कवरेज किया था। इसके बाद मिमिक्री मामले ने तूल पकड़ लिया। उपराष्ट्रपति ने इसे अपना अपमान बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यह जाटों का अपमान है। उपराष्ट्रपति पद का भी अपमान है। जब कहानी आगे बढ़ी तो सत्ता पक्ष की भी बहुत सारी बातें निकल निकल कर बाहर आने लगी। इसमें सबसे ज्यादा केंद्र बिंदु बने उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़, सांसद भी एक संवैधानिक पद पर रहकर काम करता है। जिस तरह से सदन के अंदर आसंदी द्वारा सांसदों के साथ व्यवहार किया जाता है। वह जो बोलते हैं, रिकॉर्ड नहीं किया जाता है, बात-बात में निष्कासन के लिए धमकाया जाता है। इसके पहले लोकसभा और राज्यसभा में किस तरह की मिमिक्री हुई है। किसने क्या कहा है, वह क्या किया है, यह सब सामने आ गया। इस सारे एपिसोड में सत्ता पक्ष को एक फायदा हुआ की सत्ता पक्ष ने अपने सारे बिल बिना बहस के मिनटों में पास कर लिए। बिल बहुत महत्वपूर्ण थे। 18 बिल बिना चर्चा के ही दोनों सदनों से पास हो गए। सबसे बड़ा नुकसान सत्ता पक्ष को यह हुआ, उसने विपक्ष को एकजुट कर दिया। इंडिया गठबंधन की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई। संयोजक पद के लिए भी लगभग-लगभग सहमति बन चुकी है। सारा विपक्ष एकजुट होकर 10 रैली देश के सभी बड़े महानगरों में करने जा रहा है। इसकी शुरूआत पटना के गांधी मैदान से शुरू होगी। जहां से जयप्रकाश का आंदोलन शुरू हुआ था। विपक्ष की इस लड़ाई का केंद्र बिंदु अब पटना का गांधी मैदान बनने जा रहा है। सत्ता पक्ष से लड़ने के लिए अब विपक्षी दल भी त्याग करने के लिए तैयार हो गए हैं। प्रधानमंत्री पद को लेकर विपक्षी गठबंधन में चेहरे के रूप में अब कोई झगड़ा नहीं होगा। चुनाव के बाद ही नेता का सर्वसम्मति से चुनाव होगा। साझा कार्यक्रम बनाने पर सहमति हो गई है। इंडिया गठबंधन की बैठक में सोनिया, राहुल गांधी, कैसी वेणुगोपाल, नितीश बाबू, राजीव रंजन, उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, महबूबा मुफ्ती, कृष्णा पटेल, पल्लवी पटेल, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन, अरविंद केजरीवाल, भगवत सिंह मान, एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार, लालू प्रसाद यादव, टीआर बालू, तेजस्वी यादव, सीताराम येचुरी, अखिलेश यादव, रामगोपाल यादव, डी राजा, फारूक अब्दुल्ला, मोहम्मद बशीर, एलन गोकन, एन के प्रेमचंदन, जोस के मणी, सुप्रिया सुले, झामुमो की महुआ माजी बैठक में शामिल हुए। इस बैठक ने सत्ता पक्ष को चिंता में डाल दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भाषा में अब 2024 के लोकसभा चुनाव में खेला होवे की स्थिति पूरी तरह से बन गई है। सत्ता पक्ष को इससे बड़ा झटका लगा है। लग रहा था कि सीटों के बंटवारे और विपक्षी दलों के अस्तित्व को लेकर यह गठबंधन बन नहीं पाएगा। लेकिन आसंदी ने एक तरह से विपक्ष की मदद की। रिकॉर्ड तोड़ 145 सांसदों को सदन के बाहर का रास्ता दिखाया, और उन्हें एकजुट कर दिया। रही-सही कसर ईड़ी और आयकर विभाग पूरी कर रहे हैं। जिसके कारण विपक्षी गठबंधन के सभी दल एक-एक करके ठिकाने लगने के स्थान पर, अब एकजुट होकर मुकाबला करने के लिए खड़े हो गए हैं। सत्ता पक्ष के मुकाबले में अब विपक्ष भी पूरी तरह ताकत से 2024 के लोकसभा चुनाव में उतरने के लिये तैयार दिख रहा है।

संक्षिप्त खबरें

आग लगने से झोपड़ीनुमा घर जलकर हुआ राख

गरखा (सारण) थाना क्षेत्र के मीठेपुर बीनटोली गाँव मे बीते रात्रि आग लगने से एक झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गया जिसमे नगद सहित हजारो रूपए मुल्य के समान जल गय।पिडित संजू नट है बताया जाता है की बीते मध्य रात्री को पिडित संजू नट के सभी परिजन सोये हुए थे तभी उनकी झोपड़ीनुमा घर मे आग लग गई परिजनो द्वारा शोर शराबा होने लगी जिस पर कूछ लोग जुट गय और आग को बुझाने का प्रयास करने लगे बाद मे अग्निशमन को सुचना दी गई सुचना के बाद अग्निशमन की वाहन मौके पर पहुंच आग को पुरी तरह बुझाया पिडित व्यक्ति का कहना है की आग के चपेट मे आने से बकरी मुर्गी चौकी पलंग टीवी पेटी सहित कूछ नगद एवं जेवरात पुरी तरह जलकर राख हो गया सुचना के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच मामले का जायजा लिया। साथ ही वर्तमान पंचायत जनप्रतिनिधि एवं पुर्व पंचायत जनप्रतिनिधि स्थल पर पहुच अग्निपिडित लोगो से बात कर सरकारी सहायता मुहैया कराने की बाते कही।

आदित्य बना पयलट, माता पिता का नाम किया रोशन

छपरा कार्यालय।सारण जिला के परसा प्रखंड क्षेत्र के चाँदपुरा गाँव के एक बैंक कर्मी का पुत्र पैलेट बना है जिससे गाँव और परिवार मे खुशी का महौल है।इलाहाबाद बैंक के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक अर्जुन सिंह के पुत्र राजेश कुमार सिंह है जिनका पैतृक निवास परसा प्रखंड क्षेत्र के चाँदपुरा है जो वर्तमान मे दूसरे राज्य मे बैंक मे असिस्टैंट मैनेजर के पद पर पदस्थापित है राजेश सिंह के दो पुत्र है छोटे पुत्र का नाम 22 वर्षीय आदित्य कुमार सिंह है। आदित्य ने बारहवीं की शिक्षा चैन्नई के केवी स्कूल से ग्रहण किया उसके बाद नवेडा शरदा इनवसीटी से बीटेक कर एयरफोर्स पैलेट का ऐक्जाम दिया और प्रथम प्रयास मे ही 22 वर्षीय आदित्य ने पैलेट बन गया जिससे गाँव सहित पुरे परिजनो मे खुशी का महौल है दादा अर्जुन सिंह माता सविता देवी चाचा कमख्या सिंह पप्पु सिंह गुड्डु सिंह आदि ने बताया की आदित्य बचपन से ही पढाई लिखाई मे काफी रुची रखता था पैलेट बन परिवार का नाम रौशन किया है पैलेट के प्रशिक्षण लेने के बाद दिल्ली मे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सभी प्रशिक्षित पैलेट को पास आउट रैंक लगाये।

आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

एकमा।स्थानीय थाना क्षेत्र के एकारी गांव निवासी एक महिला से एक दिसम्बर को स्थानीय बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक कि शखा से 50 हजार रुपए निकासी कर अपने घर जा रही थी ।इसी बीच छपरा सिवान मुख्य मार्ग के एकारी गांव के समीप उक्त महिला से झापाटा मारकर पचास हजार रूपए लूट कर फरार हो गया। जहां थाने के सह थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने दल बल के साथ घर से छापामारी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वैशाली जिले के वैशाली थाना क्षेत्र के कुतुबपुर बंगारी गांव निवासी स्वर्गीय चंदेश्वर पाण्डेय कट पुत्र विकास कुमार पाण्डेय के रूप में हुई है।पुलिस ने आवश्यक करवाई करतें हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित

छपरा कार्यालय। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ रामफेर को सम्मानित किया गया। उनके सम्मान-सह-विदाई समारोह की अध्यक्षता संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉवैद्यनाथ मिश्र ने किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय सीसीडीसी डॉ हरिश्चंद्र यादव, स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ शमी अहमद, पूर्व अध्यक्ष डॉ हाशमी की गरिमामयी उपस्थिति के अलावा शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर के छात्र उपस्थित थे। डॉ हरिश्चंद्र ने डॉ रामफेर के व्यक्तित्व की सहजता पर प्रकाश डाला। डॉ सिद्धार्थ शंकर ने डॉ रामफेर के सुदीर्घ अकादमिक और प्रशासनिक अनुभवों की सराहना की। डॉ हाशमी ने उन्हें शिक्षक और छात्र हितैषी के रूप में प्रस्तुत किया। डॉ शमी अहमद ने उनके मित्र भाव की सराहना की। शोधार्थी रीना कुमारी ने बताया कि आज वह रामफेर सर की प्रेरणा से शोध कार्य कर रही है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. वैद्यनाथ मिश्र ने उन्हें बेहद भरोसेमंद साथी बताया। उन्होंने उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की।अंत में, अपने सुदीर्घ सेवाकाल के अनुभवों को बहुत ही भावुक ढंग से प्रो रामफेर ने अभिव्यक्त किया।

स्वास्थ्य सेवाओं को धरातल पर उतारने में सहयोगी संस्थाओं की अहम योगदान

सेहतमंद समाज के निर्माण में यूनिसेफ की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ आरपी सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । जिले में धरातल स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने में जिले के सहयोगी संस्थाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को समय- समय पर आवश्यकतानुसार तकनीकी सहयोग के साथ उचित सुझाव मिलते रहता है। यह स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिहाज से प्रभावी साबित हो रहा है। वर्ष 2023 में स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था यूनिसेफ द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा व आगे की रणनीति पर विचार के लिए शनिवार को जिले के एक निजी होटल में गहनतापूर्वक विचार- विमर्श के साथ आगे की रणनीति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, डीवीबीडीसीओ डॉ दिलीप कुमार सिंह, प्रभारी डीआईओ डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह, डीपीएम अरविंद कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ रंजितेश कुमार, यूनिसेफ के सारण की एसएमसी आरती त्रिपाठी और सिवान के एसएमसी कामरान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डीपीसी रमेशचंद्र प्रसाद, यूएनडीपी के अंशुमन पाण्डेय, सीफार के डीपीसी धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, सीसीटी शक्ति कुमार, जिले के सभी बी एम सी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए विभागीय स्तर पर यूनिसेफ के द्वारा लगातार सहयोग मिल रहा है। इससे कोविड टीकाकरण के साथ नियमित टीकाकरण के मामलों में जिले के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है। भविष्य में भी इसी तरह का सहयोग मिलता रहे। बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कार्य करने वाली एक वैश्विक संस्था है। स्वास्थ्य विभाग को जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नियमित टीकाकरण के मामले में संस्था के प्रतिनिधियों का उचित सहयोग स्वास्थ्य विभाग को अनवरत मिल रहा है। लिहाजा टीकाकरण के मामले में हमारी उपलब्धियों में लगातार सुधार हो रहा है।

प्रभारी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में यूनिसेफ सहित कई अन्य सहयोगी संस्थाओं के द्वारा तकनीकी मदद के साथ आवश्यक सहयोग व सुझाव मिलता रहा है। जो सेवाओं को बेहतर बनाने में मददगार साबित हुआ है। यूनिसेफ अपने समर्पित अधिकारी और कर्मियों की बदौलत स्वास्थ्य सेवाओं को ज्यादा प्रभावी व असरदार बनाने के प्रयास में जुटा हुआ है। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के कारणों की पड़ताल करते हुए इसके प्रति लोगों को जागरूक करने संबंधी संस्था का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। ताकि स्वस्थ व सेहतमंद समाज का निर्माण संभव हो सके।

यूनिसेफ सारण की एसएमसी आरती त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को वर्तमान सत्र में यूनिसेफ के द्वारा टीकाकरण सहित कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में सहयोग किया गया है जबकि आगे भी सहयोग किया जाना है। जिसको लेकर वर्ष 2023 के दौरान कार्यों की समीक्षा और आगे की रणनीति को लेकर विचार विमर्श किया गया है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि नियमित टीकाकरण के अंतर्गत पूर्ण टीकाकरण, संपूर्ण टीकाकरण, मिजुल्स रुबेला (एम आर) प्रथम और द्वितीय टीकाकरण बढ़ाना, टेटनेश डिप्थेरिया (टीडी) 10 वर्ष और 16 वर्ष की किशोरियां, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत संपूर्ण टीकाकरण कराने के बाद मिलने वाली योजना से सबंधित लाभार्थियों को चिन्हित कर अपलोड करने, विटामिन ए के नौ खुराक को बढ़ावा देने सहित वीएचएसएनडी सत्र को सुचारू रूप से संचालन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

किसानों के मसीहा थे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह : प्रो. दयाल

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। शनिवार को शहर के रक्सौल कांग्रेस के बैनर तले शहर के कौड़िहार चौक स्थित किसानों के मसीहा स्वतंत्र भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव सह नगर प्रतिनिधि रक्सौल सदस्य बिहार विधान परिषद क्षेत्र संख्या 12 के प्रोफेसर अखिलेश दयाल के अध्यक्षता में माल्यार्पण किया गया। पूर्व महासचिव ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साधारण जीवन व्यतीत करने वाले महान समाजवादी नेता थे।

भारत के लगभग 60% लोग कृषि पर आश्रित है। हमारे देश के किसानों को अन्नदाता का दर्जा प्राप्त है। देश के अन्नदाता को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष देशभर में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के रुप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया। चौधरी चरण सिंह प्रतिभाशाली सांसद एवं व्यवहारवादी थे। अपने वाक्पटुता एवं दृढ़ विश्वास के लिए जाने जाते थे। युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अमन कुमार ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को पढ़ने-लिखने का शौक था। उन्होंने अनेकों पुस्तकें लिखी जैसे जमींदारी उन्मूलन, भारत की गरीबी और उनका समाधान, किसानों की भू-संपत्तियां किसानों के लिए भूमि, प्रिवेंशन ऑफ डिविजन ऑफ होल्डिंग बिलों ए सर्टेन मिनिमम कापरेटिव एक्ट आदि प्रमुख हैं। युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि आज देश के किसान सशक्त है तो सबसे बड़ा योगदान किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी का है।

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष जिशान अंसारी ने कहा कि उन्ही के सम्मान मे पुरा देश प्रतिवर्ष "नेशनल फार्मर्स डे" मनाता है। व्यवसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रीतेश कुमार ने कहा कि भारत के किसान राजनेता एवं देश के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी थे जिनका योगदान किसान हितैषी क्षेत्र में अतुलनीय है।

निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत किए गए कार्यों की हुई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण प्रमंडल के निर्वाचक सूची प्रेक्षक-सह-आयुक्त सारण प्रमंडल छपरा सर्वानन एम की अध्यक्षता में निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में आयुक्त महोदय के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण गंभीरता से करने का सख्त निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि मृत व्यक्ति एवं स्थानांतरित अथवा दूसरी जगह पर स्थाई रूप से रह रहे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से निश्चित रूप से हटाने की कार्रवाई करें ।इस संबंध में डोर टू डोर किए गए सर्वे की गंभीरता पूर्वक समीक्षा करने एवं युवा मतदाता जिनकी आयु 18 से 19 के बीच है उनके नाम शत प्रतिशत मतदाता सूची में जोड़ने हेतु पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत किए गए जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र के ई आर आओ के द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा आयुक्त महोदय के द्वारा की गई समीक्षोपरांत महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए आयुक्त महोदय ने तीसरे एवं अंतिम समीक्षात्मक बैठक के पूर्व सभी निदेर्शों का शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। उप निर्वाचन पदाधिकारी, सारण के द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 20 दिसंबर 2023 तक जिला में पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या 16 लाख 9537 ,महिला मतदाताओं की संख्या 14,75,218 तथा थर्ड जेंडर की कुल संख्या 7 है ।इस प्रकार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 30,84,762 है। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर, अपर समाहर्ता मो मुमताज आलम, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ,तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, सभी विधानसभा क्षेत्र के ई आर ओ एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

मंगलवार से नामांकन एक्सप्रेस जोड़ पकड़ेगी

छपरा। नगर निगम के मेयर पद को लेकर होने वाले उपचुनाव का नामांकन के तीसरे दिन एक भी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया, अब तक केवल एक ही प्रत्याशियों समाज सेवी मिंटू सिंह ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया है। बता दें कि आयोग ने 21 दिसंबर से नामांकन पत्र दाखिल करने का समय निर्धारित किया था। कार्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक लगभग 15 से अधिक प्रत्याशियों ने नजारत से शुल्क का रसीद खरीदा है। नामांकन पत्र के लिए उपविकास आयुक्त को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया। जबकि सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में डीआरडीए के निदेशक क्यूम अंसारी, वीडिओ सदर विनोद आनंद,वीडिओ बनियापुर कपूर्री ठाकुर, रिवीलगंज के वीडिओ लालबाबू पासवान, अंचलाधिकारी सदर सत्येंद्र सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सदर अलका कुमारी, प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सदर कमलेश कुमार एवं प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक सदर दिनेश कुमार आदि को बनाया गया है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार नामांकन की तारीख 21 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक अभ्यर्थी नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

लायंस क्लब द्वारा इंटरनेशनल डायरेक्टर का होगा भव्य स्वागत व रोड-शो

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल, डिस्ट्रिक्ट 322ई के सदस्यों की बैठक अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया की अध्यक्षता एवं सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा, कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, प्रथम उपाध्यक्ष लायन गणेश धनोठिया, द्वितीय लायन राजू कुमार गुप्ता, क्लब एलसीआइएफ कॉर्डिनेटर सह क्लब मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ, क्लब में बरशिप चेयरपर्सन लायन पंकज वर्णवाल, क्लब सर्विस चेयरपर्सन लायन नारायण रुंगटा, क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लायन हेमंत अग्रवाल,फंड रेजिंग चेयरपर्सन लायन हरीश खत्री, क्लब चिकित्सा प्रकोष्ठ पदाधिकारी लायन डॉ.एस.के.सिंह आदि कि उपस्थिति मे समाजसेवी क्रियाकलापों को गतिशीलता प्रदान करने एवं ठंड के मद्देनजर जरुरतमंदों को कंबल वितरण करने पर सर्वसम्मति बनी। वहीं लायंस क्लब ऑफ बेतिया के 60 वर्ष पूरे होने पर दिनांक 24/12/2023 दिन रविवार को बेतिया क्लब द्वारा आयोजित डायमंड जुबली समारोह के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन बालकृष्ण बुलाकीटी का आगमन नेपाल से रक्सौल के रास्ते होने पर लायंस क्लब ऑफ रक्सौल द्वारा उनके भव्य स्वागत में नगरपरिषद् अंतर्गत जगह-जगह बैनर लगाने एवं रोड-शो कस्टम कार्यालय से सूर्य मंदिर तक बैंड-बाजे के साथ करने की रुपरेखा निर्धारित की गई। स्वागत समारोह व रोड-शो की सुगमता व निर्बाध यात्रा के लिए क्लब द्वारा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र द्वारा सूचित करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया गया। साथ ही अध्यक्ष चौरसिया ने बताया कि रोड-शो के पश्चात स्थानीय एसएभी स्कूल परिसर मे लायंस क्लब ऑफ रक्सौल द्वारा परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत स्थापित वाटर प्यूरीफायर मशीन का शुभ उद्घाटन सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय निदेशक द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात सदस्यों द्वारा स्कॉट करते अंतरराष्ट्रीय निदेशक को बेतिया ले जाया जाएगा। जिसकी जानकारी मिडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने दी।

स्कूली बच्चों ने किया 'गौरैया की दाल' नाटक का मंचन

प्रात : किरण संवाददाता

आदापुर। प्रखंड क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत अंतर्गत राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सोनारटोला चैनपुर में बैगलेश डे शनिवार को स्कूली बच्चों ने 'गौरैया की दाल' नाटक का मंचन किया ।मंच का संचालन प्रधान शिक्षक शिव शंकर गिरि ने किया। बता दें कि बैगलेश डे को मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों ने 'गौरैया की दाल' नाटक के विभिन्न किरदारों यथा गौरैया, बढ़ई, राजा, रानी, सांप, लाठी, आग, सागर,हाथी, चींटी आदि के मुखौटे पहन अभिनय किया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रखंड संसाधनसेवी विजय कुमार ने बताया कि निर्बल की मदद करना बलवान का दायित्व है ।साथ ही, कभी-कभी छोटी चीजें बहुत उपयोगी साबित हो जाती है। उदाहरणार्थ, छोटी-छोटी चिंटियों ने गौरैया की बेहतर मदद की। मौके पर शिक्षक उमेशचंद्र सहनी, रिंकी कुमारी सहित प्रसून कुमार, आयुष कुमार, सनम कुमार, विकास कुमार, प्रिंस कुमार, मंदिप कुमार, सज्जन कुमार, वर्षा कुमारी, संध्या कुमारी, सोनम कुमारी, पूनम कुमारी, अन्नु कुमारी, चंदन कुमार, नंदनी कुमारी, अजीत कुमार सहित सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

नाइट ब्लड सर्वे : स्वास्थ्यकर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 26 से 30 दिसंबर तक नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत जिले के सभी प्रखंडों के दो-दो गांवों एवं शहरी क्षेत्र के 03 चयनित स्थलों पर रात 8:30 से 12 बजे तक में व्यक्तियों के रक्त के नमूने लिए जाएंगे। बता दें कि रक्त जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि किन-किन व्यक्तियों में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं।

अभियान को सफल बनाने के लिए सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा की अध्यक्षता में सदर अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मुख्य प्रशिक्षक भूपति भूपेंद्र पटेल और शशि कुमार सहित कई अन्य के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, डीवीबीडीसीओ डॉ दिलीप कुमार सिंह, डीपीएम अरविंद कुमार, डीवीबीडी सलाहकार सुधीर कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ की क्षेत्रीय समन्वयक डॉ माधुरी शिवराजू, पिरामल स्वास्थ्य के आशीष श्रीवास्तव, सीफार के क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, डीसी (वी एल/एलएफ) बिनोद श्रीवास्तव, पीसीआई के सौरिश बनर्जी सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लैब टेक्नीशियन, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, वीबीडीएस सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कहा कि जिले में नाइट ब्लड सर्वे की तैयारी शुरू कर दी गयी है। प्रत्येक प्रखंड में एक रैंडम और एक सेंटिनल साइट पर नाइट ब्लड सर्वे कार्य को संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान लोगों के ब्लड सैंपल लिए जाएंगे। जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। चूंकि खून में फाइलेरिया के परजीवी रात में ही सक्रिय होते हैं इसलिए नाइट ब्लड सर्वे से सही रिपोर्ट का पता चल पाता है। जिसे शत प्रतिशत पूरा करने के लिए नाइट ब्लड सर्वे को चार सदस्यीय टीम बनाई गई है। नाइट ब्लड सर्वे की गतिविधियों का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर फाइलेरिया व माइक्रो फाइलेरिया की दर को जानना है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (डीवीबीडीसीओ) डॉ दिलीप कुमार सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि इस कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया के प्रसार को रोकना है। नाइट ब्लड सर्वे के दौरान सामान्य और स्वस्थ दिखने वाले व्यक्ति भी जांच करा सकते हैं। क्योंकि फाइलेरिया या हाथीपांव के लक्षण सामान्य रूप से शुरू में दिखाई नहीं देते हैं। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद इसके लक्षण लगभग पांच से दस सालों बाद दिखाई दे सकता है। इसलिए सामान्य और स्वस्थ दिखने वाले व्यक्ति भी नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम के तहत अपने रक्त के नमूने की जांच अनिवार्य रूप से कराएं। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी रोग है, जो एक कृमि जनित मच्छर से फैलने वाला रोग है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। आमतौर पर फाइलेरिया के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते लेकिन बुखार, बदन में खुजली व सूजन की समस्या दिखाई देती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन, हाथी पांव और हाइड्रोसील की सूजन, फाइलेरिया के लक्षण हैं। फाइलेरिया हो जाने के बाद धीरे- धीरे यह गंभीर रूप लेने लगता है। इसका कोई ठोस इलाज नहीं है। लेकिन इसकी नियमित और उचित देखभाल कर जटिलताओं से बचा जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की क्षेत्रीय समन्वयक डॉ माधुरी शिवराजू ने कहा कि विभागीय स्तर पर चिह्नित किए गए जिले के गांवों एवं शहरी क्षेत्रों के 03 स्थलों पर रात्रि के 8:30 से लेकर रात्रि के 12 बजे तक स्थानीय ग्रामीणों के रक्त के नमूने लिये जाएंगे।

क्रिसमस डे के पूर्व अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। भारती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में क्रिसमस डे एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से प्ले ग्रुप से लेकर क्लास यूकेजी तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामूहिक रूप से प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार सिन्हा, प्रो. (डॉ.) हरेन्द्र हिमकर, भरत प्रसाद गुप्ता, आलोक कुमार श्रीवास्तव, सुरेश कुमार एवं रजनीश प्रियदर्शी ने पौधा में जल अर्पित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा, शिक्षक एवं छात्र ये तीनो एक अनमोल रत्न हैं ।शिक्षा छोटे से छोटे विद्यालयों में भी अर्जित किया जा सकता हैं। इसके लिए शिक्षक एवं अभिभावक की सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए ।शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भरत प्रसाद गुप्ता ने कहा कि छात्र पौधा एवं शिक्षक माली होता हैं। जिस प्रकार माली पौधा को सिच कर एक बड़ा वृक्ष तैयार कर देता हैं। उसी प्रकार शिक्षक भी छोटे-छोटे बच्चो को सिंचित कर एक बड़ा वृक्ष के रूप में तैयार कर देता हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. हिमकर ने अपने जमाने के विद्यालय को याद करते हुए उसे चटिया विद्यालय से अलंकृत किया। उन्होंने कहा कि उस चटिया विधालय से भी बच्चे पढकर आईएएस एवं आईपीएस बनें। शिक्षा के लिए विद्यालय का बड़ा या छोटा होना महत्व नहीं रखता। उन्होंने विद्यालय के उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए विद्यालय के निदेशक मनीष दूबे को बहुत-बहुत बधाई दी।

कार्यक्रम में बच्चो ने बहुत से कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। बच्चो की इस प्रस्तुत ने खुब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ऋषिका, आरोही, अर्नव, माही, नैना सिंह, परी, साहिल झा, यूराज मिश्रा, अर्थव वर्मा, अनुष्का, विधि, डिम्पल, अर्चना, पलक, रेखा, दुर्गा, दित्या, आयुषी ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंच का संचालक शिक्षक शमनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचाय आमोद कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं सभी शिक्षिकाओं में अजय कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, भुनेश्वर कुमार मिश्रा, मधुरेन्द्र सिंह, रंजना सिंह, अनुराधा श्रीवास्तव, मङ्ग इरफान, प्रकाश गुप्ता, पवन कुमार, पवन गुप्ता, पूजा पटेल, नीतू कुमारी, अवनीत कुमार, डॉ. सौरभ कुमार, विजय कुशवाहा एवं मधुरेंद्र सिंह इत्यादि की भूमिका सराहनिय रही।

आश्रम की बच्चियों को इनरव्हील क्लब ऑफ सारण ने दिया सेनेटरी पैड

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सिटी। महिलाओं के लिए काम करने वाली अंतराष्ट्रीय सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब ऑफ सारण ने श्री राम कृष्ण आश्रम में पढ़ने वाली बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड के इस्तेमाल करने को ले एक जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया ।सदर अस्पताल की निष्ठा कुमारी ने सेनेटरी पैड के इस्तेमाल से होने वाले फायदा को बताते हुए कहा कि इसके इस्तेमाल से कई बीमारियों से बचा जा सकता ।अध्यक्ष तनु जैसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्था जागरूकता अभियान के तहत जहां पैड इस्तेमाल करने की सलाह देती है वही निशुल्क पैड भी दिया जाता है ,जो कि शहर के विभिन्न स्लम इलाको में समय समय पर शिविर लगा प्रचार प्रसार के साथ होता है।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष तनु जायसवाल ,मंजू गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष अनु जायसवाल ,और निष्ठा कुमारी मौजूद रही ।इसकी जानकारी रूपा देवी ने दिया ।

सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को ले लगातार की जा रही छापेमारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शहर मे सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने को लेकर थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर नगर निगम के दो धावा दल द्वारा छापमारी किया गया। धावा दल का नेतृत्व उप नगर आयुक्त ओम प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के लिए लगातार छापमारी करके निगम क्षेत्र में प्लास्टिक उपयोग करने वालों को दंडित किया जा रहा है। धावा दल ने छापामारी नागलपालिका चौक, थाना चौक ,दरोगा राय चौक ,रामलीला मठिया एवं नगरपालिका चौक आदि प्रतिष्ठानों पर किया गया।

शहर के लोगों को बार -बार सिंगल यूज प्लास्टिक नहीं करने की हिदायत दी जा रही है। इसके वावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। छापामारी के दौरान थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को प्लास्टिक का इस्तेमाल एवं बेचने वालों को दंड के साथ-साथ सामान भी जप्त किया जा रहा हैं,और चेतावनी भी दी जा रही है, दुबारा पकड़े जाने पर दुगना राशि दंड लगाया जायेगा। वहीं नगर आयुक्त सुमित कुमार द्वारा सभी मैरेज हॉल, होटल ,मॉल के मालिकों को पूर्व में बैठक करके बताया जा चुका है, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करें, और दूसरे को भी प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रेरित करें। इस अभियान में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से पूर्व से ही जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

संजीवनी संस्कार स्क

संक्षिप्त खबरें

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121 वीं जयंती समारोह मनायी गयी

आरा। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी का 121 वां जयंती जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय पर किसान एवं सहकारिताप्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत मेहता के नेतृत्व में मनाई गई बैठक में किसान नेता चौधरी चरण सिंह जी के विचारों को बताते हुए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा किसानों के हित में चलाए जा रहे योजनाओं के विषय पर चर्चा की गई हमारे नेता मुख्यमंत्री जी किसानों के एक सच्चे हितैषी होते हुए किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचे इसके लिए दिन-रात मेहनत करते हैं किसानों को कैसे अधिक लाभ प्राप्त हो उसके लिए चौथा रोड मैप तैयार कर कार्य कर रहे हैं बैठक में उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष जिला कमेटी के सदस्य ज्ञानचंद सिंह कुशवाहा रविंद्र कुमार राजेश सिंह दीपक कुमार सिंह रामबाबू सिंह मणिकांत सिंह कृष्ण सिंह बुद्धेश्वर सिंह कुशवाहा विकास सिंह महावीर सिंह अटल कुमार तथा अन्य साथी गण मौजूद रहे।

शहिद स्वर्गीय नायक प्रमोद कुमार सिंह का मनाया गया प्रथम पुण्यतिथि

आरा। बम पाली गांव के शहिद स्वर्गीय नायक प्रमोद कुमार सिंह का प्रथम पुण्यतिथि मेजर राणा प्रताप सिंह अध्यक्ष बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्षता में मनाई गई इसका चीफ गेस्ट भी मेजर राणा प्रताप सिंह थे उनके साथ पूर्व सैनिकों ने उनके तेल क्षेत्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई सबसे पहले स्वर्गीय नायक प्रमोद कुमार के चलचित्र पर उसका बड़ा भाई अजय सिंह जी ने पूजा अर्चना की फूल माला चढ़ाएं उसके बाद शाहिद की माताजी शाहिद की पत्नी एवं पूरे परिवार में फूल माला चढ़कर श्रद्धांजलि दी उसके बाद मेजर राणा प्रताप सिंह एवं उनके सहयोगी पूर्व सैनिकों ने फूल माला चढ़कर वीर शहीद स्वर्गीय प्रमोद कुमार सिंह को श्रद्धांजलि दी गई इसमें उनके पिताजी श्री कलेक्टर सिंह उनके चाचा के भाई पूर्व मुखिया विजय सिंह जी गांव के बहुत से लोगों ने बड़ी-बड़ी से पुष्पांजलि अर्पित की गई।

जनता दरबार में एक मामलें का हुआ निष्पादन

नोखा (रोहतास) स्थानीय थाना परिसर में सीओ के नेतृव जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत एक मामलें का निष्पादन किया गया। इस संबंध में सीओ सुमन कुमार ने बताया कि आयोजित जनता दरबार में एक अन्य मामला लंबित रहा। इस मौके पर थानाध्यक्ष उमेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

व्यक्ति की पहाड़ से गिर कर मौत

सासाराम (रोहतास) जिला क्षेत्र के रमडीहरा अंतर्गत पहाड़ से गिरने से एक झारखंड निवासी की मौत हो गई। मृतक युवक गढ़वा क्षेत्र का पिंटू राम बताया गया जाता है। दूसरी तरफ घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया है। घटना के बाद अमझोर थाना पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए जिला सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जबकि स्थानीय पुलिस घटना के बाद कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। इस संबंध में परिजनों ने बताया की पहाड़ पर घुमने के लिए पिंटू निकाला था। इसी क्रम में गिरने से उसकी मौत हो गई।

बीपीएससी में सफल प्रधानाध्यापक को शिक्षकों ने दी बधाई

करगहर (रोहतास) उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोगहरा में पदस्थापित शिक्षा मित्र शिक्षक बीपीएससी परीक्षा में सफल हो प्रधानाध्यापक बनें। जिनके सफल होने पर लोगों ने बढ़ाई दी। ज्ञात हो की बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में शिक्षा मित्र शिक्षक ने अरविंद पासवान ने बिहार सरकार द्वारा जारी रिजल्ट में एससी कोटा में दूसरा स्थान प्राप्त कर प्रधानाध्यापक बनें। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षक संघ सचिव संतोष कुमार राय ने बताया कि शिक्षक अरविंद पासवान ने अपने क्षेत्र सहित माता-पिता का सम्मान बढ़ाया है। इस मौके पर शिक्षक संतोष राय ,धर्मेंद्र सिंह, वरुण कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

भाजपा कार्यकताओं ने की कोर कमिटी बैठक

करगहर (रोहतास) स्थानीय शिव मंदिर परिसर में शनिवार को बीजेपी विधानसभा कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसका नेतृत्व प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अरुण पांडेय और अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि पांडेय ने की। बैठक में सर्व समिति से मंडल के सभी शक्ति केन्द्र पार्टी कार्यकर्ता द्वारा टीम गठित कर लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया। मौके पर जिला महामंत्री अशोक साह, अमित कुमार, राकेश पांडेय, राजेंद्र तिवारी, केशव साह, श्री भगवान, बबलू दुबे, सतीश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अनुशासित ढंग किए गए नियमित प्रयास से मिलते हैं लाभ : आरके सिंह

नई आशा द्वारा तीन दिवसीय माता शबरी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह स्टीडियम आरा में नई आशा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय माता शबरी क्रिकेट टूनामेंट-2023 का आज शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सह आरा संसद आरके सिंह ने माता शबरी की तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात बॉलिंग करके तथा बैलून उड़ाकर किया। टूनामेंट में भोजपुर एवं बक्सर जिला के मुसहर जाति के 16 टीमों ने भाग लिया है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नई आशा के द्वारा वर्ग विशेष के लिए किया जा रहा प्रयास न सिर्फ खेल जगत बल्कि इन्हें समाज के मुख्य धारा में शामिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। नई आशा द्वारा इस वर्ग का सतत विकास के लिए किये जाने वाले अभियान में मेरा पूरा सहयोग रहेगा, ताकि जिले के इन नौजवानों के सपने पूरा हो सकें। श्री सिंह ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलनी चाहिए। इसमें हार-जीत कोई मायने नहीं रखता लेकिन अनुशासित ढंग से नियमित प्रयास काफी मायने रखता है। जिलाधिकारी राजकुमार ने कहा कि जब से जिला में आया, नई आशा के प्रयास को बहुत नजदीक से देखने का अवसर मिला। संस्था के ऐसे प्रयास, समाज में विकास एवं संप्रेषण का सही मध्यम बनता है। संचालन करते हुए संस्था के संरक्षक डॉ भीम सिंह भवेश ने नई आशा के दो दशकों के प्रयास एवं प्रतिफल की चर्चा किया। स्वागत ई संजय शुक्ल ने किया। मौके पर बीडी सिंह, प्रो पशुपति नाथ सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दुगार्राज, ई धीरेन्द्र प्रसाद सिंह, अखिलानंद ओझा, शंभु चैरसिया, संजय सिंह, रानी राय, प्राचार्य डॉ योगेंद्र प्रसाद सिंह, अमित कुमार सिंह, लव कुमार सिंह, आदि थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिजय सिंह, कुमार मंगलम तथा नई आशा के जय प्रकाश दास, अमन बिहारी, रविन्द्र राम, अमीर राम, गोलू कुमार सहित कई सदस्यों को अहम भूमिका रही।

घर में घुसकर दिन दहाड़े पीडीएस दुकानदार की पत्नी को मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

बिहिया/आरा। भोजपुर जिला के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया नगर स्थित वार्ड नंबर 5 में शुक्रवार की शाम घर में घुसकर अपराधियों ने एक पीडीएस दुकानदार की पत्नी को गोली मार दी। सघन आबादी क्षेत्र में हुई इस वारदात के बाद नगर में सनसनी फैल गयी। घटना में जख्मी पीडीएस दुकानदार उमेश सिंह की पत्नी रंजू देवी (42 वर्ष) को बिहिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आरा रेफर कर दिया गया। अपराधियों ने महिला को दो गोली मारी है जिसमें एक गोली सीने में और दूसरी गोली दाहिने बांह में लगी है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला अपने घर के बरामदे में बैठी हुई थी। इसी दौरान दो से तीन की संख्या में रहे अपराधियों ने घर में घुसकर महिला पर ताबड़तोड़ गोली चला दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से भाग निकले।

अस्पताल में जख्मी अवस्था में महिला ने गोली चलाने के मामले में एक युवक धर्मेन्द्र कुमार का नाम लिया है। फिलवक्त जख्मी महिला का आरा में इलाज कराया जा रहा है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गयी है। घटना किस कारण से घटित हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। इधर, इलाज कर रहे सर्जन डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि बिहिया निवासी एक महिला को दो गोली लगी है।

कैमूर जिला शिक्षा सेवक संघ के अध्यक्ष राधेश्याम मुसहर का हुआ निधन

कैमूर। प्राथमिक विद्यालय पचगांव के शिक्षा सेवक एवं न्यू प्राथमिक विद्यालय घुजेडिहरा में कार्यरत सह संघ के जिला अध्यक्ष सखवा गांव निवासी राधेश्याम मुसहर का निर्धन हो गया। राधेश्याम सामाजिक कार्यकर्ता के साथ साथ जीवन प्रयन्न क्षेत्र के विकास एवं शिक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित करते थे उनके निधन से संघ को अपूर्ण छति हुई हैं ।जिला परिषद सदस्य भाग 2 के प्रतिनिधि भोला प्रसाद बिंद, ग्राम पंचायत मुखिया लाला दुसाध, तालीमी मरकज के सचिव मोहम्मद इम्तियाज अंसारी,बीस सुत्रीय सदस्य हरिहर मुसहर, जिला परिषद सदस्य भगवानपुर के प्रतिनिधि मल्लू मुसहर, मोहन, जिला कोषाध्यक्ष शिवलोक राम आदि लोगों ने पहुंचकर उनके परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त किया है।

राष्ट्रीय किसान दिवस पर नि:शुल्क ट्रैक्टर सर्विस व किसान मेला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राजेंद्र प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट और राज ऑटोमोबाईल्स के संयुक्त तत्वाधान में बरिसवन(शाहपुर)में राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर निशुल्क ट्रैक्टर सर्विस /किसान मेला का आयोजन प्रतीक राज की अध्यक्षता में किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम को संचालित करते हुए प्रतीक राज ने कहा कि किसानों के शक्तिशाली बनाने के लिए ट्रस्ट द्वारा विभिन्न गाँव में किसानों को जागरुक किया जाएगा ताकि किसान समृद्ध हो!

वहीं कार्यक्रम की संचालन करते राजीव रंजन ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद चैरेटेबल ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य अन्य संगठनों को जोड़कर समाज सेवा की गतिविधियों को संचालित करते हुए जरूरतमंदों किसानों को लाभ दिलाना तथा उनके विकास में योगदान देना है ।हम लोग समय-समय पर मिलकर ऐसे सार्थक आयोजन करते रहते हैं। इस अवसर पर गाँव के किसान , ट्रैक्टर ड्राइवर्स तथा राज ऑटोमोबाइल के कर्मचारी कमलेश यादव, अनिल,सोनू,टूना सिंह,हरेद्र यादव सहित अन्य थे ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा योजनाओं से लाभांवित हो रहें लोग : प्रदेश प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी गारंटी की एलईडी वैन प्रखंड क्षेत्र के कदमा पंचायत पहुंच लोगों को जागरूक किया। जहां ग्रामीण जनता ने संकल्प यात्रा टीम का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कदवा पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता गांधी चौधरी ने किया। जहां उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि मोदी गारंटी योजना को प्रचार-प्रसार वैन के माध्यम से भारत सरकार की 17 से अधिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर कदमा पंचायत में शनिवार को विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को स्पॉट में ही केसीसी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन, पीएम उज्जवला एवं पीएम स्वनिधि योजनाओं से लोगों लाभान्वित किया गया। योजनाओं की जानकारी देने और इन योजनाओं से जिलेवासियों को लाभन्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम आयोजित हो रही है। वही पंचायत के हजारों लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन और टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी गारंटी योजनाओं को सुनते हुए काफी सराहा। जहां भाजपा कार्यकर्ता भी लोगों मिल योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें मोदी गारंटी योजना का कलेंडर वितरण किया। मौके पर पंचायत के तीन किसानों को कृषि विज्ञान प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय सिंह, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा रामकुमारी देवी, अनिल सिंह,सरिता देवी, कौशल श्रीवास्तव,राम परवेश साह, शशिकांत, चुनू मिश्रा, संजीव कुमार, संजीव मोहन,गौतम चौधरी, बीडीसी टुनटुन, कामाख्या पांडे, पंचायत सचिव दीनानाथ चौबे सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थें।

अखिल भारतवर्षीय क्षत्रिय ने सुर संग्राम के उपविजेता को किया सम्मानित

नोखा (रोहतास) अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के दक्षिण बिहार प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल बेगूसराय पहुंचा। जहां कार्यकताओं ने सुर संग्राम के उपविजेता किशन कुमार चंद्रवंशी को सम्मानित किया। इस अवसर पर कृष्ण चंद्रवंशी ने बताया कि किशन कुमार चंद्रवंशी ने बेगूसराय सहित पूरे बिहार व भारत में चंद्रवंशी समाज का मान बढ़ाया है। जिनके उज्ज्वल भविष्य की अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने कमाना किया। इस मौके पर दिनेश प्रसाद चंद्रवंशी, डब्लू चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, किशन चंद्रवंशी, हरिद्वार राम चंद्रवंशी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पॉडकास्ट प्रतियोगिता में जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज आरा को मिला सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी (एकेयू) के तत्वावधान में सीओई (उत्कृष्टता केंद्र) इकाई श्रीनिवास रामानुजम की जीवनी पर आधारित पॉडकास्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में AKU से संबद्ध बिहार भर के सभी कॉलेजों ने भाग लिया। 22-12-2023 को आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी परिसर, पटना में पॉडकास्ट की प्रस्तुति के लिए कुछ छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। प्रतियोगिता की शुरूआत आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी के पोर्टल पर पॉडकास्ट जमा करके भाग लेने वाले छात्रों के पंजीकरण के साथ हुई। योग्यता और प्रासंगिकता मापदंडों के आधार पर कुछ छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज, आरा के छात्रों ने अडव (आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी) द्वारा प्रशंसा पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले सभी सात छात्रों में मणि कुमार (एमबीए द्वितीय सेमेस्टर), राहुल कुमार (एमबीए, द्वितीय सेमेस्टर), अभिषेक राज (एमबीए-द्वितीय सेमेस्टर), यतेंद्र शर्मा (बीसीए -तीसरा सेमेस्टर), बालाजी (बीसीए - तीसरा सेमेस्टर) शामिल हैं। अनुष्का कुमारी (बीबीए-प्रथम सेमेस्टर) और श्रेया (बीबीए-प्रथम सेमेस्टर)। इन सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय ने इन छात्रों को नवाचार और उभरती प्रतिभाओं के ध्वजवाहक के रूप में स्वीकार किया।

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पुलिस का लाठीचार्ज छात्रों को बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार के आरा में छात्रों ने जमकर हंगामा किया है। वहीं पुलिसकर्मी और विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन छात्रों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद भी छात्र संगठन के लोग नहीं माने और इस बैठक का विरोध करना शुरू कर दिया। इसके बाद इन छात्रों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया है।

दरअसल,आरा के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की सीनेट की बैठक शनिवार को आयोजित की गई है। वहीं इस बैठक में बिहार के राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर भी शामिल होने पहुंचे हैं। कई छात्र संगठन इस बैठक का विरोध कर रहे हैं। छात्र संगठन कुछ नेता यूनिवर्सिटी के अंदर घुसना चाहते थे। जिसके बाद छात्रों ने जिसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज करना शुरू कर दिया। लाठी चार्ज में छात्रों को गंभीर चोट आई है। जिसके बाद छात्र भागने लगे। वहीं, विरोध कर रही छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता का कहना है कि- कुलपति के तरफ से छात्रों की आवाज को दबाया जा रहा है। लेकिन, अब छात्र जग गए हैं और इनके आगे विश्वविद्यालय प्रशासन को झुकना पड़ेगा। क्योंकि, छात्र देश का भविष्य है और इस तरीके से अत्याचार छात्रों पर कहीं बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि, जिस तरह आज हम पर लाठी बरसाई गई है हमारा यही कहना है कि आपके लिए छात्र कीड़े की तरह हो सकते हैं। लेकिन, यह छात्र जब एक साथ होंगे तो सरकार को झुकाना पड़ता है और इस सरकार को भी झुकना होगा। आज जिस तरह से कुलपति काम कर रहे हैं तो उनको कहना है कि यह विश्वविद्यालय प्रशासन इन्हीं के दिए हुए नामांकन राशि और परीक्षा राशि के बदौलत आपका घर परिवार चलता है।

कानू एकता सह सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। शहर के मौजे स्थित एक आवासीय परिसर में शनिवार को कानू समाज के लोगों की एक बैठक वार्ड 20 के पार्षद प्रतिनिधि साहेब कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 7 जनवरी को मोतिहारी के बापू सभागार में होने वाले कानू एकता सह सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की गयी। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि कानू समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए जो कार्यक्रम रखा गया है, वे हम सब के लिए सौभाग्य की बात है। उक्त सम्मेलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की सहमति बनी। इस दौरान मौजूद सदस्यों में से अलग-अलग पंचायतों में टीम गठित किया गया, जो 7 जनवरी को मोतिहारी में होने वाले कार्यक्रम में लोगों को चलने के लिए प्रेरित करेंगे।बैठक में निर्णय लिया गया कि रक्सौल विधानसभा से करीब 150 चार पहिया वाहन जाएगी। जहां कानू एकता समाज अपने चट्टानी एकता का परिचय देंगे। सभी लोगों को सुबह सात बजे स्टेशन रोड में पहुंचने की अपील की गयी। मौके पर विनोद कुमार, अनिल कुमार कानू, सुनिल कुमार, कृष्णा प्रसाद नेताजी, डा. गौतम कुमार, भोला साह, निपू गुप्ता, घनश्याम प्रसाद, दीपक कुमार, प्रशांत कुमार, धर्मनाथ प्रसाद, वमानंद प्रसाद, विजय प्रसाद, विनय कुमार, पप्पू कुमार, आत्मा राम, जोखन साह सहित सैकड़ों की संख्या में कानू समाज के लोग मौजूद थे।

बीएसडीएवी में क्रीसमस पूर्व बाल मेले का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा।स्थानीय बी.एस. डीएवी.पब्लिक स्कूल परिसर में वैदिक हवन यज्ञ के बाद बाल मेला का आरंभ हुआ। क्रिसमस पूर्व आयोजित इस बाल मेले में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति काफी उत्साह जनक रही। बाल मेले का उद्घाटन डीएवी. प्रक्षेत्र 'जे', बक्सर के क्षेत्रीय अधिकारी श्री वी.आनंद कुमार ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री आनंद ने कहा कि बी.एस.डीएवी. आरा प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय आप सबों के विश्वास और अपेक्षाओं पर सदैव खरा उतरा है। आपके बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिवार कृतसंकल्प है। श्री आनंद कुमार ने बताया कि आप सभी अभिभावकों की सुविधा का खयाल रखते हुए विद्यालय में नये सत्र 2024-2025 से नर्सरी(प्ले) कक्षाएँ भी आरंभ होने जा रही हैं। बाल मेले में उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वागत प्रधानाचार्या श्रीमती नीशू जायसवाल ने किया। इस अवसर पर बतौर अतिथि डॉ.शशि शेखर सिंह, प्राचार्य, डीएवी., धनुपरा, आरा तथा सन्नी कुमार सिंह, प्रधानाचार्य, डीएवी., पीरो भी उपस्थित रहे। इस बाल मेले का खास आकर्षण बच्चों द्वारा संचालित 'गेम' और उनके द्वारा लगाई गई दुकानें रहीं । चाट, चाउमीन, फ्रेंच-फ्राई, डोसा, आईसक्रीम, फुचका, क्रीम रोल, पेस्ट्री तथा चाय-कॉफी की दुकानों पर घंटों भीड़ जमी रही।

कार्यकारिणी के सदस्य बनाए जाने पर कैमूर में खुशी का माहौल

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। मोहनिया भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लघु उद्योग प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी सदस्य बनाए जाने पर खुशी का माहौल कार्यकताओं ने दी बधाई। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मोहनिया से वीर बहादुर गुप्ता एवं संदीप कुमार को लघु उद्योग प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर कैमूर में खुशी का माहौल कार्यकताओं ने दी बधाई वीर बहादुर गुप्ता ने कहा कि बिहार में हमारा सरकार बनने पर लघु उद्योग प्रकोष्ठ के द्वारा बेरोजगार युवाओं को अधिक से अधिक उद्योग लगवाने में करेंगे मदद और प्रदेश में उठाएंगे कैमूर की मुद्दा। कैमूर के लोगों ने दी बधाई सम्पूर्ण वैश्य समाज जिला अध्यक्ष कैमूर एवं राष्ट्रीय भामाशाह सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष कैप्टन त्रिवेणी साह ,सचिव अनिल गुप्ता, महामंत्री एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला कैमूर अध्यक्ष डॉ संतोष जायसवाल ,वैश्य समाज जिला प्रवक्ता जयप्रकाश गुप्ता, राष्ट्रीय भामाशाह सेवा ट्रस्ट कोषाध्यक्ष राम आशीष गुप्ता ,सचिव शिव मूरत गुप्त , उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता, संरक्षक प्रेमचंद जायसवाल मेरी मां कर्मा हिंदी फिल्म के राष्ट्रीय प्रचारक सतीश गुप्ता रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष सरवन शाह सचिव सुरेश शाह साहित्य सैकड़ों लोगों ने दी बधाई।

महिला कॉलेज में विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के तहत पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर : भभुआ स्थित शहीद संजय सिंह महिला महाविद्यालय में यूजीसी राज्यपाल सचिवालय एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के निर्देश के आलोक में विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के तहत पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का कार्यक्रम छात्राओं के बीच कराया गया।

वही कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर तारा सिंह नोडल पदाधिकारी सुमन कुमारी अमित कुमार एवं पंकज सिंह के द्वारा किया गया है। जहां पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों का चयन महाविद्यालय द्वारा किया गया है। जिसमें इतिहास विभाग की छात्रा काजल सिंह को प्रथम स्थान मनोविज्ञान की छात्रा अंशिका कुमारी को द्वितीय स्थान तथा भूगोल की छात्रा सोनाली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। वही पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्या द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया है। वही डॉक्टर तारा सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री जी द्वारा पूरे देश में वॉइस आफ यूथ विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम कराया जा रहा है। जो शनिवार को शहीद संजय सिंह महिला महाविद्यालय में पेंटिंग पोस्टर प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराया गया है। इनका मुख्य उद्देश्य है आज के युवा युवती देश के प्रति जागरूक हो और 2047 तक नए भारत को बनाने में चढ़ बढ़कर हिस्सा लेकर सफल बनाएं। वही मौके पर विकेश कुमार डॉक्टर रंजन सिंह डॉक्टर मोहम्मद सलाउद्दीन कृष्ण मोहन सिंह डॉ उपेंद्र नारायण सिंह उमेश कुमार प्रमोद कुमार एवं महाविद्यालय के छात्राएं उपस्थित रही हैं।

25 दिसंबर अटल बिहारी वाजपेई जयंती को सुशासन दिवस मनाने पर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

रामगढ़। विधानसभा कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें पार्टी के संगठन विस्तार आगामी 25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहार वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में हर बूथों पर मनाने की योजना बनी हैं विधानसभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा को हर पंचायत में ठीक से चले इस पर पार्टी के साथी हर जगह ध्यान दें बैठक में नियुक्त जिला प्रभारी सुरेश शर्मा जी का विधानसभा में प्रथम आगमन पर हार्दिक अभिनंदन किया गया बैठक को प्रभारी के रूप में मोहनिया के पूर्व विधायक निरंजन राम जी ने अपना सुझाव दिया पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने रामगढ़ विधानसभा के राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा किया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल संचालक राजीव लाल श्रीवास्तव ने किया बैठक में बक्सर लोकसभा संयोजक राजवंत सिंह जिला उपाध्यक्ष बबलू राय जिला प्रवक्ता दीनानाथ सिंह मनोज जायसवाल विधानसभा संयोजक कृपा शंकर चौबे जिला मंत्री देव मूरत पांडे सरोज माधुरी सविता मौर्या अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामराज भारती पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्री राम राय प्रखंड अध्यक्ष संदेश चौधरी महामंत्री विपिन केवट प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा विस्तारक संजीव पांडे उपस्थित रहे।

भागवत का उद्देश्य बहुजन हिताय बहुजन सुखाएं , शांति , सद्भाव, प्रेम भाईचारा का संदेश देना है : अजयकृष्ण शास्त्री

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भागवत का संदेश चरित्र के निर्माण में भी सहायक होता है। भागवत कथा न्याय के साथ धर्मपरायण व्यवस्था को सामाजिक समरसता के साथ जीवन को जीने की कला भी सिखाता है। यौवन हमेशा अंधा होता है बुढ़ापा लंगड़ा होता है । बुढ़ापा चलने में अक्षम है यौवन देखने में । आज समय है अंधा लंगड़े को कन्धे पर बिठाएं अन्यथा युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित होगी । बुजुर्गो का अनुभव युवा पीढ़ी की शक्ति से समाज का सर्वांगीण विकास होगा अन्यथा इस समाज को कोई बबार्दी से नहीं बचा सकता है । बुजुर्ग और युवा का समन्वय बेहतर विकल्प है लेकिन आज का युवा इससे विमुख होते जा रहा है । पश्चिम सभ्यता का असर यह है कि युवा पीढ़ी में न पिता में पिता , न मां में मां , न बहन में बहन दिखाई दे रहा है । यह पश्चिमी सभ्यता देश को रसातल की ओर ले जा रही है । जबकि इसके उल्ट पश्चिमी सभ्यता भारतीय सभ्यता को अपनाकर अपना सर्वांगीण उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही है । इस तरह का धार्मिक आयोजन समाज को दशा और दिशा प्रदान करने में कारगर कदम साबित होगा । श्री मद्भागवत कथा का समापन भागवत पुजन , व्यासपीठ पुजन , ब्राह्मण पुजन समेत प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आशीर्वाद सम्मान के साथ भव्य भंडार के साथ रात्रि दस बजे पुरे धार्मिक हर्षोल्लास के संपन्न हुआ। परम आदरणीय गुरुदेव पंडित अजयकृष्ण शास्त्री जी महाराज अपने पूरे सहयोगी के साथ मथुरा-वृंदावन के लिए प्रस्थान । इस आशय की जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व निगम पार्षद डॉ० जितेन्द्र शुक्ल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ कोइलवर पहुँची

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर खेल मैदान में केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ कोइलवर पहुँचा। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत कोइलवर के सैकड़ो की संख्या में पहुँचे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने केंद्र सरकार की जन हितकारी योजनाओं के बारे में जाना व समझा। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभवानवीत करना है, जिसको देखते हुए भोजपुर जिले के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ कोइलवर पहुँचा था। इस दौरान बीजेपी नेता राम दिनेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की न

संक्षिप्त खबरें

लोक सभा चुनाव को लेकर इवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का किया गया निरीक्षण

शेरघाटी ।आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता रंजीत कुमार रंजन के इलेक्सन ऑफिसर रंजय कुमार के द्वारा शेरघाटी, बाराचट्टी एवं इमामगंज विधानसभा के इवीएम स्ट्रांग रूम एवं पोलिंग पार्टी के डिस्पैच को लेकर स्थलों को निरीक्षण करते हुए चिन्हित किया गया। इधर जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के दौरान एवं रखने वाले स्थान को बेहतर तरीके से जांच पड़ताल किया जा रहा है जिससे चुनाव के बाद एवं रखने में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो सके इसको लेकर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स के भी तैनाती रहेगी।

इंडिया गठबंधन के लोग चुप बैठने वाले नहीं हैं : कुमार गौरव

गया। गया में भी इंडिया गठबंधन के द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में युवा जदयू जिला अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के नेतृत्व में भी कई कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर विरोध प्रदर्शन किया है ।इस मौके पर गया युवा जदयू जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि संसद में अगर किसी विपक्षी सांसद के द्वारा किसी प्रश्न का जवाब मांगा जाता है और इस तरह की कार्रवाई करते हुए कई सांसदों को निलंबित कर दिया जाएगा तो इंडिया गठबंधन के लोग चुप बैठने वालो में से नहीं हैं। इसी को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा के विरोध में पूरे बिहार में विरोध प्रदर्शन निकाला गया है ।जिसमें गया जिला युवा जदयू के कार्यकताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

संपादक मंडल के सदस्यों के साथ की बैठक

गया ।आगामी तीन दिवसीय बौद्ध महोत्सव 2024, जो दिनांक 19 जनवरी से प्रारंभ होकर 21 जनवरी 2024 तक निर्धारित है। इस अवसर पर जिला प्रशासन, गया द्वारा प्रत्येक वर्ष एक स्मारिका ह्लतथागतह्व का प्रकाशन कराया जाता है। इस वर्ष भी स्मारिका का प्रकाशन कराने का निर्णय लिया गया है, जिसके सफल प्रकाशन हेतु संरक्षक के रूप में जिला पदाधिकारी, गया, संपादक सह जिला जन संपर्क पदाधिकारी, गया दीपक चंद्र देव तथा संपादक मंडल में कंचन कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, डॉ रश्मि प्रियदर्शिनी, राजीव कुमार तथा कैलाश प्रसाद शामिल हैं। आज अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी, स्मारिका प्रकाशन समिति सुबोध कुमार की अध्यक्षता में संपादक मंडल के सदस्यों के साथ बैठक किया गया है ।इस बैठक में निर्णय लिया गया की दिनांक 05 जनवरी तक आलेख प्राप्त करने की अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। उसके बाद प्राप्त आलेखों की जांच की जायेगी। जांचोपरांत आलेखों का चयन कर प्रकाशन कराया जाएगा।

विकसित संकल्प यात्रा में रथ का हुआ आगमन

गया ।मोदी की गारंटी वाला विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर प्रखंड के कुजाप में पंचायत भवन में रथ का आवागमन हुआ रथ का स्वागत स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया रथ आगमन के समय जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने कहा कि मोदी के द्वारा जो देश के अंतिम पायदान में रहने वाले लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसकी जानकारी दी गई है ।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदौती, कूजाप मुखिया, एवं विभाग से संबंधित अधिकारी एवं आमजन शामिल थे।

जिले के टॉप 20 अपराधी को जिला पुलिस ने किया गिरफ्तार

गया ।गया जिले में अंदर टॉप 20 में शामिल अपराधी वेंकटेश शर्मा उर्फ राहुल शर्मा को जिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है चार सीटेट अपराधी वेंकटेश अंदर टॉप 20 में शामिल था और 5 साल से फरार चल रहा था वेंकटेश पर साल 2019 में अपनी पत्नी को जलाकर मार देने का आरोप था एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि जिले में टॉप बीस अपराधी की सूची बनाई गई थी। जिसमें से टॉप आठ में शामिल तीन अपराधी पांच और वही शामिल तीन अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। और शेष दो ने सरेंडर कर दिया है वहीं पहली सूची टॉप दस की बनाई गई थी जिसमें से आठ अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है और शेषि बचे दो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

महामना एवं अटल जी के जयंती समारोह की तैयारी पूरी

गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय होंगे मुख्य अतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। चाणक्य परिषद की समीक्षात्मक बैठक जयंती समारोह की तैयारी को लेकर चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय के आवास पर संपन्न की गई, जिसमें आयोजन की तैयारी के संदर्भ में चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए चाणक्य परिषद के अध्यक्ष सह पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामानुज पाण्डेय ने कहा की चाणक्य परिषद विगत 15 वर्षों से जिले में दोनों महापुरुषों की भव्य जयंती समारोह का आयोजन करते चली आ रही है। इस आयोजन में प्रत्येक वर्ष जिले भर के विद्वत समाज के लोग, जिले के समाज सेवी एवं गणमान्य लोग शामिल होते हैं। इस कार्यक्रम में जिले के प्रतिभाओं एवं विशिष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष भी जिले के प्रतिभाओं समाजसेवियों को सम्मानित करने का निर्णय संस्थान ने लिया है। अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 25 दिसंबर को आईएमए हॉल में दिन में 12 बजे से जयंती समारोह आयोजित होगी। दोनों ही ऐसे महापुरुष हैं जिन्होंने इस राष्ट्र के स्वाधीनता एवं भारत को पुनः विश्वगुरु के सिंहासन पर आरूढ़ करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। भारतरत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी एवं भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी दोनों ही बिल्कुल सामान्य परिवारों से आने वाले व्यक्ति थे, लेकिन दोनों की संकल्प शक्ति हिमालय से भी ऊंचे थे, जहां महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी चार-चार बार स्वाधीनता संग्राम के समय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में संपूर्ण राष्ट्र में अलख जगाने का काम किया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी की स्थापना कर इस देश के राजनीति को एक नई दिशा देने का काम किया और जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र एवं विकसित भारत बनाने के लिए जो आधारशिला रखी। आज भारत उसी मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। चाणक्य परिषद जहां प्रत्येक वर्ष दोनों महापुरुषों का जयंती मानती है। वहीं मगध की धरती के वह सपूत जिन्होंने खंड-खंड में बाटे भारत को अखंड एवं स्वर्णिम भारत बनाने का कार्य ऐतिहासिक कार्य किया। दुनिया को अर्थशास्त्र और राजनीति का ज्ञान दिया उनके संस्मरण में भी परिचर्चाऐं की जाती हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इस वर्ष गिरिडीह के पूर्व सांसद एवं औरंगाबाद जिले के ही रहने वाले रविंद्र कुमार पांडेय सहित जिले के प्रमुख लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का स्वागताध्यक्ष जिले के उभरते समाजसेवी एवं शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के संस्थापक शक्ति मिश्रा को बनाया गया है। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, महामंत्री संजीव कुमार द्विवेदी, ब्रजेश दुबे, विभांशु मिश्रा,शंभू मिश्रा ,पुरुषोत्तम चौबे, निर्भय त्रिवेदी, संतोष पाठक ,अजीत मिश्रा ,रामानुज पाण्डेय ,अमरेंद्र पाण्डेय,रोशन मिश्रा, जितेंद्र पाठक ,पुरुषोत्तम चौबे,पंकज पाठक सहित प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए समीक्षा की और बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम भव्य स्वरूप में संपन्न किया जाएगा। इसके लिए संगठन प्रत्येक प्रखंड में गांव-गांव में लोगों को निमंत्रण पत्र बांटने का कार्य कर रही है।

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट , दो महिला समेत छः घायल

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटीः थाना क्षेत्र के घोडीजरा गाँव मे शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूब चला लाठी डंडा जिसमे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए है। परिजनों के सहयोग से सभी घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सभी घायल व्यक्ति एकही पक्ष के लोग बताए जा रहे हैं। इन सभी घायलों में दो महिला अन्छि देवी,ममता कुमारी,और इनके अलावा में बिंदेश्वरी यादव,देवकी यादव शिवपूजन कुमार,अनूप कुमार,अनुज कुमार,बिरजू यादव शामिल थे।

इलाज कर रहे चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि मारपीट में दो व्यक्ति को सर फट गया है और बाकी लोगों को हल्की-फुल्की छोटे आई है। जिनका इलाज चल रहा है। घायल व्यक्ति बिंदेश्वर यादव देवकी यादव ममता कुमारी, कैलाश यादव ने बताया कि लगभग दो वर्षों से घोड़ीजरा गांव के ही अजय यादव और देवराज यादव से जमीनी विवाद पर झगड़ा चल रहा था। इस मामले में सीओ और अमीन द्वारा जमीन की नापी कर फैसला भी दिया गया था पर इस फैसले को मानने को तैयार नही है। उन्होंने आगे बताया कि जमीन मालिक बंगाल का रहने वाला है और हम लोगों को पट्टा पर खेती दे दिया था कई वर्षों से हम लोग इस जमीन पर खेती कर रहे थे पर अजय यादव और देवराज यादव जबरन इस जमीन पर कब्जा जमाना चाहते हैं।

इसी मामला को लेकर हम लोगों के साथ अजय यादव और देवराज यादव ने मिलकर मेरे साथ मारपीट किया है। जिसमें हम लोग आठ व्यक्ति घायल हो गए हालांकि इस मामले में हम लोगों ने स्थानीय थाना को झगड़ा होने की संभावना पर सूचना दिया था पर पुलिस समय से नहीं पहुंच पाई। उसने आगे बताया कि इसके पूर्व भी इस मामला को लेकर हम लोग के साथ मारपीट किया था।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ औरंगाबाद के द्वारा जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन मेहता व संचालन जनता दल यूनाइटेड नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद जिला के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे हितैषी थे।

वे गांव, गरीब और किसान के शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले चौधरी चरणसिंह खुद को प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान व सामाजिक कार्यकर्ता मानते थे। किसानों के हित में उनकी कोशिशों की सदैव सराहना हुई। भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चरणसिंह की व्यक्तिगत छवि एक ऐसे देहाती पुरुष की थी, जो सादा जीवन और उच्च विचार में विश्वास रखता था। भूमि हदबंदी कानून उनके कार्यकाल की प्रमुख विशेषता है। वे कांग्रेस और लोकदल के प्रमुख नेता थे। पूर्व सांसद ने कहा कि उनका ध्येय वाक्य था कि भारत के समस्त किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हों। उनके दिल में किसानों के प्रति काफी हमदर्दी थी। वे हिन्दी, अंग्रेजी के साथ ही उर्दू के भी अच्छे जानकार थे। औरंगाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश के उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलकर ही उनकी असली जयंती का फलाफल मिलेगा। इस अवसर पर किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन मेहता, बारुण के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष ओंकार नाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, युवा नेता पंकज कुमार मेहता, मिथिलेश मेहता, सुनील शर्मा, टेंगरा के पंचायत अध्यक्ष दुर्गा प्रजापति सहित बैरिया के उप मुखिया प्रमोद चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

औरंगाबाद में हुई पहली रिलायंस डिजिटल स्टोर की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद । देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स प्लेटफार्म रिलायंस डिजिटल ने शनिवार को औरंगाबाद के जगदेव नगर स्थित जगदेव सिंह कॉम्प्लेक्स में अपने स्टोर का शुभारंभ किया। इस स्टोर का उद्घाटन सतीश कुमार सिंह रेड क्रॉस चेयर मैन, रामस्वारिथ सिंह, अजीत कुमार सिंह, रिलायंस डिजिटल के बिहार क्लस्टर हेड आदिल परवेज एवं स्टोर मनेजर रोमी मुखर्जी के द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने रिलायंस डिजिटल के सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खरीदारी के लिए उचित स्थान साबित होगा। वही रिलायंस डिजिटल के बिहार क्लस्टर हेड आदिल परवेज ने बताया कि यह औरंगाबाद का पहला स्टोर है। यहाँ टीवी, लैपटॉप, फ्रीज, मोबाइल, स्पीकर्स, स्मार्ट वॉच, हैडफोन, ईयरबड्स से लेकर सभी इलेक्ट्रॉनिक्स सामान एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहक मल्टी बैंक कार्ड का उपयोग कर दस प्रतिशत तक का कैशबैक पा सकते हैं। इस फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों को सामान की खरीदारी पर विशेष छूट दी जाएगी। स्टोर मनेजर रोमी मुखर्जी ने बताया कि कंपनी रिलायंस डिजिटल से शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को जीरो प्रतिशत इंट्रेस्ट फाइनेंस के बेहतर ऑप्शंस और ढेर सारे ऑफर्स दे रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक खरीदारी का लाभ उठा सकें। इसके साथ ही कंपनी पूरे भारत में फ्री होम डिलीवरी की भी सुविधा दे रही है। मौके पर रिलायंस डिजिटल से जुड़े सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

वात्सली निर्भया शक्ति, चिन्मया मिशन के द्वारा गीता जयंती के शुभ अवसर पर भव्य गीता यात्रा का आयोजन

गया। आज स्थानीय हृदयप्रभा आश्रम, वत्सला स्कूल, न्यू एरिया, खैरात अहमद रोड, पीपरपातीं मोर गया में इधर मूवमेंट साथ ही वात्सली निर्भया शक्ति एव चिन्मया मिशन के द्वारा गीता जयंती के शुभ अवसर पर एक बहुत ही भव्य गीता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पावन तिथि पर बगीचा द पार्टी लॉन, गांधी मैदान , गया से प्रारंभ होगी। ये पूरी यात्रा में अनेक लोग अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। गीता को आदर भाव से अपने सिर पर धारण कर एक यात्रा कर वापस बगीचा द पार्टी लॉन में ही समाप्त करेंगे। पूरे रास्ते गीता जी की महिमा गाते हुए,कीर्तन तथा भजन करते हुए इस यात्रा को संपन्न करेंगे । इस यात्रा का उद्देश्य हमारे समाज में गीता जी महिमा , जीवन में उनके महत्व को जन जन तक पहुंचाना है ।इस यात्रा में लगभग ५०० लोग समिल्लित होंगे साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है ।गीता जी के पाठ मात्र से किस प्रकार विचारों में परिवर्तन तथा विचारों को नई दिशा मिलती है ये एहसास कराना है।

आपदा मे मृतक आश्रित को जिलाधिकारी ने अनुग्रह अनुदान राशि का चेक वितरण किए

प्रात : किरण संवाददाता

गया। आपदा के तहत पूर्व में घटित विभिन्न घटनाओं यथा आहर में डूबने से मृत्यु के 4 मामले, सामूहिक सड़क दुर्घटना के 2 मामले, वज्रपात के 2 मामले, तालाब में डूबने की घटना के 2 मामले, पानी मे डूबने से मृत्यु के 1 मामले, गड्ढे में डूबने से मृत्यु के 1 मामले, कुआँ में डूबने से मृत्यु के 1 मामले, डैम में डूबने से मृत्यु के 1 मामले एव खदान में डूबने से मृत्यु के 1 मामले में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभागार में मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान राशि का चेक वितरण किया गया है। इस प्रकार आज कुल अलग अलग 16 घटनाओं के मृतक के आश्रितों के बीच चार-चार लाख रुपए का चेक जिला पदाधिकारी ने सौपा है ।कोच प्रखंड के सीता बीघा गांव के श्रीकांत कुमार का मृत्यु आहर में डूबने से हुई थी, उनके आश्रित उनकी माता मीना देवी को चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया है। कोच प्रखंड के आकाश कुमार का मृत्यु आहर में डूबने से हुई थी ।उनके आश्रित माता रेखा देवी को चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया है।

कोच प्रखंड के चंडौनी गांव के कुसुम दास का मृत्यु सड़क दुर्घटना में हुई थी ।उनके आश्रित उनकी पत्नी प्रेमलता देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है ।कोच प्रखंड के कंचनपुर गांव के सुधांशु कुमार का मृत्यु आहार में डूबने से हुई थी उनके आश्रित पिता संजय यादव को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है ।डुमरिया प्रखंड के नगहरी गांव के प्रमोद राम का मृत्यु वज्रपात से हुआ था, उनके आश्रित पत्नी मीना देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है। डुमरिया प्रखंड के पचमह गांव के सुनैना देवी की मृत्यु वज्रपात से हुई थी ।उनके आश्रित पति हरिहर पासवान को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है ।टिकारी प्रखंड के मऊ गांव के ज्योति देवी की मृत्यु आहार में डूबने से हुई थी। उनके आश्रित माता प्रतिमा देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है।

टिकारी प्रखंड के ग्राम सोहर बीघा के इन्द्रजीत कुमार की मृत्यु तालाब में डूबने से हुई थी ।उनके आश्रित माता सुचिता देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है ।अतरी प्रखंड के ग्राम पथरी के पल्बी कुमारी की मृत्यु पानी मे डूबने से हुई थी, उनके आश्रित माता रेणु देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है। अतरी प्रखंड के पाली गांव के सुरेंद्र कुमार की मृत्यु गड्ढे में डूबने से हुई थी उनके आश्रित पत्नी अरुणा देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है। अतरी प्रखंड के खीरी गाँव के सोहानी कुमारी की मृत्यु कुआँ में डूबने से हुई थी, उनके आश्रित पिता रामु चौधरी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया ।नीमचक बथानी प्रखंड के कारु विगहा गांव के श्याम सुंदर पासवान की मृत्यु सामूहिक सड़क दुर्घटना में हुई थी, उनके आश्रित पत्नी रेणु देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है ।मानपुर के तेतरिया गांव के कृपा कुमारी की मृत्यु तालाब में डूबने से हुई थी, उनके आश्रित पिता गोरा मांझी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है ।आमस प्रखंड के करमदिह गाँव के गीता देवी की मृत्यु डैम में डूबने से हुई थी जिसपर आश्रित पुत्र संतोष कुमार को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है ।आमस प्रखंड के रमुआचक गांव के रामाशीष भुइयां की मृत्यु पाइन में डूबने से हुई थी जिनपर उनके आश्रित पत्नी लीलम देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है ।वही खिजरसराय प्रखंड के सिसवर गाँव के राजुव कुमार की मृत्यु खदान में डूबने से हुई थी, उनके आश्रित पिता रविन्द्र यादव को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है।

सांसद में प्रदर्शनकारी अल्पसंख्यक होते तो बीजेपी अभी देश में माहौल बिगाड़ देती :डॉ. चन्दन कुमार यादव

गया ।संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 146 विपक्षी दल के सांसदों के निलंबन के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन के द्वारा राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मनाया गया । इसी क्रम में गया शहर के विभिन्न सड़कों पर गठबंधन के सहयोगी दल जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल,कांग्रेस और लेफ्ट पार्टी के द्वारा विरोध मार्च निकल गया, विरोध मार्च गया गांधी मैदान से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए टॉवर चॉक पहुंचा और वहाँ से अम्बेडकर पार्क में स्थापित बाबा भीमराव आंबेडकर जी के आदमकद प्रतिमा कर पुष्प अर्पित कर सम्पन हुआ है। आक्रोश मार्च में केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के खिलाफ जोरदार नालेबाजी किया गया, मौके पर उपस्थित जनता दल यूनाइटेड,बिहार के प्रदेश सचिव सह नवादा जिला संगठन प्रभारी डॉ.चन्दन कुमार यादव ने कहा कि देश आज अघोषित इमरजेंसी के दौर से गुजर रहा है, जहां संसद भवन के अंदर ही वहां के सदस्यों का गला घोट जा रहा है ।अगर कोई संसद सदस्य केंद्र सरकार से सवाल करती है तो उसे निलंबित कर दिया जाता है, वर्तमान के केंद्र सरकार में सवाल करना भी देशद्रोह की श्रेणी में आ चुका है । डॉ. यादव ने कहा कि गनीमत तो यह है कि संसद भवन के अंदर जो प्रदर्शनकारी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे वह भारतीय जनता पार्टी के एक सांसद के द्वारा निर्गत किए गए पास के द्वारा संसद भवन के अंदर प्रवेश किए थे एवं वह अल्पसंख्यक समुदाय से नहीं थे नहीं तो भारतीय जनता पार्टी के नेता देश भर में संसद और संसद सदस्यों के सुरक्षा के लिए कोहराम मचा देते । डॉ. यादव ने कहा कि हर हाल में संसद भवन और सांसदों की सुरक्षा केंद्र सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए, इसकी जिम्मेदारी उन्हें लेनी होगी लेकिन जिस प्रकार से सवाल करने पर सांसदों को निलंबित किया जा रहा है यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं सभी का निलंबन केंद्र सरकार को निरस्त करना चाहिए आगामी चुनाव में इस तानाशाही रवैया का जनता मुंहतोड़ जवाब देगी और ऐसी बेरोजगारी को बढ़ावा देने वाली, युवाओं को ठगने वाली मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी, जनता अब किसी के जुमले में नहीं पड़ेगी ।विरोध मार्च में डॉ. यादव के साथ जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजू पाठक, गया जिला अतिपिछड़ा महानगर अध्यक्ष अनूप चंद्रवंशी, गया जिला व्यवसायक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा, जदयू के वरिष्ठ नेता कैलाश पासवान, युवा जदयू के सचिव विवेक पासवान एवं सैंकड़ो के संख्या में जदयू नेता शामिल रहें हैं।

सरस मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने 'ए पहुना रहिया तू ससुरारी में गाकर' दर्शकों को झुमाया

पटना। बिहार सरस मेला ग्रामीण शिल्प, कलाकृतियों एवं देशी व्यंजनों के प्रोत्साहन के साथ ही ज्ञान संवर्धन का स्थल भी बना हुआ है ' आगंतुक ग्रामीण महिअलों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प एवं व्यंजनों के प्रति आकर्षित तो है ही सेमीनार, परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोक गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति के साथ ही विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित जन जागरूकता अभियान के तहत सरस मेला परिसर में प्रतिदिन आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल झविवाह एवं दहेज प्रथा उन्मूलन, नशा मुक्ति अभियान और महिला हिंसा के रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं, योजनाओं से वाकिफ हो रहे हैं '

महिला विकास निगम के तत्वाधान में प्रतिदिन विद्या केंद्र , मंथन कला परिषद् एवं ग्रामीण लोक सेवा संघ के कलाकारों द्वारा लैंगिक हिंसा, यौन उत्पीड़न, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा उन्मूलन के प्रति आगंतुकों को जागरूक किया जा रहा है ' नाटक बेटी बहादुर और बढ़ चली बेटियां जैसी लघु एवं नुक्कड़ नाटकों की गंभीर प्रस्तुतियां एवं बीच-बीच में हास्य का समावेशन कलाकारों द्वारा दिए जा रहे सन्देश को दर्शक आत्मसात भी कर रहे हैं ' ग्रामीण लोक सेवा संघ के कलाकार पिछले 5 वर्षों से सरस मेला परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति करते आ रहे हैं ' नाटक बढ़ चली बेटियां के निर्देशक हौबिन्स बताते हैं कि नाटक के बीच -बीच में दर्शकों के तालियों की आवाज इस बात को दशार्ती हा कि दर्शक नाटक के उद्देश्य को समझ रहे हैं और यही हम कलाकारों की मनसा एवं नाटक प्रस्तुत करने का उद्देश्य पूर्ण होता है। इसके साथ ही स्टेट बैंक औफ इंडिया के सौजन्य से कलमबाज संस्था के कलाकारों द्वारा साइबर क्राइम से बचाव , ऑन लाइन खरीददारी के प्रति सतर्कता और बैंक द्वारा संचालित एप के प्रति आगंतुकों को प्रति दिन जागरूक किया जा रहा है ' इसके साथ ही विभिन्न विभागों, संस्थानों एवं बैंको के स्टॉल से योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति , जीविका के तत्वाधान में बिहार सरस मेला 15 से 29 दिसंबर 2023 तक गाँधी मैदान, पटना में आयोजित है ' बिहार सरस मेला में बिहार समेत 22 राज्यों से आई स्वयं सहायता समूह से जुडी ग्रामीण महिला उद्यमी एक झ दुसरे से अपने संघर्ष और फिर समूह के बल से मिली सफलता की दास्तां सुना रही हैं और बड़ी उद्यमी बनने के गुर भी सरस मेला परिसर में प्रतिदिन आयोजित विभिन्न प्रकार की परिचर्चा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से सीख रही हैं ' सतत जीविकोपार्जन योजना के स्टॉल पर जीविका दीदियाँ बिहार मरे गरीबी उन्मूलन की नाजिर पेश कर रही हैं। बिहार सरस मेला के 8 वें दिन शुक्रवार को 22 दिसंबर को लगभग 96 लाख 43 हजार रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई है ' खरीद झ बिक्री का आंकड़ा स्टॉल धारकों से लिए गए आंकड़ो पर आधारित होता है ' शनिवार को लगभग 72 हजार लोग आये और मेला का लुत्फ उठाया। सरस मेला परिसर में आकर्षण का सबसे खास केंद्र है बच्चों के लिए संचालित पालना घर ' इस पालना घर में आगंतुक अपने छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों को खेलने के लिए रख देते हैं और खुद मेला में खरीददारी करने के बाद अपने बच्चे- बच्चियों को लेकर वपस घर लौट जाते हैं ' पलना घर में बच्चे-बच्चियों के खेलने एवं मस्ती करने के लिए मिनी चिल्ड्रेन पार्क जैसा माहौल दिया गया है ' बच्चे-बच्चियां पलना घर में खूब मस्ती कर रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मुख्य मंच पर सुशीला श्री के कलाकारों द्वारा लोक गीत एवं भक्ति गीत की प्रस्तुति की गई ' शिवम् सागर ने जब समय होला कमजोरह्व और सांची कहे तोहे आवन से हमरे अंगना में आइल बाहर भौजी से झुमाया वहीँ अंजलि ठाकुर ने ए पहुना रहिया तू ससुरारी में गाकर दर्शकों को रिझाया ' राजा कुमार ने गणेश वंदना की प्रस्तुति की।

ज़िले में केन्द्रीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को दी गयी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने और उनका लाभ आम जनता तक सुनिश्चित किये जाने की महत्वपूर्ण योजना ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा रथह्व शनिवार 23 दिसंबर, को गया नगर निगम क्षेत्र पहुंची है ।

गया नगर निगम के अंतर्गत कुल 19 स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा आई ई सी वैन द्वारा भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है । गया नगर निगम क्षेत्र के नोडल अधिकारी अभिलाषा शर्मा, मुनीसपल कमिशर, एस बी आई, गया के नोडल अधिकारी चिरंजीव कुमार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के नोडल अधिकारी बुलंद इकबाल के निर्देशन में सफलता पूर्वक चलकर आज समाप्त हो गया है। जिसमें प्रत्येक दिन विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जानकारी दी गई। चिरंजीव कुमार ने बताया की एसबीआई के काउंटर से अबतक पीएम जनधन योजना के तहत 1700 नये अकाउंट खोले गए, पीएम एसबीवाई में 1140 जेजेवाई में 750 तथा ऐपीवाई में 380 लाभार्थी मिला है। लोन लेने की प्रक्रिया भी बताया गया है। चिरंजीव कुमार बताया की इस अभियान में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारिओं ने भी अपना योगदान दिया उनमें महेश शर्मा, डीएमडी , जोरा सिंह, डी जी एम, अभय कुमार, आर एम के इलावा कर्मचारिओं ने अपने दायित्व निभाए हैं ! डाकखाना,पीएम आवास, आधार, का स्टॉल लगाकर जानकारी दी गई है !उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 97 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

इसके साथ ही प्रत्येक स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा शिविर का भी आयोजन हुआ है, जिसमें बीपी, शुगर जाँच के साथ 3565 मरीजों की जाँच की गई साथ

संक्षिप्त खबरें

आवास योजना का किया गया भौतिक निरीक्षण

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभूकों के आवास निर्माण के वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अजेश कुमार एवं थाना अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह के द्वारा दीदारगंज पंचायत के जनकपुर गोविंदपुर एवं दुगार्पुर पंचायत के नवगाई में आवास योजना का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए पदाधिकारी के द्वारा मतदान केदो का भी निरीक्षण किया गया। आवास योजना के निरीक्षण के क्रम में जनकपुर और जवाहर नगर मैं लंबित पड़े आवास योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश लाभुकों के द्वारा दिया गया। इस मौके पर वैसे लाभुक जो की प्रथम किस्त मिलने के बावजूद आवास के निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं किए हैं उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए आगामी 15 जनवरी तक कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया तथा उन्हें ऐसा नहीं करने पर गवन के आरोप में प्राथमिक की दर्ज करने की चेतावनी भी दी गई है।

बीएसएल सिजन टू खेल का का समापन

भागलपुर। बीसीएल सीजन टू प्रतियोगिता का आगाज विगत सप्ताह पूर्व किया गया था। इस प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र के चयनित 6 प्रतिभागियों की टीम ने अपनी भागीदारी निभा रही थी, सभी प्रतिभागी टीम ने एक से बढ़कर एक उम्दा प्रदर्शन किया, लेकिन अंतत फाइनल मैच में चंपानगर और मीरजान हाट टीम जब पहुंची तो दोनों के बीच रोमांचक मुकाबले के बाद चंपानगर टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीम मिरजान को पराजित कर जीत का खिताब अपने नाम कर लिया। इस फाइनल के विजेता कप पर अपना कब्जा जमाते हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों ने मैच का जोड़दार प्रदर्शन किया। विगत 10 दिनों से खेले जाने वाले मैच में सभी खिलाड़ियों को आईपीएल के तर्ज पर बोली लगाई गई थी, उसके बाद मैच को आयोजित किया गया था। वहीं मैच को सफल बनाने में भागलपुर के कई गणमानय समाज सेवी के साथ-साथ कई खिलाड़ी मौजूद थे। यह आईपीएल के तर्ज पर होने वाला बीसीएल सीजन 2 का क्रिकेट मैच स्थानीय सैंडिस कंपाउंड के मैदान प्रांगण में आयोजित किया गया था। वही खेल के समापन के दौरान समाजसेवी विजय कुमार यादव ने कहा कि ऐसे खेल को करने का मुख्य उद्देश्य है, भागलपुर के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सके, और अपने जिला के साथ साथ राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें।

पंच सरपंच कर्तव्य निर्वहन के साथ हक हकूक अधिकार की लड़ाई जारी रहेगा : किरण देव यादव

आरोप

- 12 जनवरी 2024 को राज्यपाल के समक्ष सवा लाख पंच सरपंच देंगे सामूहिक इस्तीफा

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ का 15 वीं स्थापना दिवस समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष किरण देव यादव के अध्यक्षता में यशवंत होटल के सभागार में संपन्न हुई। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष किरण देव यादव द्वारा झंडोत्तोलन व सामूहिक दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

कार्यक्रम में स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व पंचायती राज मंत्री डॉ भीम सिंह एवं विधायक नीतू सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष आमोद निराला के द्वारा हस्ताक्षरित निर्गत प्रशस्ति पत्र से उत्कृष्ट योगदान देने वाले एवं न्याय यात्रा में महतीं भूमिका निभाने वाले दर्जनों पंच सरपंच को संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें सरपंच राजेंद्र प्रसाद यादव, कुलदीप सिंह, दिलीप केसरी, रतन कुमार, रविंद्र यादव, भूलन शर्मा, जय जय राम पंजियार, गजेंद्र राम, पंच अनुराधा देवी, रजनी देवी, मदन सिंह कृष्णदेव राम, मनोज सिंह, मोहित कुमार, चलित्तर सदा, हरिलाल सदा, विपिन साह आदि को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में पंच सरपंच के अधिकार कर्तव्य विषयक विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए किरण देव यादव ने कहा कि पंच परमेश्वर कर्तव्य निर्वहन के साथ हक हकूक अधिकार के सवाल को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पंच सरपंच के साथ सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार, अनदेखी, उपेक्षा, संवेदनहीनता के खिलाफ एवं 11 सूत्री मांगों के सवालों को लेकर, सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता पेंशन अधिकार देने, ग्राम कचहरी को सशक्त करने, एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने, 2006 से पेंशन चालू करने, लंबित मानदेय वेतन जल्द भुगतान करने की मांगों को लेकर 12 जनवरी 2024 को गांधी मैदान से प्रतिरोध मार्च निकालकर राज्यपाल के समक्ष सुबे के सवा लाख पंच सरपंच सामूहिक इस्तीफा सौंपेंगे।

ट्रैक्टर व पिक-अप वेन की जबरदस्त टक्कर में कसवा खेरही पंचायत सचिव की हुई दर्दनाक मौत

प्रात : किरण संवाददाता

- शाहकुंड-अकबर नगर स्टेट हाईवे 85 पर पचरुखी के मिल्की गांव के समीप हुई थी घटना

शाहकुंड (भागलपुर)। शाहकुंड-अकबर नगर स्टेट हाईवे 85 के पचरूखी मुख्य सड़क मार्ग के मिल्की गांव के समीप एक बेलगाम ट्रैक्टर व पिकअप के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस घटना की चपेट में आने से पास से गुजर रहे बाइक सवार कस्बा खेरही पंचायत के पंचायत सचिव अमित कुमार (35) की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक पंचायत सचिव घटना के पूर्व शाहकुंड ब्लॉक से ड्यूटी कर वापस अपने घर अकबरनगर की ओर लौट रहा था। वही पंचायत सचिव अकबरनगर इलाके में किराए के मकान लेकर अपना ड्यूटी कार्य देख रहा था। वही अपने ड्यूटी कार्य समाप्ति के बाद पंचायत सचिव जब अकबरनगर की ओर लौट रहे थे तो इसी क्रम में शाहकुंड की ओर से जा रही पुआल से लदी ट्रैक्टर और विपरीत दिशा से आ रही पिकअप के बीच में आ जाने के कारण दुर्घटना का शिकार हो गए। वही घटित घटना में पंचायत सचिव अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घटना की सूचना मिलने पर शाहकुंड थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल अमित को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्वरित इलाज के लिए लेजाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा जांचोपरांत उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया है। पंचायत सचिव अमित कुमार सीतामढ़ी जिला के सुप्पी ब्लॉक के रहने वाले थे। जहां उनकी पहली पोस्टिंग अगस्त 2022 में प्रखंड के कस्बा के रही पंचायत में हुई थी। वही क्षेत्र कार्य को लेकर उनके पास भूलनी पंचायत के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार का भार विभाग द्वारा दिया गया था। वही पुलिस ने मृतक अमित के शव को कब्जे में ले पुलिस के सहयोग से पोस्टमार्टम के लिए नवलखा भेज दिया गया है।वहीं घटना से आहत हुए परिजन रो रो कर बुरा हाल है।

अतिक्रमण कर ईंट पत्थर से बने कच्चे मकान को बुलडोजर से किया गया ध्वस्त

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर अंचल क्षेत्र के गनैली पंचायत स्थित हरपुर मौजा में भूमिहीन परिवार को सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये जमीन पर स्थानीय कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर झोपडी व ईंट से निर्मित बनाये गये कच्चे मकान को अंचल अधिकारी बंदना कुमारी ने स्थल पर हरपुर थानाध्यक्ष हारून मुस्ताक व दर्जनों पुलिस बल के जवानों के साथ पहुंचकर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया. एसडीओ राकेश रंजन कुमार ने बताया कि अंचल क्षेत्र के तीन भूमिहीन परिवार रानी देवी, माला देवी, पूजा कुमारी को मकान बनाने के लिए हरपुर मौजा के थाना नं - 243 खाता संख्या 132 खेसरा 496 में वासगीत पर्चा घर बनाने को लेकर सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया गया था. उपलब्ध कराये गये जमीन पर स्थानीय कुछ लोगों ने झोपड़ी व ईंट गारा से मकान का अवैध निर्माण कर लिया था. जिससे तीनों पर्चा धारी उक्त जमीन पर अपना मकान बनाने को लेकर काम नहीं करवा पा रही था. अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने को कहा गया था. नोटिस दिये जाने के बाद भी अतिक्रमणकारियों के द्वारा उक्त स्थल से अपने झोपड़ी व ईंट से निर्मित कच्ची मकान को नहीं हटाया गया. उक्त अतिक्रमण को हटाने के लिए शुक्रवार को कार्रवाई की गई. अतिक्रमण हटाने को लेकर सीओ बंदना कुमारी को बतौर दण्डाधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देशित किया गया था. आदेश का अवलोकन करते हुए सीओ, हरपुर थानाध्यक्ष हारून मुस्ताक व दर्जनों पुलिस बल के जवानों के साथ स्थल पर पहुंची. जहां जेसीबी के सहयोग से अतिक्रमित भूमि से मकान व बांस टटिया से निर्मित झोपड़ी को हटाया गया. पर्चा धारी को मकान बनाने को कहा गया, यदि मकान बनाने में किसी भी तरह का कोई व्यवधान कोई उत्पन्न करता है तो वैसे लोगों पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

शोभा की वस्तु बनी जल मिनार पानी के लिए मचा हाहाकार

- नल- जल योजना का मोटर हुआ खराब

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर।सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या- 13 में विगत एक माह से ऊपर से जल योजना के जल मीनार का मोटर जल जाने से वार्ड के लोगों के समक्ष पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। वार्ड सदस्य करुणा देवी ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से मोटर जल जाने के कारण पानी के लिए त्राहिमाम मचाया हुआ है। बरसात के बाद गांव में जल जमा होने के कारण चापानल भी लगभग खराब पानी ही देता है। ऐसे में लोगों को शुद्ध पेयजल भी नसीब नहीं हो रहा है। शुद्ध पेयजल नहीं पीने से लोग बीमार भी हो रहे हैं। बताया कि सूचना देने के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा अब तक किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं, ग्रामीण फुटूस मंडल, जीतन मंडल, राहुल कुमार एवं परमानंद परोपकारी ने कहा कि, समय पर जल- नल योजना की देखरेख एवं मरम्मती नहीं होने के कारण मुख्यमंत्री द्वारा चलाए गये सात निश्चय योजना के तहत नल- जल योजना फेल हो रहा है। वहीं वार्ड संख्या 14 का भी विगत चार दिनों से जल मीनार का मोटर जल जाने से वार्ड संख्या 14 के लोग भी पानी के लिए त्राहि इमाम कर रहे है।

कहते हैं कार्यपालक अभियंता : अब तक ग्रामीणों द्वारा इस विषय में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गई थी।अब जानकारी मिलने पर इसकी जल्द- से- जल्द जांच कर मरम्मती करायी जाएगी।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। शुक्रवार की दोपहर गंगटामोड़ हाट में ट्रैक्टर से गिरकर 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खड़गपुर सिमपुर निवासी 40 वर्षीय पप्पू साह अपने ससुर एवं साला के साथ मोतीतरी गांव से धान की खरीद कर ट्रैक्टर पर लाद खड़गपुर के लिए निकल रहा था तभी गंगटा हाट के समीप ट्रैक्टर के गड्ढे में जाने से पप्पू साह ट्रैक्टर से गिर पड़ा एवं ट्रैक्टर का चक्का उनके सर को कुचलते निकल पड़ा, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पप्पू की मौत देख ससुर एवं साला बदहवास हो गया। वही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर घूमाकर गांव की ओर भाग निकला।

घटना के कुछ देर बाद मृतक की पत्नी, सास व अन्य महिलाएं भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को देख विलाप व चित्कार करने लगी। बताते चलें कि मृतक के ससुर बनौली गांव निवासी उपेंद्र साह धान का व्यवसायी था मोतीतरी गांव अपने पुत्र एवं दामाद के साथ धान की खरीद करने आया था और धान की खरीद कर ट्रैक्टर पर लोड कर खडगपुर ले जाने के लिए निकल रहा था तभी यह हादसा हुआ। मृतक लुधियाना में रहता था हाल के दिनों में ही वह घर आया था और घर से ससुराल आया हुआ था। इधर घटना की सूचना प्रकार गंगटा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गये और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताते हुए थाना अध्यक्ष सुनील साहनी ने कहा कि मामले में ससुर उपेंद्र साह के आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

तीन फरार वारंटी गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। शामपुर सहायक थाना पुलिस ने पुराने मामले में फरार चल रहे दो नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए शामपुर सहायक थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुराने मामले में फरार चल रहे वारंटी लोहची गांव निवासी बबलू साह तथा देवी साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.ये लोग कई महीनो से फरार चल रहे थे. वहीं दूसरी ओर खड़गपुर थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 164/23 के फरार वारंटी रानी सागर गांव निवासी श्याम बिंद के पुत्र विक्रम कुमार को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है।

पिछले कई दिनों से जाम से आमजन हो गए है परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

- खड़गपुर: जमुई मुख्य मार्ग के संत टोला, नन्दलाल बसु चौक से आंबेडकर चौक तक जाम से हो रही भारी फजीहत

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पिछले कई दिनों से एनएच 333 स्थित खड़गपुर- जमुई मुख्य मार्ग के नगर परिषद क्षेत्र के संत टोला से आंबेडकर चौक तक भारी मालवाहक वाहन और हाइवा की वजह से लगातार जाम की स्थिति से आमजन परेशान हो गए है. जाम की स्थिति से निबटने के कोई उपाय नहीं किए जाने से इस मार्ग पर आए दिन जाम से लोगों को भारी फजीहत झेलनी पड़ी रही है.जिससे लोगों को अपने काम निबटाने और जरुरी काम से बाजार आने-जाने और प्रखंड मुख्यालय और बरियारपुर सहित जमुई, तारापुर मुख्य मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को जाम की स्थिति ने परेशान कर रखा है. पिछले कई दिनों से लगातार जाम की वजह से लोगों को रेंग-रेंगकर आवाजाही करनी पड़ रही है. प्रदेश युवा राजद के महासचिव ईशु यादव, समाजसेवी राकेश चन्द्र सिन्हा, राजीव नागर, नगर भाजपा अध्यक्ष रजनीश झा ने प्रशासन से जाम की स्थिति से निबटने के उपाय और मुख्य चौराहा पर पुलिसबलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है।

एक वारंटी गिरफ्तार

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे धीरु मांझी को उनके घर से गिरफ्तार किया ।थानाध्यक्ष रोहित सिंह ने बताया कि थाना कांड संख्या 272/23 में शराब बेचने को लेकर प्राथमिकी दर्ज था।गिरफ्तार धीरु मांझी के घर से शराब बरामद किया गया था।उस समय धीरु माझी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले थे।जिसे गुरुवार की रात गिरफ्तार कर शुक्रवार को मुंगेर न्यायालय भेज दिया गया।

खाना बनाने के दौरान लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर हुई खाक

प्रात : किरण संवाददाता।

- ग्रामीणों ने भयावह आग पर अथक प्रयास के बाद आग पर पाया काबू

नाथनगर (भागलपुर)। मधुसुदनपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत निशअम्बे पंचायत के गांव में खाना बनाने के दौरान अगलगी की घटना में लाखों रुपये के छिति होने की सूचना सामने आयी है। अगलगी की घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय गांव के ग्रामीण दिनेश राय रजक के घर में देर शाम खाना बनाने के क्रम में गैस सिलेंडर के पाईप लाइन में गैस रिसाव होने के कारण अचानक आग लग गई, वही इस घटना से घर परिवार के लोग घर छोड़ कर बाहर निकल भाग खड़े हो गए थे। जिससे घर में लगे कूलर, पंखा, एसी समेत बिछावन कपड़ा जल खाक हो गया है। वही इस घटना को लेकर आसपास के गांव इलाके में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने घर में लगी आग पर काबू पाने के लिए अथक प्रयास किया लेकिन आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया था कि लोगों के रोंगटे खड़े कर दिये थे। वही घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय मधुसूदनपुर थाना पुलिस को दी। वही घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने अग्निशमन विभाग की टीम को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद अग्निशमन विभाग की दमकल टीम मौके पर पहुंचने के पूर्व ही पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया था। वही घटना को लेकर घर के मुखिया दिनेश रजक ने बताया कि खाना बनाने के दौरान हादसा हुआ है सिलेंडर से गैस रिसाव हो जाने के कारण आग लगी हैं। वही परिजनों के मुताबिक अगलगी की घटना में घर के करीब चार लाख से अधिक सामानों की छतिग्रस्त होने की बात बतायी गयी है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे जिला परिषद सह नाथनगर प्रमुख ने पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा दिलाने की बात कही है।

दो दिवसीय दौरे पर आरएसएस प्रमुख पहुंचे भागलपुर

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत आरएसएस संघ चालक सह प्रमुख मोहन भागवत का आगमन हुआ उनके आगमन की सूचना मिलते ही आरएसएस व भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उनकी स्वागत तैयारी में जुट गये। मोहन भागवत के भागलपुर आगमन होते ही भारतीय जनता पार्टी एवं आरएसएस के दर्जनों कार्यकताओं ने पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया। वही उनके आगमन को लेकर जिले के आसपास क्षेत्र के अन्य जिलों में भी हाई अलर्ट कर दिया गया था, मोहन भागवत के भागलपुर पहुंचते ही समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी, लेकिन मोहन भागवत शहर वासियों से मुखातिम नहीं हुए, वही सुरक्षा के मद्देनजर शहरी क्षेत्र इलाके में 53 स्थानों पर जिला प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट के साथ साथ भारी पुलिस पदाधिकारी व जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई थी। वही आरएसएस संघ प्रमुख मोहन भागवत अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत बरारी परिक्षेत्र के महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट के प्रांगण में पहुंचे जहां उन्होंने आश्रम के आचार्य और साधु संतों से मिलकर कई विंदुओं पर संवाद किया। इसके पूर्व उन्होंने महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज और संत सेवी महाराज के समाधि स्थल पर पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। जिसके बाद संत मत सत्संग भवन के प्रशाल में पहुंच कर आश्रम के आचार्य व साधु संतों के साथ संबोधन कार्यक्रम में भाग लिया। इसी क्रम में महर्षि मेंही पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म ह्लमहर्षि मेंही एक व्यक्तित्व एक विचारह्व का लुक आउट को जारी किया। वही इस फिल्म के बने पांच मिनट के शॉट को प्रदर्शित कर दिखाया गया।वही इस कार्यक्रम के आयोजन के बाद वह अपने काफिलों के साथ पटना के लिए रवाना हुए। वही दूसरी तरफ कार्यक्रम को लेकर कुप्पाघाट परिसर में आश्रम के अनुयायियों के लिए प्रवेश वर्जित था। इसी क्रम में श्री भागवत ने कहा कि महर्षि मेंही पर बनी फिल्म काफी रोचक व सत्यता पर आधारित बनी फिल्म है और इस फिल्म में सत गुरु महर्षि मेंही के जीवन शैली को दशार्या गया है, इसे लोगों को जरुर देखना चाहिए। वहीं आगामी चुनाव को किसी तरह की कोई भी टिप्पणी नहीं की।

एक दिवसीय धरना सह प्रदर्शन का किया आयोजन

भागलपुर। अपनी मांगों को लेकर गंगोत्री जागरण मंच भागलपुर इकाई के बैनर तले एक दिवसीय धरना सह प्रदर्शन का आयोजन किया है। धरनार्थियों ने जिला मुख्यालय के मुख्य गेट के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ो गंगोता जाति के लोग इकट्ठा होकर अपनी जाति को एससी जाति में डालने के लिए अपनी मांगों पर जोड़ देते हुए सरकार के विरुद्ध हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए धरनार्थियों ने कहा कि हमारे समुदाय गंगोता जाति को जल्द से जल्द एससी कोटा में डाला जाय, वही प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम लोग गरीबी रेखा से नीचे आते हैं और हम लोगों को जो आरक्षण मिलना चाहिए वह आरक्षण का अधिकार नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते हम लोग अपनी जाती के लोगों का विकास अंधकार में चल रहा है, वही उन्होंने कहा कि हमारी मांगों को सरकार जल्द से जल्द पूरा करने पर जोड़ दे अन्यथा अपने घर परिवार के साथ सड़क पर उड़ने के साथ चर्मबद्ध आंदोलन करने को विबस हो जायेगें।

सांसदों का निलंबन बीजेपी सरकार के तानाशाही को दशार्ता है : नचिकेता मंडल

प्रातः किरण ब्यूरो

मुंगेर। इंडिया गठबंधन के नेताओ के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस आई, सीपीआई, भाकपा, माकपा, माले व अन्य इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओ ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बीजेपी के नीतियों का जबरदस्त विरोध किया। कार्यक्रम में लोगों ने तानाशाही नहीं चलेगी, नरेंद्र मोदी हाय हाय, सांसद का निलंबन वापस लो सहित कई नारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। मुंगेर नगर भवन से गांधी चौक होते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल चौक तक बीजेपी सरकार के विरुद्ध में रोष प्रदर्शन किया गया। वहीं पटेल चौक के निकट मोदी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा कि जिस तरह से बड़ी संख्या में सांसदों का निलंबन हुआ है, वह मोदी सरकार के तानाशाही को दशार्ता है। तानशाही बीजेपी सरकार को आगामी चुनाव में जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में संविधान खतरे में है। आप तमाम मतदाताओं से अपील है कि अगर देश बचाना है तो आने वाले चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकना है। कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष त्रिलोकी नारायण शर्मा, प्रदेश सचिव सौरव निधि, अतिपिछड़ा जिलाध्यक्ष मिथिलेश मंडल, देवकी नंदन सिंह, पंकज यादव, नरेश यादव, लालू यादव, विनय सिंह, गुड्डू राइन, पूनम देवी, मुनिलाल मंडल, राजेंद्र मंडल, अनिल यादव, सालिग्राम सिंह, मनीष यादव, नवीन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। विदित हो कि दिल्ली में आयोजित इंडिया गठबंधन बैठक के निर्णयानुसार प्रदेश में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई थी। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों का अकारण निलंबन पर रोष प्रकट किया गया। उक्त बैठक में इंडिया गठबंधन के सभी दलों ने मिलकर निर्णय लिया था कि बिहार के सभी जिलों में भी बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

अपने ही डिग्री सर्टिफिकेट के लिए काट रहे हैं छात्र-छात्राएं चक्कर

- व्यवस्था से परेशान हुए छात्र-छात्रों ने किया जमकर हंगामा

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। इन दिनों टीएमबीयू विवादों में घिरे रहने के साथ अक्सर छात्रों का प्रदर्शन का दौर देखने को मिलता रहता है, कभी डिग्री व सर्टिफिकेट को लेकर हंगामा, तो कभी छात्र नेताओं का परीक्षा में देरी किये को लेकर प्रदर्शन, तो कभी हॉस्टल की समस्या को ले अक्सर छोटी मोटी समस्या को लेकर छात्र छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय में प्रदर्शन और हंगामा का दौर जारी रहता है। वही पुनः टीएमबीयू के प्रशासनिक भवन स्थित परीक्षा शाखा के मुख्य द्वार पर दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। वही आक्रोशित छात्र-छात्राओं का कहना है कि बीते दिनों से विश्वविद्यालय प्रांगण का सर्टिफिकेट लेने हेतू काफी चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के नुमाइंदों द्वारा कोई भी सुनवाई नहीं की जा रही हैं।रोज विश्वविद्यालय प्रांगण से घूम कर लौट रहे हैं। वही कर्मचारियों द्वारा दिन भर लाइन में खड़ा कर दिया जाता है, लेकिन काम से संबंधित कोई भी बात नही करते बल्कि अपनी ही बात कह बात टाल देते हैं वही इनके रवैये के कारण हम लोगों की समस्याओं को दरकिनार कर दिया जाता हैं जिसे देखकर पुनः अपने घर वापस लौट कर जाना पड़ता है, हम लोग दूर दूर से अपने डिग्री प्राप्त करने आते हैं, लेकिन हम लोगों का कोई सुनने वाला नहीं है। वही एक छात्रा ने मीडिया प्रतिनिधि के समक्ष अपनी समस्या सुनते हुए फुट फुट कर रोने लगी थी। वही छात्रा अपने डिग्री के सर्टिफिकेट को लेने हेतू विश्वविद्यालय पहुंची थी, लेकिन उसे कर्मचारियों ने बरगला कर घर वापस भेज दिया था। दरअसल छात्रा बीएससी ऑनर्स साइंस के डिग्री सर्टिफिकेट को लेने के लिए पहुंची थी। सर्टिफिकेट नहीं मिलने से परेशान व आहत हुई छात्रा मीडिया कर्मी के सामने रोने लगी थी। वही मामले को लेकर छात्रा आरती कुमारी ने बताया कि वह बीते दो दिनों से विश्वविद्यालय में चक्कर काट रही हूं, जबकि में खगड़िया जिले से अपनी डिग्री के सर्टिफिकेट को लेने के लिए भागलपुर विश्वविद्यालय पहुंचे हूं विश्वविद्यालय के उदासीन रवैये के कारण हम लोग काफी परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं, वही पर मौजूद छात्र ने कहा कि उनके डिग्री सर्टिफिकेट में नाम गलती कर दिया गया है, जिसके सुधार के लिए विश्वविद्यालय का काफी समय से लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा उन्होंने हस्ताक्षर के नाम पर बरगला कर उसे घुमाया जा रहा है। वही दूसरी तरफ साहिबगंज के रहने वाले छात्र तोहिद आलम ने बताया कि वह पिछले डेढ़ माह से ऑनर्स का डिग्री के सर्टिफिकेट लेने के हेतू विश्वविद्यालय में घूम रहा हूं आज पुनः यूनिवर्सिटी पहुंचा था, लेकिन कर्मचारी द्वारा टालमटोल किया जा रहा हैं। वही कर्मचारी कभी ऊपर भेजते हैं तो कभी नीचे काउंटर पर भेजते हैं, कुछ कर्मचारियों ने कहा कि मुझे पता ही नहीं है आप अपने खुद देख लो, वही छात्र छात्राओं की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता कुणाल पांडे ने बताया की रोजाना सैकड़ो छात्र-छात्रों का जमाबड़ा होता है। दरअसल विश्वविद्यालय के प्रांगण में जमाबड़ा छात्र छात्राओं का इसीलिए लगा रहता है क्योंकि रिजल्ट के बाद उसे डिग्री एवं अन्य सर्टिफिकेट की जरूरत होती है, लेकिन विश्वविद्यालय के तरफ से जल्द निर्गत कर उन्हें उपलब्ध नहीं कराया जाता है।

इंडिया महागठबंधन के कार्यकताओं ने किया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण ब्यूरो।

- इंडिया महागठबंधन के कार्यकताओं ने लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया

भागलपुर। इन दिनों देश की राजनीति में पहली बार सांसदों को संसद से निलंबन कर उनके अधिकारों पर हमलावर हुई भाजपा की मोदी सरकार के विरुद्ध इंडिया महागठबंधन के कार्यकताओं ने लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी माले के अलावा कई पार्टियों के कार्यकताओं ने जिला समाहरणालय प्रांगण में पहुंचकर वर्तमान मोदी सरकार के नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते दिखे, साथ ही 146 सांसदों के निलंबित करने के विरोध में हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में कहा है कि सांसदों का संसद से इस तरह से निलंबन कर उनके अधिकारों पर हमलावर होना लोकतंत्र की हत्या करने पर जोड़ दिया है। वही मोदी सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए सांसदों के अधिकारों व जनता के आवाज को कुचलने का काम किया है जो कहीं से सही नहीं है, इसका जवाब देश की जनता 2024 और 2025 के चुनाव में देगी, इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान सभी पार्टियों के अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

आंद्रे रसेल की हुंकार- टी20 विश्व कप 2024 में विंडीज देगी सबको कड़ी टक्कर

तारौबा (त्रिनिदाद) (एजेंसी)। विंडीज ऑलराऊंडर आंद्रे रसेल ने कहा है कि वेस्टइंडीज टीम आगामी टी20 विश्व कप 2024 में कुछ टीमों को कड़ी टक्कर देने जा रहा है। वेस्टइंडीज ने 5वें टी20 मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर सीरीज 3-2 से जीत ली। इसके बाद तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल का मानना ??है कि पुरुष टी20 विश्व कप के दो बार के चैंपियन अगले साल के वैश्विक टूर्नामेंट में कुछ टीमों को कड़ी टक्कर देगी। इस साल विभिन्न टी20ई सीरीज में, वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका, भारत और अब इंग्लैंड पर जीत हासिल की है। वह अब तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतने की कोशिश करेंगे जोकि कैरेबियन और यूएसए में 4 से 30 जून तक होना है।

रसेल ने कहा कि विश्व कप में उनके पास एक अच्छा मौका है। मुझे बहुत क्रिकेट खेलना है और यह अच्छी बात है। जब आप क्रिकेट खेल रहे होते हैं और प्रतियोगिता में होते हैं, तो आपका शरीर सक्रिय होता है और आप घर पर बैठकर विश्व कप का इंतजार नहीं कर रहे होते। हम निश्चित रूप से कुछ टीमें को टक्कर देने जा रहे हैं।

इंगलैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में रसेल वेस्टइंडीज के प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, और बल्ले से उनका स्ट्राइक रेट 169.35 था। रसेल ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, वापस आने और वेस्टइंडीज टीम में शामिल होने के लिए कॉल-अप मिलना बहुत मायने रखता है। मैं पिछले दो वर्षों से काम कर रहा हूं। मैं इसका इंतजार कर रहा था। मैं बस इसके लिए उत्साहित हूं वापस आऊंगा और जीत हासिल करूंगा।

रसेल ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं बेहतर स्थिति में हूं। मैं एक यूएफसी फाइटर की तरह दिखूंगा। यह श्रृंखला जीत बहुत मायने रखती है। यह (मुझे) खुद को सीमा तक धकेलना चाहता है। रसेल ने यह भी बताया कि वेस्टइंडीज टी20 टीम में वापसी पर मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कैसे उनकी मदद की है। उन्होंने कहा कि कोच मेरा भरपूर समर्थन कर रहे हैं। मैं बहुत खुश हूं। मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैंने सिर्फ एक सीरीज जीत के साथ एक बड़ी, बड़ी चैम्पियनशिप जीत ली है, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

ओलंपिक क्वालीफायर हॉकी के लिए हमारी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका : मिडफील्डर सलीमा टेटे

रांची (एजेंसी)। शीर्ष भारतीय मिडफील्डर सलीमा टेटे ने शनिवार को कहा कि 13 जनवरी से यहां शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर सिर्फ 2024 पेरिस खेलों के लिए कट हासिल करने के लिए नहीं है बल्कि महिला हॉकी टीम के लिए यह खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका भी है। भारत सहित 8 टीम यहां पेरिस ओलंपिक के लिए दाव पर लगे तीन स्थान हासिल करने की कोशिश करेंगी जिसमें मेजबानों की भिड़ंत शुरूआती दिन अमेरिका से होगी।

सलीमा टेटे ने कहा कि रांची में यह टूर्नामेंट सिर्फ क्वालीफिकेशन के लिए ही नहीं है बल्कि यह उस खेल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जज्बे को दिखाने का मौका भी होगा जिसे हम पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, उम्मीद है कि हम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेंगे। भारत को पूल बी में अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ रखा गया है जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य की टीम हैं। भारतीय टीम हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई करने का मौका चूक गयी थी और यहां पेरिस के लिए कट हासिल करने का एक और प्रयास करेगी। तोक्यो ओलंपिक के लिए भारतीय टीम का हिस्सा रहीं 21 साल की खिलाड़ी ने कहा कि घरेलू मैदान पर दर्शकों के समर्थन से टीम को अपना लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। झारखंड के सिमडेगा जिले की खिलाड़ी सलीमा ने कहा कि रांची लौटना हमेशा ही घर वापसी जैसा लगता है। इस शहर का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है, जहां हॉकी के प्रति मेरा लगाव बढ़ा और मैंने अपना कौशल निखारा। उन्होंने कहा कि दर्शकों का समर्थन और उनकी ऊर्जा शानदार है, उनके उत्साह से मैदान पर हमारा भी उत्साह बढ़ता है। हम मैदान पर दर्शकों के लिए ऐसा पल बनाने का प्रयास करेंगे जो वे संजोकर रखें। भारतीय टीम ने साल के शुरू में रांची में ही महिलाओं की एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हासिल की थी। भारत 14 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलेगा जबकि पूल के अंतिम मैच उसकी भिड़ंत 16 जनवरी को इटली से होगी।

पाकिस्तान की चोटिल खिलाड़ियों की समस्या जारी, नोमाल अली बची हुई आस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

सिडनी (एजेंसी)। पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली 'अपेंडिक्स' दर्द की वजह से हुई सर्जरी के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बचे हुए हिस्से से बाहर हो गये। नोमान अली इस तरह दो दिन के अंदर दौरा करने वाली पाकिस्तानी टीम से बाहर होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने।

अली पिछले हफ्ते पर्थ में पहले टेस्ट में नहीं खेले थे जिसमें पाकिस्तान को 360 रन से हार मिली थी। उनकी शनिवार को मेलबर्न में 'अपेंडिसाइटिस' के लिए सर्जरी करायी गयी। पाकिस्तानी टीम के बयान के अनुसार, ''नोमान अली ने कल अचानक पेट में तेज दर्द की शिकायत की जिसके बाद उनकी जांच की गयी और स्कैन में पता चला कि यह दर्द 'अपेंडिक्स' के कारण हो रहा है।

बयान के मुताबिक, ''सर्जरी के बाद उनकी हालत स्थिर है और वह ठीक हैं। उन्हें शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिल जायेगी। तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद भी गुरुवार को पसली के 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बची हुई श्रृंखला से बाहर हो गये थे, उन्होंने पर्थ में टेस्ट पदार्पण में 128 रन देकर पांच विकेट झटके थे।

तीन टी-20 मैचों की सीरीज 11 जनवरी से अफगानिस्तान के साथ

चोटिल सूर्या अफगानिस्तान सीरीज से बाहर हो सकते हैं

मुंबई (एजेंसी)। अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से 3 टी-20 की घरेलू सीरीज शुरू हो रही है। इसमें चोटिल सूर्यकुमार यादव नहीं खेलेंगे। सूर्यकुमार साउथ अफ्रीका दौरे पर टखने में चोट लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अफगानिस्तान सीरीज में उनके चोट से उबरने भी संभावना कम है। सूर्यकुमार बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैब कर रहे हैं। वहीं वर्ल्ड कप में चोटिल होकर बाहर हुए हार्दिक के खेलने पर भी संशय है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हार्दिक अभी चोट से नहीं उबरे है और वे आईपीएल से भी बाहर हो सकते है। ईशान किशन सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जानी है - अफगानिस्तान के खिलाफ भारत को जनवरी में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टी- 20 मैच 11 जनवरी को मोहाली में खेला जाना है। दूसरा टी-20 14 जनवरी को इंदौर और तीसरा टी-20 मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेला जाना है।



साउथ अफ्रीका दौरे पर तीसरे टी-20 में हुए थे चोटिल - सूर्या साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। उनके ग्राउंड से बाहर जाने के बाद उप कप्तान रवींद्र जडेजा ने टीम की कप्तानी संभाली थी। इस मैच में सूर्या ने टी-20 का अपना चौथा शतक जड़ा था, जिसकी बदौलत भारत ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में बराबरी की थी। पहला टी-20 मैच बारिश की वजह से नहीं हो पाया था, जबकि दूसरा टी-20 मैच साउथ अफ्रीका ने जीता था।

सूर्या का पिछले हफ्ते साउथ अफ्रीका से लौटने पर स्कैन हुआ था जिसमें पता चला कि उनके टखने में चोट है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो सूर्या फरवरी के पहले सप्ताह तक फिट हो जाएंगे। उम्मीद है कि सूर्या आईपीएल से पहले फरवरी में होने वाले घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी में खेलकर अपनी फिटनेस साबित करेंगे। सूर्या का पिछले हफ्ते साउथ अफ्रीका से लौटने पर स्कैन हुआ था जिसमें, पता चला कि उनके टखने में चोट है।

सूर्या की कप्तानी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया - साउथ अफ्रीका दौरे से पहले और वनडे वर्ल्ड कप के बाद सूर्या ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी करते हुए भारत को सीरीज को सीरीज में जीत दिलाई थी।

हार्दिक पंड्या के खेलने पर भी संशय - हार्दिक वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को पुणे में खेले गए मैच में चोटिल हो गए थे।मैच के 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर उनका टखना मुड़ गया था। वह क्रीज पर ही बैठ गए थे। चोट ज्यादा होने की वजह से वे बाकी का मैच खेल नहीं पाए थे। उनका ओवर भी विराट कोहली ने पूरा किया था। मीडिया सूत्रों के मुताबिक बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि हार्दिक के भी अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले ठीक होने की संभावना कम है। हालांकि, उनके चोट को लेकर बीसीसीआई की ओर से अभी आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। हार्दिक पंड्या 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप के खेले गए मैच में चोटिल हो गए थे।

जितेश शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ विकेटकीपिंग करेंगे - साउथ अफ्रीका दौरे को बीच में निजी कारणों से छोड़ने वाले विकेटकीपर ईशान किशन के भी अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर रहने की संभावना है। साउथ अफ्रीका दौरे पर ईशान टी-20 और टेस्ट टीम का हिस्सा थे। ईशान ने टी-20 के बाद निजी कारणों से दो टेस्ट मैचों की सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था। माना जा रहा है कि ईशान एक साल से टीम के साथ घर से बाहर रहे हैं। ऐसे में वह कुछ दिनों क्रिकेट से दूर रहकर अपने को मानसिक रूप से मजबूत करना चाह रहे हैं। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ जितेश शर्मा टी-20 सीरीज में टीम में शामिल हो सकते हैं।

बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को 98 रन पर किया ऑलआउट

तीसरे वनडे मैच में 9 विकेट से हराया

नेपियर (एजेंसी)। नेपियर में खेले गए तीसरे वनडे मैच में बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को 98 रन पर आउट किया। इस मैच को बांग्लादेश ने 9 विकेट से जीत लिया। तीन वनडे मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड ने पहले ही दो मुकाबलों को जीतकर सीरीज पर अपना कब्जा जमा चुकी है। तीसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम 98 रन पर आउट हो गई, फिर बांग्लादेश ने 1 विकेट खोकर 31.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

न्यूजीलैंड के चार बैटर ही पार कर सके दहाई का आंकड़ा - टॉस हार कर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की ओर से केवल चार बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर पाए, जिनमें ओपनर विल यंग ने 26 रन, कप्तान टॉम लैथम ने 21 रन, जोश क्लार्कसन ने 16 रन और आदित्य अशोक ने 10 रन बनाए। न्यूजीलैंड को पहला झटका 16 रन पर ही लग गया था।

शोरिफुल, तंजिम और सौम्य ने लिए 3-3 विकेट

बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम ने 7 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए, तंजिम हसन शाकिब ने 7 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट और सौम्य सरकार ने 6 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए।

नजमुल हुसैन शांतो ने खेली अर्धशतकीय पारी

बांग्लादेश के कैप्टन नजमुल हुसैन शांतो ने 42 गेंदों पर 51 रन बनाए। इनके अलावा अनामुल हक ने 33 गेंदों पर 37 रन बनाए।

गौतम गंभीर ने विराट को लेकर कहा

'कोहली से मेरी लड़ाई सिर्फ....मैदान पर है'

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर अक्सर अपने बयान से सुर्खियां बटोरने का काम करते रहते हैं। गौतम गंभीर और विराट कोहली के बीच मैदान पर कई बार झड़प देखने को मिलती रही है। पिछले सीजन आईपीएल के दौरान भी गौतम गंभीर और विराट कोहली एक दूसरे से भिड़ गए थे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। गंभीर ने की कोहली की तारीफविराट कोहली को लेकर गौतम गंभीर ने हाल ही में कुछ ऐसा कहा जिसे सुनकर फैंस खुश हो जाएंगे। दरअसल, गौतम गंभीर और विराट कोहली के बीच विवाद लंबे समय से है। गौतम गंभीर को कई बार विराट कोहली के फैंस ने स्टेडियम में हुटिंग भी की है। ऐसे में गौतम गंभीर ने विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। गौतम गंभीर ने कोहली की तारीफ की है। लड़ाई सिर्फ मैदान पर- भारतीय टीम के रन मशीन विराट कोहली की तारीफ करते हुए गौतम गंभीर से जब एक सवाल किया गया तो उन्होंने दिल जीतने वाला जवाब दिया। गौतम गंभीर ने कहा कि लड़ाई सिर्फ मैदान पर....। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गौतम गंभीर ने विराट कोहली दुनिया का बेहतरीन बल्लेबाज बताया। गंभीर ने दिया दिल जीतने वाला जवाब- गौतम गंभीर से पूछा गया कि विराट ने वनडे में अपनी जो 50वीं सेंचुरी लगाई थी वह किस गेंदबाज के खिलाफ पूरी की गई थी? इस सवाल का जवाब देते हुए गौतम गंभीर ने कहा लॉकी फॉर्गयूश्न, उन्होंने आगे कहा कि यह वीडियो आप बार-बार दिखाना कि मुझे सब याद रहता है लड़ाई मेरी सिर्फ मैदान पर है।

आईपीएल 2024 में रोहित शर्मा फिर करेंगे कप्तानी !

हार्दिक पंड्या चोटिलसमुंबई इंडियंस से हुई बड़ी गलती

मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस की टीम ने एक बड़ा बदलाव किया है। आने वाले सीजन के लिए मुंबई इंडियंस ने टीम का कप्तान हार्दिक पंड्या को घोषित किया। मुंबई इंडियंस की टीम ने हार्दिक पंड्या को गुजरात टाइटंस से 15 करोड रुपये में ट्रेड किया और उसके बाद उन्हें टीम का कप्तान घोषित कर दिया। मुंबई के इस फैसले से टीम के फैंस खुश नहीं हैं।

पंड्या को लगी थी चोट- वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान हार्दिक पंड्या चोटिल हो गए थे। चोटिल होने के बाद हार्दिक पंड्या पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में हार्दिक पंड्या के बाहर होने के बाद भारतीय टीम को एक ऑलराउंडर खिलाड़ी की कमी खली थी। वर्ल्ड कप के बाद से हार्दिक पंड्या अब तक मैदान पर वापसी नहीं कर सके हैं। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ भी हार्दिक पंड्या टीम से बाहर ही थे।

हेल्थ पर मिली बड़ी अपडेट- मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बीसीसीआई के एक सोर्स ने हार्दिक पंड्या की हेल्थ को लेकर बड़ी अपडेट दी है। रिपोर्ट के मुताबिक हार्दिक पंड्या अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। ऐसे में साल 2024 में होने वाले आईपीएल के दौरान उनके खेलने पर भी सस्पेंस बना हुआ है। अगर ऐसा होता है तो हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस की तरफ से नहीं खेल पाएंगे। हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाए जाने के बाद से ही मुंबई इंडियंस के फैंस बेहद निराश थे। रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस को अपनी कप्तानी में पांच बार चैंपियन बनाया है। ऐसे में उन्हें कप्तानी से हटाए जाने के फैसले को फैंस नहीं पचा पा रहे हैं।

अगर हार्दिक पंड्या चोट की वजह से आईपीएल में हिस्सा नहीं लेते हैं तो ऐसे में रोहित शर्मा एक बार फिर से टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2024 खेल सकती है। मुंबई इंडियंस में चल रहे इन दिनों बदलाव को देखकर क्रिकेट फैंस भी बेहद कंफ्यूज है। मुंबई इंडियंस की टीम में काफी गोलमाल देखा जा रहा है।

गगनजीत भुल्लर ने 2 शॉट की बढ़त बनाई

जमशेदपुर (एजेंसी)। भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने शुक्रवार को यहां तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर दो शॉट की बढ़त हासिल की। भुल्लर ने पहले दौर में 64 का कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर 14 अंडर 130 का है। राहिल गंगजी ने 10 अंडर 62 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे वह 21 पायदान के फायदे से 12 अंडर 132 के कुल स्कोर स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गये। अंगद चीमा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं, उन्होंने लगातार दूसरे दिन 66 का कार्ड खेला।

इंडिया ए में ऋतुराज की जगह अभिमन्यु ईश्वरन को टीम में मिली जगह

नईदिल्ली (एजेंसी)। ऋतुराज गायकवाड़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में 26 दिसंबर से शुरू होने वाले दो टेस्ट मैचों से बाहर कर दिया गया है। पुरुष चयन समिति ने उनके रिप्लेसमेंट के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को टीम में शामिल किया है। चोट के कारण बाहर हुए ऋतुराज ऋतुराज गायकवाड़ उंगली की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं, बीसीसीआई ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गकेबरहा में दूसरे वनडे मैच में फील्डिंग करते समय उनकी दाहिनी उंगली में चोट लग गई थी। बीसीसीआई के बयान के अनुसार, गायकवाड़ का स्कैन किया गया और विशेषज्ञ परामर्श के बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम ने उन्हें शेष दौरे से बाहर कर दिया है। वह अब एनसीए को रिपोर्ट करेंगे। 26 दिसंबर से शुरू होगी सीरीज पुरुष चयन समिति ने उनके रिप्लेसमेंट के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को टीम में शामिल किया है। टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में शुरू होगी।

हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर इसके अलावा तेज गेंदबाज हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ 26 दिसंबर से बेनोनी के विलोमूर पार्क में शुरू होने वाले चार दिवसीय मैच से बाहर हो गए हैं। चयन समिति ने रजत पाटीदार, सरफराज खान, आवेश खान और रिंकू सिंह को भारत ए की टीम में शामिल किया है, जबकि कुलदीप यादव को टीम से बाहर कर दिया गया है।

भारत की अपडेट टेस्ट टीम रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अभिमन्यु ईश्वरन, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद। सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रित बुमराह (वीसी), प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर)।

भारत ए की अपडेट टीम- अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, अवेश खान, नवदीप सैनी, आकाश दीप, विधाथ कवरप्पा, मानव सुथार, रिंकू सिंह।

मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब और 2023 की 5वीं ट्राफी जीती

जेद्दा (सऊदी अरब) (एजेंसी)। मैनचेस्टर सिटी ने शुक्रवार को यहां क्लब विश्व कप फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 में पांचवां खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर सिटी ने महज 40 सेकेंड के अंदर ही बढ़त बना ली थी जब जूलियन अल्वारेज ने गोल दागा। फ्लूमिनेसे के कप्तान निनो के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से मैनचेस्टर सिटी की बढ़त दोगुनी हो गई और फिर फिल फोडेन ने 72वें मिनट में टीम का तीसरा गोल किया। अल्वारोज ने 88वें मिनट में अपने दूसरे गोल से मैनचेस्टर सिटी को 4-0 पर ला दिया। इससे मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब अपनी झोली में डाला और उसने यूरोप को फीफा की इस क्लब प्रतियोगिता के 17 चरण में 16वीं ट्राफी दिलाई। मैनचेस्टर सिटी इस साल एफए कप, प्रीमियर लीग, चैम्पियंस लीग और सुपर कप खिताब जीत चुका है। पेप गुआर्डियोला इस जीत से तीन विभिन्न टीमों के साथ क्ल विश्व कप जीतने वाले पहले कोच बन गए। उन्होंने बार्सिलोना को 2009 और 2011 में यह खिताब दिलाया था। फिर 2013 में बायर्न म्यूनिख को भी यह ट्राफी दिलाई थी। गुआर्डियोला ने शांति से इस जीत का जश्न मनाया, वह फ्लूमिनेसे के कोच फर्नांडो डिनिज को सांत्वना देने पहुंचे, उनसे हाथ मिलाया और उनके कंधों पर हाथ रखा। फिर वह फेलिपो मेलो के साथ गले मिलते और मुस्कुराते दिखे।

संक्षिप्त समाचार

महिलाएं जो चाहें पहनें, कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने कर दिया हिजाब बैन हटाने का ऐलान

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने ऐलान कर दिया है कि जल्द ही हिजाब पर लगाया गया प्रतिबंध हटाया जाएगा। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने खुद इसका ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिलाएं जो चाहें पहन सकती हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर ऐलान करते हुए कहा कि भाजपा पहनावे और जाति के आधार पर समाज को बांटना चाहती है। लेकिन मैंने हिजाब बैन को वापस लेना का ऐलान किया है। इससे पहले मैसूर में एक सभा को संबोधित करते हुए भी सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि अब हिजाप पर कोई प्रतिबंध नहीं है। महिलाएं जो चाहें पहन सकती हैं। उन्होंने कहा, मैंने प्रतिबंध को हटाने कानिर्देश दिया है। आप क्या खाना पसंद करते हैं या फिर क्या पहनना पसंद करते हैं। यह आपका मामला है। मैं इसमें क्यों रुकावट पैदा करूं सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य में लोग अपनी इच्छा से कपड़ने पहनने और खाने के लिए स्वतंत्र हैं। बता दें कि साल 2022 में बीजेपी की बोम्मई सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद छात्राओं ने प्रद्र्शन शुरू किया। बाद में कर्नाटक हाई कोर्ट ने भी इस प्रतिबंध को बरकरार रखा और कहा कि इस्लाम में हिजाब को जरूरी नहीं बताया गया है। कोर्ट ने कहा था कि शैक्षणिक संस्थानों में यूनीफॉर्म कोड का पालन किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा। शीर्ष न्यायालय में एक जज ने कहा था कि राज्य सरकार के पास यह अधिकार है कि वह स्कूलों में ड्रेस कोड लागू कर सके। वहीं दूसरे जज ने कहा था कि पहनावा पसंद का मामला है।

दिल्ली की सड़कों पर काल बनकर दौड़ रहीं डीटीसी-क्लस्टर बसें, 5 साल में ली 278 की जान

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रही डीटीसी और क्लस्टर बसों से लगातार हादसे हो रहे है। कई बार हम देखते हैं कि तेज गति के कारण बस बेकाबू होकर बड़े हादसे का कारण बन जाती हैं। आंकड़े भी बता रहे हैं कि बसों से लगातार हादसे हो रहे हैं। बीते पांच से छह वर्षों के अंदर बसों से 812 हादसे हुए हैं, जिसमें 278 लोगों की जान गई। बीते दिनों दिल्ली विधान सभा में एक सवाल के जवाब में यह आंकड़े सरकार के तरफ से रखे गए। हादसों को रोकने की दिशा में सरकार और परिवहन विभाग की तरफ से कई अहम कदम भी उठाए जा रहे है। परिवहन विभाग का कहना है कि एक अप्रैल 2022 से बस लेन ड्राइव को अनिवार्य किया गया, जिसके तहत बस लेन ड्राइविंग पर नजर रखने के लिए राजधानी में 100 टीमें भी तैनात की गई लेकिन अक्सर देखा गया है कि चुनिंदा सड़कों पर बस लेन ड्राइविंग का पालन होता है, लेकिन बाहरी दिल्ली में मुख्य लेन पर बसें दौड़ती मिल जाएगी। बस लेन ड्राइव के तहत परिवहन विभाग ने राजधानी की तरफ 74 सड़कों पर करीब छह सौ किलोमीटर लंबे हिस्से को बस लेन ड्राइव के तौर पर चिन्हित किया गया। इसमें तय किया गया कि बसें डिवाइडर की साइड वाली लेन में न चलकर फुटपाथ वाली साइड में चलेंगी, जिससे कि बस स्टॉपेज पर बस को रोकने में आसानी हो। क्योंकि कई बार देखा गया कि हादसे के पीछे की एक वजह यह भी थी कि अचानक से बस डिवाइड किनारे की लेन से बस स्टॉपेज पर रुकने के लिए फुटपाथ किनारे की लेन में आती थी, जिसके वजह से हादसे होते थे। इसके साथ ही विभाग ने 5490 बस चालकों के चालान भी काटे हैं लेकिन उसके बाद भी सड़क हादसों में कोई व्यापक सुधार नहीं आता है। उल्टे डीटीसी बसों से होने वाले हादसे वर्ष 2021 की तुलना में 2022 में काफी बढ़ गए। 2021 में 84 बस हादसे हुए जबकि वर्ष 2022 में 120 सड़क हादसे हुए।

खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी 121वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है--चौधरी चरण सिंह. किसान संघर्ष के साथी और पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय चौधरी चरण सिंह जी को उनकी 121वीं जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। खड़गे ने कहा, किसान ही भारत हैं। देश के सभी किसानों को सादर प्रणाम। सभी किसान बहनों, भाइयों और खेतिहर मजदूरों को किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। चौधरी चरण सिंह ने 28 जुलाई, 1979 और 14 जनवरी, 1980 के बीच भारत के पांचवें प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया।

गाजियाबाद से 50 मिनट में जेवर पहुंचेगी रैपिड रेल, यूपी सरकार का आरआरटीएस नेटवर्क से जोड़ने का प्लान

नईदिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश सरकार जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को आरआरटीएस (रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम) से जोड़ने जा रही है। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहर जैसे मेरठ, मोदीनगर, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा आदि जेवर एयरपोर्ट से जुड़ जाएंगे। यह कॉरिडोर जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली एवं आईजीआई एयरपोर्ट से भी तीव्र गति से जोड़ेगा। योजना के अनुसार, यात्री इस कॉरिडोर के माध्यम से गाजियाबाद से 50 मिनट में, मेरठ से 85 मिनट में और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई)से मात्र 80 मिनट में जेवर एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम, उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, एनएचएआई और प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी पर बैठक कर जरूरी निर्देश दिए थे । इस दौरान उन्होंने जेवर एयरपोर्ट को आईजीआई से कनेक्ट किए जाने पर जोर दिया था।

12 हजार करोड़ खर्च होने का अनुमान ~प्रस्तावित परियोजना के लिए केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही बैंकों से भी आर्थिक मदद ली जाएगी। सिर्फ आरआरटीएस के लिए केंद्र सरकार द्वारा 1804 करोड़ उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार 2581 करोड़ रुपए देगी। वहीं, मल्टीलेटरल, बायलेटरल बैंकों द्वारा आर्थिक मदद के रूप में 5413 करोड़ रुपये मिलेंगे। इस तरह सिर्फ आरआरटीएस पर करीब 10 हजार करोड़ खर्च किया जाएगा। वहीं आरआरटीएस और मेट्रो दोनों पर 12 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च होगी। इसमें भारत सरकार 2225 करोड़, उत्तर प्रदेश सरकार 3132 करोड़ और बैंकों द्वारा 6675 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद करेंगे।

30 एकड़ भूखंड का किराया सिर्फ 600 रुपये, स्मृति ईरानी का गांधी परिवार पर जमीन हड़पने का आरोप

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गांधी परिवार पर अमेठी के किसानों के साथ छल करने और औद्योगिकीकरण के नाम पर उनकी जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। 2019 से पहले गांधी परिवार और कांग्रेस का गढ़ रहे अमेठी की बीजेपी सांसद ईरानी ने कहा कि गांधी परिवार ने वहां औद्योगिकीकरण का सपना दिखाकर किसानों की 30 एकड़ जमीन सिर्फ 600 रुपये किराए पर हथिया ली है। ईरानी ने एएनआई की स्मिता प्रकाश से पॉडकास्ट में ये बातें कही हैं। ईरानी ने कहा, मुझे लोगों को यह बताने में थोड़ा समय लगा लेकिन मुझ पर विश्वास करें। वास्तविकता में गांधी परिवार द्वारा अमेठी में लोगों की

जमीन हड़पी जा रही थी। मैंने संसद में भी यह कहा है। 600 रुपये में 30 एकड़ जमीन किराए पर ली गई है। गांधी परिवार ने वहां अपने लिए एक अच्छा, सुंदर कॉम्प्लेक्स बनाया है। ईरानी ने कहा, यह एक विदेशी विचार था कि एक फाउंडेशन के प्रमुख - सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा - को अमेठी में किसानों की जमीन हड़पने का बहुमत प्राप्त है। उन्होंने वहां औद्योगिकीकरण के नाम पर जमीन ली है। लोकसभा चुनावों से कुछ महीने पहले केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आरोप लगाया कि एक भूखंड, जिसका उपयोग अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए किया जाना था, उसे भी गांधी परिवार ने एक कार्यालय के लिए हड़प लिया। ईरानी ने दावा किया, जो लड़कियां गांधी परिवार के खिलाफ गईं और उनके खिलाफ धरना दिया, उन्हें जेल में डाल दिया गया। बता दें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी अमेठी में राहुल गांधी से हार गई थीं लेकिन 2019 में उन्होंने गांधी परिवार का गढ़ रहे इस संसदीय सीट को अपनी झोली में कर लिया। 47 वर्षीय ईरानी नरेंद्र मोदी कैबिनेट में सबसे युवा मंत्री हैं। पॉडकास्ट के दौरान, स्मृति ईरानी ने अपने शुरुआती जीवन पर भी प्रकाश डाला और बताया कि कैसे उन्होंने टाटा स्कॉलरशिप हासिल की थी।

बीजेपी ने 2024 चुनाव में 350 प्लस लोकसभा सीटों का रखा लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी। नरेंद्र मोदी सरकार केंद्र में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने के लिए तैयार है, जबकि अगले साल मई में होने वाले आम चुनावों में पार्टी ने 350 से अधिक लोकसभा सीटों का लक्ष्य रखा है। साल 2024 भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि पार्टी पंचायत स्तर पर चुनाव जीतने से लेकर संसद की ओर कदम बढ़ाते हुए सत्ता को मजबूत करना चाहती है।

भाजपा ने केवल 2024 का आम चुनाव जीतकर केंद्र में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना चाहती है, बल्कि इससे यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि भारत की जनता ने स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार में अपना विश्वास जताया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तीसरा कार्यकाल हासिल कर बीजेपी के केंद्र की सत्ता में वापस आने के बाद, भगवा पार्टी देश के पहले प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता जवाहरलाल नेहरू के पीएम बनने की बराबरी कर देश में एक नया रिकॉर्ड बनाएगी। 1947 में भारत की आजादी के बाद नेहरू लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीते थे । 2024 में सत्ता में वापस आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस रिकॉर्ड की भी बराबरी कर लेंगे।

2019 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर करीब 38 फीसदी वोट हासिल कर 303 सीटें जीतने वाली बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 350 प्लस सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पार्टी कई मोर्चों पर एक साथ काम कर रही है। अगर बीजेपी अकेले 350 प्लस सीटों का लक्ष्य हासिल कर लेती है, तो एनडीए सहयोगियों के साथ मिलकर आगामी आम चुनाव में उसकी सीटों की संख्या 400 के आसपास पहुंच जाएगी।

केंद्र में लगातार तीसरी बार अपनी सरकार बनाने के लिए बीजेपी ने एक साल से अधिक समय पहले 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी थी। एक तरफ पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव में मिली 303 सीटों पर पूरा फोकस कर रही है, वहीं दूसरी तरफ देश की 160 कमजोर सीटों पर भी खास तैयारी कर रही है।

इन 160 लोकसभा सीटों में सोनिया गांधी की रायबरेली, अखिलेश यादव के परिवार का गढ़ मैनपुरी, शरद पवार के परिवार का गढ़ बारामती के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत की वे सीटें शामिल हैं जहां पार्टी 2019 लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाई थी। इन 160 लोकसभा सीटों पर फोकस करते हुए भगवा पार्टी लंबे समय से अपने दिग्गज मंत्रियों और नेताओं को इन संसदीय क्षेत्रों में तैनात कर लोकसभा प्रवास योजना अभियान चला रही है। इन सभी 160 लोकसभा क्षेत्रों में प्रत्येक विधानसभा सीट पर स्थानीय पार्टी नेताओं को तैनात करने का भी निर्णय लिया गया है।

नए साल में बदलेगा आईजीआई एयरपोर्ट का नजारा; मिलेंगी ऐसी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

नईदिल्ली, एजेंसी। वर्ष 2023 खत्म होने में चंद दिन बचे हैं। नए वर्ष में दिल्ली-एनसीआर को संवारने वाली कई परियोजनाएं पूरी होंगी। 2024 में होने वाले अहम बदलावों की हम आपको जानकारी देने जा रहे हैं। पहली कड़ी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (आईजीआई एयरपोर्ट) पर यात्रियों को मिलने जा रही नई सुविधाओं से रूबरू कराएंगे।

यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर वर्ल्ड क्लास सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, अब केवल सजावट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि जनवरी तक इसे पूरी तरह से तैयार कर लिया जाएगा। फरवरी में टर्मिनल-1 को यात्रियों के लिए खोलने की उम्मीद है। इसके खुलने से टर्मिनल-2 की अधिकांश घरेलू उड़ानों को टर्मिनल-1 पर स्थानांतरित किया जाएगा।

डायल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 का भी पुनर्विकास करेगा। वर्ष 2024 में टर्मिनल-2 पर पुनर्विकास कार्य शुरू होगा और इसे विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला टर्मिनल बनाया जाएगा। पुनर्विकास के बाद इसे टर्मिनल दो नहीं, बल्कि 4 नंबर से जाना जाएगा। देशभर में हवाई यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया जाएगा। एयरपोर्ट पर पड़ोसी राज्यों से आने वाले यात्रियों के लिए अंतर्राज्यीय बस अड्डा 2024 में तैयार हो जाएगा। यहां पर राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, यूपी की बसें आएंगी। एयरोसिटी में बनने वाले बस अड्डे पर भी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। डीएमआरसी एयरपोर्ट यात्रियों के लिए सिल्वर मेट्रो लाइन बना रहा है, जो तुगलकाबाद से एयरोसिटी तक जाएगी। यह लाइन वर्ष 2025 में तैयार हो जाएगी, लेकिन इसका कुछ हिस्सा वर्ष 2024 में ही यात्रियों के लिए खुलने की उम्मीद है। वहीं, आईजीआई एयरपोर्ट पर चोरी की घटनाएं रोकने में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।

आलोचना के बीच जापानी सरकार ने हथियारों के निर्यात पर प्रतिबंध दी ढील

टोक्यो , एजेंसी। जापान सरकार ने लाइसेंस के तहत निर्मित हथियारों और गोला-बारूद को विदेशी कंपनियों से उनके देशों में और सशर्त तीसरे देशों में निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया है। विवादास्पद परिवर्तन रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण पर संशोधित तीन सिद्धांतों और कार्यान्वयन दिशानिर्देशों के तहत लाया गया था। संशोधित दस्तावेज़ के तहत, सरकार विदेशी लाइसेंस के तहत जापान में बने हथियारों को, पूर्ण उत्पादों और घटकों सहित, उस देश में भेजने की अनुमति देती है जहां लाइसेंसकर्ता स्थित है।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले नियमों के तहत जापान केवल हथियारों के घटकों का निर्यात कर सकता था और पूर्ण उत्पादों को वितरित करने से प्रतिबंधित था। स्थानीय मीडिया आउटलेट्स के अनुसार, संशोधन के मद्देनजर, देश अब इस तरह की पहली खेप के लिए पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों को अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहा है। जिजी प्रेस ने शुक्रवार को बताया कि जापान के सत्तारूढ़ गठबंधन के कनिष्ठ सदस्य कोमिटो के विरोध के कारण इस बार तैयार उत्पादों के हस्तांतरण को शामिल नहीं किया गया। जापानी सरकार ने पिछले साल के अंत में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सहित तीन सुरक्षा और रक्षा-संबंधित दस्तावेजों को अद्यतन करने का निर्णय लिया, जो व्यापक विरोध के बावजूद युद्ध के बाद की सुरक्षा नीतियों में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। जापानी अखबार असाही शिंबुन ने पहले एक संपादकीय में आलोचना की थी कि हथियार निर्यात के संबंध में जापान के बुनियादी नीति सिद्धांतों में अंतर्निहित मूल दर्शन यह है कि एक ऐसे राष्ट्र के रूप में जिसका संविधान शांतिवाद को कायम रखता है, उसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष को बढ़ावा देने वाले हथियारों का निर्यात नहीं करना चाहिए। इसमें कहा गया है, सरकार को घातक हथियारों के निर्यात का दरवाजा खोलने के लिए इन सिद्धांतों को धीरे-धीरे नष्ट नहीं होने देना चाहिए।

पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय की मस्जिद में तोड़फोड़

पुलिस ने 67 साल पुराने धार्मिक स्थल की मीनारें तोड़ीं ; इस साल 42 मस्जिदें तबाह

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब में शुक्रवार को अहमदिया समुदाय के एक 67 साल पुराने धार्मिक स्थल की मीनारों और गुंबद को तोड़ दिया गया। जमात-ए-अहमदिया के एक अधिकारी आमिर महमूद ने इसकी जानकारी जानकारी दी। लाहौर से करीब 130 किमी दूरी पर मौजूद फैसलाबाद में पुलिस अधिकारियों ने मीनारों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही उसका मलबा भी उठा ले गए। एक वीडियो भी सामने आया हैं। महमूद ने कहा- इस स्थल को 1956 में बनाया गया था। पिछले साल से कट्टरपंथी इस्लामी इसे ढहाने की लगातार धमकी दे रहे थे। उनके मुताबिक, इस साल अब तक करीब

42 अहमदिया स्थलों को अपवित्र किया जा चुका है। इनमें से ज्यादातर घटनाएं पंजाब में हुईं। अहमदिया खुद को मुस्लिम मानते हैं, लेकिन पाकिस्तान की संसद ने 1974 में समुदाय को गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया था। इसके करीब एक दशक बाद, अहमदियों के खुद को मुस्लिम कहने या इस धर्म से जुड़ी किसी भी चीज का पालन करने पर बैन लगा दिया। इसमें कुरान की आयतें लिखना, मस्जिद या गुंबद वाले धार्मिक स्थल बनाना जैसी बातें शामिल थीं। लाहौर हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक, 1984 में जारी अध्यादेश से पहले बनाए गए अहमदिया पूजा स्थल वैध हैं और इसलिए उन्हें गिराया नहीं जाना चाहिए। अहमदियों के ज्यादातर धार्मिक स्थलों पर तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के कार्यकर्ताओं ने ध्वस्त किया है। ञ्जरूक्कका मानना है कि अहमदियों के स्थल मस्जि जैसे ही होते हैं। उनमें भी गुम्बद रहता है। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान की शुरुआत खादिम हुसैन रिजवी ने 2017 में की थी। खादिम हुसैन रिजवी धार्मिक विभाग के कर्मचारी थे और लाहौर की एक मस्जिद के मौलवी थे। 2011 में जब पंजाब पुलिस के गार्ड मुमताज कादरी ने गवर्नर सलमान तासीर की हत्या कर दी थी, तब उन्होंने मुमताज कादरी का खुलकर समर्थन किया। इसके बाद उन्हें पंजाब के धार्मिक विभाग की नौकरी से निकाल दिया गया। साल 1974 में पाकिस्तान में दंगे भड़क गए थे। इसमें अहमदिया समुदाय के करीब 27 लोगों की हत्या हो गई थी। इस घटना के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने अहमदिया मुसलमानों को 'नॉन-मुस्लिम माइनॉरिटी% बता दिया था।

उस समय इसका अहमदिया समुदाय के लोगों ने खूब विरोध किया था।

303 भारतीयों वाला चार्टर्ड विमान फ्रांस ने रोका, मानव तस्करी का अंदेशा

पेरिस, रायटर। फ्रांस ने 303 भारतीयों को लेकर निकारागुआ जा रहा एक चार्टर्ड विमान रोक लिया है और यात्रा की स्थितियों एवं उद्देश्यों की जांच शुरू कर दी है। जांचकर्ताओं को विमान के जरिये मानव तस्करी का अंदेशा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। पेरिस के लोक अभियोजक कार्यालय ने बताया कि संगठित अपराध के मामलों से जुड़ी विशेषज्ञ यूनिट, सीमा पुलिस और विमानन से जुड़ी एजेंसी इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने पूछताछ के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही विमान यात्रियों से भी पूछताछ की जा रही है। बताते हैं कि किसी अज्ञात मुखबिर ने इस बाबत जानकारी दी थी। यह विमान (ए-340) रोमानिया की चार्टर कंपनी लीजेंड एयरलाइंस का है। वह दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) से रवाना हुआ था और तकनीकी ठहराव (ईंधन भरने) के लिए गुरुवार दोपहर वैट्री एयरपोर्ट पर उतरा था। यह एयरपोर्ट पेरिस से 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है और ज्यादातर सस्ती विमान सेवाओं के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस ने पूरे एयरपोर्ट की घेरेबंदी कर दी है। संयुक्त अरब अमीरात में ही काम करते हैं। विमान यात्रियों को पहले विमान में ही रखा गया था, लेकिन बाद में उन्हें टर्मिनल बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया। कार्यालय ने बताया कि विमान यात्रियों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए वैट्री एयरपोर्ट पर रिसेप्शन हाल को अलग-अलग बिस्तरों वाले एक प्रतीक्षा क्षेत्र में बदल दिया गया है। एयरलाइंस ने इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

2024 को होने वाले आगामी आम चुनावों की दौड़ से बाहर हो सकते हैं इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान 8 फरवरी 2024 को होने वाले आगामी आम चुनावों की दौड़ से बाहर हो सकते हैं। वह वर्तमान में भ्रष्टाचार से लेकर देशद्रोह तक के गंभीर आरोपों के साथ बड़ी कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। 10 अप्रैल 2022 को विपक्षी गठबंधन द्वारा अविश्वास मत के माध्यम से सत्ता से बेदखल किए गए इमरान खान ने देश के सैन्य प्रतिष्ठान और अपने राजनीतिक विरोध के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और देश के सबसे लोकप्रिय नेता बन गए।

वह वर्तमान में जेल में हैं और प्रमुख कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। साथ ही 9 मई को देशभर में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर

किए गए दंगों के कारण उनकी राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पूरी तरह से खत्म हो गई। इमरान खान को अभी भी उनके समर्थक बहुत पसंद करते हैं, जो उनके खिलाफ सभी आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताते हैं।

अब पाकिस्तान में जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसा लगता है कि इस चुनाव में इमरान खान भी दावेदारी में नहीं दिखेंगे, जिससे कमजोर मतदान भी हो सकता है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा, यदि इमरान खान अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे और लोगों के बीच उन्हें अभी भी बहुमत का समर्थन प्राप्त है, तो पूरी चुनाव प्रक्रिया, इसकी विश्वसनीयता पर चिंताओं और सवालों से घिरी रहेगी।

दरअसल, इमरान खान अभी भी सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उनके निष्कासन का असर चुनावों में बहुत कम मतदान के माध्यम से पड़ेगा, जिसका मतलब यह भी होगा कि अगली निर्वाचित सरकार लोगों की पसंद की प्रतिनिधि नहीं होगी। इमरान खान के बिना चुनाव में कमजोर मतदान होने का कारण गैलप (जीएएलएलयूपी) के हालिया सर्वे से भी स्थापित किया जा सकता है, जिसमें पता चला है कि अगर इमरान खान पीटीआई के अध्यक्ष नहीं होते तो पीटीआई के कम से कम 63 प्रतिशत मतदाता अपना वोट नहीं डालते। गैलप ने अपने सर्वे में पूछा, यदि इमरान खान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष नहीं होंगे, लेकिन, पार्टी अभी भी चुनाव में खड़ी है।

भारत के साथ लॉन्ग-टर्म ऊर्जा समझौता मील का पत्थर साबित होगा : नेपाल पीएम

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहा कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की आगामी यात्रा के दौरान नेपाल और भारत के बीच हस्ताक्षरित होने वाला दीर्घकालिक ऊर्जा समझौता एक मील का पत्थर साबित होगा। मई-जून में पुष्प कमल दहल की भारत यात्रा के दौरान, दोनों देश एक दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर करने पर सहमत हुए थे, जिसके तहत भारत 10 वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा। हालांकि, उस समय औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके थे। अब, दोनों देशों ने दीर्घकालिक अंतर-सरकारी ऊर्जा व्यापार समझौते को औपचारिक रूप दे दिया है, जिस पर जयशंकर की नेपाल यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। नेपाली पीएम दहल ने शुक्रवार को दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा सबस्टेशन का उद्घाटन करते हुए कहा, जल्द ही हम भारत के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य भारत को बिजली निर्यात करना है। काठमांडू में हस्ताक्षर किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए वरिष्ठ भारतीय अधिकारी भी काठमांडू पहुंच रहे हैं। 25 साल के दीर्घकालिक समझौते की शुरुआत तब हुई जब दहल ने 31 मई से 3 जून के बीच भारत दौरा किया था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दहल के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान घोषणा की थी कि पड़ोसी दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौते के तहत नेपाल से 10 वर्षों में 10,000 मेगावाट बिजली खरीदेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129